निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, शुक्रवार 12 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 26 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नयी दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में शामिल होते झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन






## हादसे में दंपति और तीन बच्चों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिमडेगा।** झारखंड के सिमडेगा जिले में एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। मरने वालों में पति-पत्नी और उनके तीन बच्चे शामिल हैं। हादसा जिले के अघरमा के पास हुआ जहां एक स्कॉर्पियो गाड़ी बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक एक परिवार स्कॉर्पियो में सवार होकर लोहरदगा से लसिया की ओर जा रहा था। इसी दौरान अघरमा के पास गाड़ी बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर की आवाज सुनकर आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव का काम शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला गया। हालांकि इस हादसे में एक दंपति और उनके तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक बच्चा, दो महिलाएं और एक पुरुष समेत चार अन्य घायल हैं। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। डॉक्टर घायलों की हालत पर लगातार नजर रख रहे हैं। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग के इमरजेंसी इंतजामों पर भी सवाल उठ रहे हैं। गांववालों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची जिससे घायलों को अस्पताल ले जाने में देरी हुई। लोगों ने इमरजेंसी सेवाओं को और मजबूत करने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। एसडीपीओ धर्मदेव पासवान ने बताया कि हादसे में पति-पत्नी और तीन बच्चों समेत कुल पांच लोगों की मौत हो गई। चार अन्य घायल बताए गए हैं। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। मृतकों की पहचान लोहरदगा जिले के राहत नगर निवासी मो. मुस्तफा, उनकी पत्नी और उनके तीन छोटे बच्चों के रूप में हुई है।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में शामिल हुए झारखंड के मुख्यमंत्री

# केवल खनिज संपदा से विकास संभव नहीं : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के विकास, संसाधनों पर अधिकार और केंद्र से अपेक्षित सहयोग से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ उठाया। अपने विस्तृत संबोधन में मुख्यमंत्री ने झारखंड को केवल खनिज संपदा वाले राज्य के रूप में नहीं, बल्कि देश के भविष्य के औद्योगिक, शैक्षणिक और मानव संसाधन विकास के केंद्र के रूप में देखने की वकालत की। खास तौर पर उन्होंने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि मेडिकल शिक्षा के विस्तार के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन मेडिकल कॉलेजों में 220 अतिरिक्त स्नातक और 217 स्नातकोत्तर सीटों की स्वीकृति लंबित है। उन्होंने केंद्र सरकार से इन प्रस्तावों को शीघ्र मंजूरी देने का अनुरोध किया। इसके अलावा पीपीपी मोड में प्रस्तावित छह मेडिकल कॉलेजों में से चार को मंजूरी मिल चुकी है, जबकि दो की स्वीकृति अभी शेष है। मुख्यमंत्री ने इन दोनों कॉलेजों को भी जल्द मंजूरी देने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 का सपना तभी साकार होगा, जब झारखंड जैसे राज्यों को संसाधन उपलब्ध कराने वाले प्रदेशों के बजाय विकास के बराबर भागीदार के रूप में स्वीकार किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड देश के औद्योगिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट और अन्य खनिजों ने देश के औद्योगिक विकास को ऊर्जा दी है, लेकिन इसके बदले राज्य ने



विस्थापन, पर्यावरणीय दबाव और नक्सलवाद जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना भी किया है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के 25 वर्षों के अनुभव से यह स्पष्ट हो चुका है कि केवल खनिज संपदा से विकास संभव नहीं है। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और मानव संसाधन निर्माण को प्राथमिकता देनी होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के 38 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों में से लगभग 15 हजार केंद्र आज भी अपने भवन से वंचित हैं। इसके बावजूद पोषण अभियान और राज्य सरकार के 'सामर' कार्यक्रम के कारण कुपोषण और स्टंटिंग में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से 5000 नए आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कर रही है और केंद्र सरकार के सहयोग से इस कार्य में और तेजी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से अब झारखंड के विद्यार्थी आईआईटी, मेडिकल और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित हो रहे हैं। राज्य सरकार इसी तर्ज पर 5000 विद्यालय विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने झारखंड में पीएम श्री विद्यालयों और केंद्रीय विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की मांग की। साथ ही राज्य की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को देखते हुए एनसीईआरटी का एक क्षेत्रीय केंद्र झारखंड में स्थापित करने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड आज प्रतिवर्ष एक लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ रहा है। मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत अब तक 6।76 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स, ड्रोन और सौर ऊर्जा जैसे उभरते क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में कौशल विकास पर हर वर्ष 1400 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा रहे हैं तथा एशियाई विकास बैंक के सहयोग से 1200 करोड़ रुपये की लागत से मेगा स्किलिंग इकोसिस्टम **(शेष पृष्ठ 7 पर)**

## संक्षिप्त समाचार

### पारिवारिक विवाद में बुजुर्ग ने खुद को लगाई आग

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर पारिवारिक विवाद से परेशान एक बुजुर्ग ने खुद को आग लगा ली। मौके पर मौजूद लोगों और एक युवक की सूझबूझ से उनकी जान बच गई। हालांकि वे गंभीर रूप से झुलस गए हैं और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। यह घटना धातकीडीह तालाब के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई।

### सांप के काटने से युवक की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** बिशनपुर प्रखंड अंतर्गत लापू गांव के रहने वाले 22 वर्षीय साल के रोशन भगत की सांप काटने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार रोशन रात करीब 11 बजे शौच के लिए घर से बाहर खुले मैदान की ओर गया था। इसी दौरान वहां जहरीले सांप ने उसके पैर में काट लिया। मामले की सूचना मिलने पर सदर थाना के एसआई अरविंद कुमार ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कोयला लदे वाहन ने बुजुर्ग को कुचला

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के टंडवा-सिमरिया मेन रोड पर गुरुवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में 75 वर्षीय बुजुर्ग माधो साव की जान चली गई। धनगड़ा गांव में अपने घर के सामने खड़े बुजुर्ग को तेज रफ्तार कोयला लदे वाहन ने कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी। घटना के बाद से क्षेत्र में भारी तनाव बना हुआ है।

### जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मनियाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत जाताखुंटी पंचायत में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। यह घटना सरकारी डिग्री कॉलेज के पीछे स्थित जंगल की है। मृतक की पहचान 26 वर्षीय बजरंगी सिंह के रूप में की गई है।

## 2029 तक टीबी मुक्त होगा झारखंड : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने वर्ष 2029 तक राज्य को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह घोषणा राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने गुरुवार को रांची के रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित टीबी मुक्त भारत अभियान पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर की। स्वास्थ्य विभाग एवं नेशनल टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि टीबी देश और राज्य दोनों के लिए गंभीर चुनौती है। सरकार पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर मरीजों की पहचान कर रही है तथा उन्हें निःशुल्क दवा के साथ प्रति माह एक हजार रुपये की सहायता भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि टीबी, मलेरिया, थैलेसीमिया और कुष्ठ रोग जैसी बीमारियों को सरकार ने चुनौती के रूप में लिया है। डॉ. अंसारी ने कहा कि टीबी के मरीजों के प्रति सामाजिक भेदभाव समाप्त करने की जरूरत है। इसके लिए निश्चय मित्र कार्यक्रम के तहत टीबी से स्वस्थ हो चुके लोग गांव-गांव जाकर जागरूकता फैलाएंगे। आने वाले दिनों में राज्यभर में व्यापक स्क्रीनिंग अभियान चलाया जाएगा



तथा पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों और एआई तकनीक की मदद से रोग की शीघ्र पहचान सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड को स्वास्थ्य क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। रांची में एशिया के सबसे बड़े अस्पतालों में शामिल होने वाले रिम्स-2 का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने, एमबीबीएस एवं पीजी सीटों की संख्या बढ़ाने तथा एम्बुलेंस सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में भी कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने की योजना है ताकि लोगों को हर तरह की उन्नत चिकित्सा सुविधा झारखंड में ही उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि विश्व के लगभग 25 प्रतिशत टीबी मरीज भारत में हैं, इसलिए इस बीमारी पर नियंत्रण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। वहीं एनएचएम निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि वर्तमान में झारखंड में लगभग 63 हजार टीबी मरीज पंजीकृत हैं, जिन्हें सरकार की ओर से पोषण सहायता प्रदान की जा रही है। कार्यशाला में देश के 32 राज्यों से आए विशेषज्ञों ने टीबी उन्मूलन की रणनीतियों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर डॉ. सिद्धार्थ सान्याल, शोभिनी राजन, डॉ. अशोक भारद्वाज सहित कई विशेषज्ञ उपस्थित थे। मंच संचालन अणिमा किस्कू ने किया।

## नीट परीक्षा को लेकर 21 परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यूजी)- 2026 री-एग्जामिनेशन को कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए रांची जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। परीक्षा 21 जून को रांची के 21 उप-केंद्रों पर एक पाली में आयोजित होगी। इसे देखते हुए सदर अनुमंडल दंडाधिकारी कुमार रजत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार,यह निषेधाज्ञा 21 जून को दोपहर 12 बजे से शाम 8 बजे तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, किसी प्रकार की सभा या बैठक आयोजित करने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग तथा हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारी एवं कर्मचारी इस आदेश से मुक्त रहेंगे। जिला प्रशासन के अनुसार परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए सभी केंद्रों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रशासन को आशंका है कि कुछ असामाजिक तत्व परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ लगाकर शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता और अभ्यर्थियों के लिए शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## घरेलू कलह से तंग आकर युवक ने खुदकुशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** जिले के गोमिया थाना अंतर्गत चौधरी टोला में गुरुवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पारिवारिक विवाद और घरेलू कलह से तंग आकर 30 वर्षीय एक युवक ने घर के अंदर फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान मानिक कुमार यादव के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि दूसरी महिला के साथ कथित प्रेम संबंध को लेकर घर में लगातार हो रहे झगड़े से परेशान होकर युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक मानिक कुमार यादव का दूसरी महिला से संबंध होने के कारण घर में अक्सर तनाव और कलह की स्थिति बनी रहती थी। गुरुवार को भी इसी मुद्दे पर परिवार के सदस्यों के साथ मानिक की तीखी कहासुनी हुई थी। विवाद बढ़ने के बाद उसे घर के ही एक कमरे में बंद कर दिया गया था। कुछ समय बाद जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो अंदर का मंजर देखकर उनकी चीख निकल गई। मानिक का शव कमरे में लगे पंखे के सहारे फंदे से झूल रहा था। गोमिया थाना प्रभारी प्रफुल्ल महतो ने बताया कि मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों के विस्तृत बयान दर्ज होने के बाद ही आगे की उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सीआरपीएफ जवान सद्दाम हुसैन को राष्ट्रपति ने शौर्य चक्र से किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के लिए गर्व का क्षण है। देश की सुरक्षा में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले सीआरपीएफ जवान सद्दाम हुसैन को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के प्रतिष्ठित वीरता पुरस्कार 'शौर्य चक्र'' से सम्मानित किया है। सम्मान मिलने के बाद उनके घर और मोहल्ले में खुशी का माहौल है। बोकारो के कैंप-2 निवासी मोहम्मद राशिद के पुत्र सद्दाम हुसैन ने जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए एक बेहद जोखिमपूर्ण अभियान में असाधारण बहादुरी दिखाई थी। 5 नवंबर 2024 को सुरक्षा एजेंसियों को दो विदेशी आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सीआरपीएफ, असम राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। मुठभेड़ के दौरान आतंकवादी एक मकान में छिपे हुए थे और उन तक पहुंचना बेहद चुनौतीपूर्ण था। ऐसे हालात में सद्दाम हुसैन ने अपनी जान की परवाह किए बिना आगे बढ़कर मात्र 25 मीटर की दूरी से अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर का सटीक प्रहार किया, जिससे एक आतंकवादी गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में मृत पाया गया। उनकी बहादुरी,



कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण के लिए उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। बोकारो स्टील सिटी के कैंप-2 निवासी सीआरपीएफ जवान सद्दाम हुसैन को जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ साहसिक अभियान में वीरता दिखाने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शौर्य चक्र से सम्मानित किया है। उनके सम्मान से पूरे बोकारो में खुशी और गर्व का माहौल है।

## ब्राउन शुगर के साथ छह आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 76.19 ग्राम ब्राउन शुगर, 63 हजार रुपये नकद और छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह कार्रवाई देवघर पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना थी कि जसीडीह स्टेशन के पास रुड्या धर्मशाला के पीछे खुले मैदान में कुछ महिला और पुरुष ब्राउन शुगर का कारोबार करने की तैयारी में हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस



पदाधिकारी कुलदीप कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर छह संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से सफ़ेद पारदर्शी प्लास्टिक और खैनी के पैकेट में रखा ब्राउन शुगर जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ। इसके साथ ही 63 हजार रुपये नकद और छह मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि गिरफ्तार गुल मोहम्मद उर्फ चाचा और इस्माइल अंसारी उर्फ राजू खान कथित तौर पर रेल और अन्य माध्यमों से ब्राउन शुगर लाकर देवघर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई करते थे। पुलिस के अनुसार दोनों का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार आरोपियों में गुल मोहम्मद उर्फ चाचा, रवि झा, बबलू चौधरी, अजय कुमार महथा, खुशबू देवी और इस्माइल अंसारी उर्फ राजू खान शामिल हैं। सभी के खिलाफ जसीडीह थाना में एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### राजद कार्यकर्ताओं मनाया लालू यादव का 79वां जन्मदिन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ प्रखंड के कादिरगंज बाजार में राजद कार्यकर्ताओं ने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन सद्भावना दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर लालू यादव के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखद जीवन की



कामना की। कार्यक्रम में धनरुआ प्रखंड के राजद कार्यकारी अध्यक्ष सह डेवां पंचायत मुखिया संतोष कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्सव जैसा माहौल रहा। मौजूद नेताओं ने लालू प्रसाद यादव के लंबे राजनीतिक जीवन, सामाजिक संघर्षों और जनहित में किए गए कार्यों को याद किया। उन्हें सामाजिक न्याय की राजनीति का एक मजबूत स्तंभ बताया गया।डेवां पंचायत मुखिया सह राजद कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने हमेशा समाज के कमजोर, पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों की आवाज को बुलंद किया है। उन्होंने सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और समान अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। लालू यादव की राजनीतिक सोच और कार्यशैली आज भी लाखों कार्यकर्ताओं को जनसेवा तथा समाजहित में काम करने की प्रेरणा देती है।कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से लालू यादव के आदर्शों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक सौहार्द को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। सभी कार्यकताओं ने पार्टी की नीतियों और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प लिया।

### राजेन्द्र सेतु रेल पुल बना झपटमारों का अड्डा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह और सिमरिया के बीच गंगा नदी पर स्थित ऐतिहासिक राजेन्द्र सेतु रेल पुल वर्षों से संगठित झपटमार गिरोह की चपेट में है। ट्रेन के पुल में प्रवेश करते ही ये गिरोह सक्रिय हो जाता है और यात्रियों को निशाना



बनाता है।गिरोह के सदस्य पुल के लोहे के पायों और संरचना के बीच पहले से छिपे रहते हैं। ट्रेन की आवाज सुनते ही ये सतर्क हो जाते हैं।दरवाजे या खिड़की के पास खड़े यात्रियों के मोबाइल फोन, पर्स और बैग इनके मुख्य निशाने पर होते हैं।लोहे की रॉड या लकड़ी के डंडे से यात्री के हाथ पर वार करते हैं। चोट लगते ही यात्री का सामान छूट जाता है जिसे ये झपट लेते हैं। कई बार सीधे हाथ से ही झपट्टा मार देते हैं।यह अकेले नहीं, संगठित गिरोह है। कुछ सदस्य पुल के पायों पर, कुछ नीचे नदी किनारे और कुछ पुल के दोनों छोर पर तैनात रहते हैं। झपटे गए सामान को तुरंत नीचे या आगे साथियों तक पहुंचा दिया जाता है। लगातार हो रही घटनाओं से इस रूट पर सफर करने वाले यात्रियों में दहशत है। यात्रियों का कहना है कि दिनदहाड़े पुल पर इस तरह की वारदात होना सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। कई यात्रियों के हाथ में रॉड लगने से चोटें भी आई हैं।इस संबंध में आरपीएफ निरीक्षक रविन्द्र कुमार यादव के अनुसार शिकायतें मिली हैं। पुल पर निगरानी बढ़ाई गई है और सादे लिबास में जवानों को तैनात करने की योजना है। साथ ही यात्रियों से अपील की गई है कि राजेन्द्र सेतु पार करते समय दरवाजे पर खड़े न हों और खिड़की से मोबाइल या कीमती सामान बाहर न निकालें।कई चोरों को जेल भी भेजा गया है।

### आरपीएफ और शराब माफिया के बीच नोक झोंक

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन परिसर के पास एक शराब माफिया ट्रॉली बैग और एक छोटे से बैग में शराब की तस्करी करते हुए रेल पुलिस और आरपीएफ के जवानों को चकमा देते हुए बाढ़ रेलवे स्टेशन पर उतरा और मुख्य गेट से बाहर निकल गया। आरपीएफ के जवान को गुप्त सूचना थी की ब्लू कलर के ट्रॉली बैग में शराब की खेप है इस दौरान शराब माफिया मुख्य गेट से बाहर निकाल कर चाय दुकान की तरफ जाने लगा तभी रेलवे सुरक्षा बल के जवान संजय कुमार ने उसके पास पहुंचकर बैग में क्या समान है पूछताछ करने लगा। जिस पर शराब माफिया भड़क गया और रेलवे सुरक्षा बल के जवान के साथ हाथापाई करने लगा। करीब 10 मिनट तक यह हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। इस दौरान शराब माफिया अपने लोगों को बुलाने लगे तभी स्थानीय दुकानदार के द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के जवान को सहयोग करने के बाद उस पर नियंत्रण पाया जा सका और उसे पकड़ कर रेल पुलिस थाने में लाया गया। जहां शराब माफिया के पास से ट्रॉली बैग में भरे हुए बियर की कैन बरामद हुई। शराब माफिया दया चक मोहल्ला का रहने वाला है जिस पर रेल पुलिस कानूनी कार्रवाई करने में जुट गई है।

### ई रिक्शा पलटने से युवक जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के भटगांव पंचायत अंतर्गत दलिसमन चक गांव के पास सड़क किनारे गड्ढे में एक ई रिक्शा के पलट जाने से ई रिक्शा चला के गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसे इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया ई रिक्शा चालक की पहचान रवि शंकर कुमार के रूप में हुई है जो कि गांव का ही रहने वाला है।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्टेशन रोड इलाके में सड़क किनारे पैदल चल रही एक महिला को बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी हादसे में महिला गंभीर रूप से जख्मी होकर बाढ़ अनुमंडल अस्पताल पहुंची जहां घंटे महिला का इलाज होता रहा तब जाकर महिला को कुछ राहत मिली घायल महिला की पहचान मोनिका कुमारी पति अभिषेक कुमार गोलू बुढाउद्दीन चक निवासी के रूप में हुई है टक्कर मारने के बाद मोटरसाइकिल फरार हो गया।

### आधे घंटे की बारिश ने ड्रेनेज व्यवस्था की खोली पोल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के द्वारा करीब एक महीना पहले से बरसात के पूर्व नाला उराही सफाई का कार्य करवाया जा रहा था लेकिन मानसून के पहले आधे घंटे की बारिश नहीं शहर की सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दे दिया चक मोहल्ले के नगर अध्यक्ष के घर के सामने का यह नजारा है जहां आधे घंटे की बारिश ने गंदे नल का पानी सड़क पर आ जाने से व्यवस्था ध्वस्त हो गई लोगों को करीब 2 फीट से भी ज्यादा पानी से होकर आना जाना पड़ा जिसके चलते सफाई व्यवस्था को लेकर लोग नाराज नजर आए।

### उद्घोषणा के बाद भी रेल यात्री अपने जान को खतरे में डालकर करते हैं रेलवे ट्रैक पार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर दो-दो रेलवे ऊपरी पैदल पुल होने के बावजूद भी रेल यात्री शॉर्टकट विधि अपनाते हुए रेलवे ट्रैक को पार करके आने जाने में आस्था रखते हैं हालात यह है कि कई बार लोगों की मौत हो जाने के बाद भी यात्रियों में जागरूकता नहीं है जबकि बाढ़ के रेलवे स्टेशन पर थ्रू ट्रेन पर करने से पहले लगातार उद्घोषणा की जाती है इसके



बावजूद भी रेल यात्री रेलवे नियमों की अभेलना करते हुए अपने जान को खतरे में डालकर आना-जाना करते हैं हादसा हो जाने पर लोग हंगामा भी करते हैं ऐसी स्थिति में रेल विभाग को इस तरह के रेलवे नियमों की अभेलना करने वाले यात्रियों पर कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि हादसा को रोका जा सके अभी हाल के दिनों में बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन पर दो महिलाएं की रेल से कट कर दर्दनाक मौत हो गई थी उसके बावजूद भी लोग रेलवे ट्रैक को पार करने में गुरेज नहीं करते हैं।

### अथमलगोला स्टेशन बाजार रोड में भारी जलजमाव, ग्रामीण परेशान

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड का सबसे बड़ा व्यापारिक केंद्र,अथमलगोला स्टेशन बाजार बहादुरपुर व करजान रोड,आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। गुरूवार की सुबह रात हुई बारिश ने



इन दोनों मुख्य मार्ग को झील में तब्दील कर दिया है। आलम यह है कि बहादुरपुर रोड मार्ग पर पानी जमा है, जिससे मार्केटिंग करने वाले हजारों राहगीर को गंदे पानी में घुसकर आ जा रहे हैं।हालांकि ये उनकी नियति नहीं बल्कि मजबूरी भी है। यह कोई सामान्य सड़क नहीं है, बल्कि ये 25 से अधिक गांव को और अथमलगोला रेलवे स्टेशन और मुख्य बाजार से जोड़ने वाली जीवन रेखा है। स्थानीय राहगीर राहुल ने बताया कि प्रशासन इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने में पूरी तरह विफल रहा है। प्रतिदिन यहाँ से हजारों लोग जिसमें बच्चे, महिलाएं, मरीज और आम लोग गुजरते हैं, जिन्हें इस नारकीय स्थिति का सामना करना पड़ता है।राहगीरों का कहना है कि अभी तो बस शुरूआत है।

# ईंधन बचाओ और पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल रैली, जागरूकता अभियान तेज







**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मोकामा द्वारा पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत को लेकर चलाए जा रहे साप्ताहिक स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को शहर में भव्य साइकिल रैली निकाली गई। 'ईंधन बचाएं, पेट्रोल-डीजल बचाएं' और 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर आयोजित इस रैली का उद्देश्य नागरिकों को साइकिल के उपयोग, ईंधन संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना था।नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी श्री संतोष रजक और सभापति निलेश कुमार के नेतृत्व में यह रैली नगर परिषद कार्यालय से शुरू होकर वार्ड 28 तक के विभिन्न इलाकों में भ्रमण करते हुए निकाली गई। रैली के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण अभियानों को भी घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।इस कार्यक्रम में नगर सभापति निलेश कुमार,ब्रांड एंबेसडर छितेंद्र कुमार सिंह, नगर प्रवक्ता महेश सिंह, पार्षद धीरज सिंह, प्रतिनिधि पार्षद दानी सिंह, पार्षद अवध कुमार, पार्षद समीर कुमार,सहित बड़ी संख्या में नगर कर्मी, स्वच्छता कर्मी, स्वच्छता वीर और आम नगरवासी शामिल हुए।नगर परिषद मोकामा द्वारा वार्ड 1 से 28 तक साप्ताहिक पर्यावरण संरक्षण स्वच्छ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत हर दिन अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता, ईंधन बचत और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जोड़ा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि साइकिल रैली जैसे आयोजनों से लोग प्रेरित हो रहे हैं और पेट्रोल-डीजल की बचत के साथ सेहत का भी ध्यान रख रहे हैं।सभापति निलेश कुमार ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही बड़ा बदलाव आता है। अगर हम रोजाना के कामों के लिए साइकिल का इस्तेमाल करें और एक पेड़ जरूर लगाएं, तो पर्यावरण को काफी फायदा होगा।

## मसौढ़ी में अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, गैस गोदाम के पास से मिली बीयर और शराब की खेप



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अवैध शराब खिलाफ चल रही छापेमारी के दौरान बुधवार की देर शाम को मसौढ़ी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ग्राम तारेगना स्थित इंडियन गैस गोदाम के पास से एक युवक को अवैध शराब की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान उपेन्द्र कुमार, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता स्व. मिथिलेश चौधरी, निवासी कुम्हारटोली, थाना मसौढ़ी, जिला पटना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 500 एमएल वाली के 12 पीस, 375 एमएल का 100 पाईपर का 01 पीस, 750 एमएल का 01 पीस और 750 एमएल का के 02 पीस बरामद किए हैं। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की यह खेप कहां से लाई गई थी और कहां सप्लाई की जानी थी। बिहार में शराबबंदी लागू है और पुलिस लगातार अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई कर रही है।

## बाढ़ से पहले धनरुआ में युद्ध स्तर पर तैयारी, 16 जगहों पर कटावरोधी कार्य और बालू बैग का भंडारण शुरू

**अंचल प्रशासन ने चिन्हित किए संवेदनशील स्थल, हर साल 8 पंचायतें होती हैं प्रभावित**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संभावित बाढ़ को देखते हुए धनरुआ अंचल प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। पिछले वर्षों में बाढ़ से प्रभावित रहे स्थलों को चिन्हित कर वहां बालू भरे बैग का भंडारण किया जा रहा है। साथ ही टूटे तटबंधों की मरम्मत और कटावरोधी कार्य तेजी से चलाए जा रहे हैं। धनरुआ अंचल में हर साल 8 पंचायतों को बाढ़ की आपदा झेलनी पड़ती है। इसे देखते हुए प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड में है। फिलहाल 16 संवेदनशील जगहों पर कटावरोधी कार्य चल रहा है और आपातकाल के लिए बालू भरे बैग तैयार रखे जा रहे हैं। तटबंध टूटने की स्थिति में इनका तुरंत इस्तेमाल किया जाएगा। प्रशासन ने जिन जगहों को चिन्हित किया है उनमें हुलासचक वीर पंचायत का बहोरीचक दौलता, जियाउद्दीन चक, छितरौली कुशवन, डोमन बीघा, निजामत, नुसरतपुर शामिल हैं। वहीं छाती पंचायत के अमरपुरा, बांसबिगहा, मोरियावां, डेवां, रेपुरा, भेड़गावां, दरियापुर, देवधा पंचायत के अलीपुर, नदपुरा तथा धनरुआ पंचायत के रमनीबिगहा, डुमरा पुल,बहरामपुर के अरमरल,चकरमल समेत अन्य पंचायतों मे चिन्हित जगहों पर विशेष नजर रखी जा रही है।अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि दरधा नदी में कुल 31 जगहों पर और कररुआ नदी में 6 जगहों पर कटावरोधी कार्य किया जाना है। संवेदनशील तटबंधों के पास बालू भरे बैग का भंडारण किया जा रहा है ताकि बाढ़ की स्थिति में तुरंत बचाव कार्य शुरू किया जा सके। प्रशासन का दावा है कि इस बार पहले से तैयारी पूरी कर ली जाएगी ताकि बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम से कम किया जा सके।

## सरदार पटेल कॉलेज और साथी फाउंडेशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर



**दनियावां(पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनपी-2020) के उद्देश्यों के अनुरूप विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता और सामुदायिक सहभागिता की भावना विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता समीपवर्ती साथी फाउंडेशन, हिलसा और सरदार पटेल कॉलेज, हिलसा के बीच हुआ है। इस एमओयू के तहत, दोनों संस्थान स्नातक स्तर के क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम (एईसी-4) वोलेंटियरशिप प्रोग्राम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। इसका उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। गुरुवार को इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. ज्वाला प्रसाद धनानवी ने कहा कि नई शिक्षा नीति केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। यह विद्यार्थियों को समाज से जोड़ते हुए व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने पर जोर देती है। उन्होंने बताया कि यह समझौता विद्यार्थियों को समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, जन-जागरूकता अभियान और विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का अवसर देगा। साथी फाउंडेशन,हिलसा के सचिव अभय प्रताप और सहायक समन्वयक आशीष कुमार ने कहा कि युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ना राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस साझेदारी से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी। इस मौके पर सरदार पटेल कॉलेज के एनईपी समन्वयक सह कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार सिंह, प्रो. दिनेश प्रसाद, प्रो. दिव्या कुमारी, प्रधान सहायक अभिजीत राज और तकनीकी सहायक राणा प्रताप और साथी फाउंडेशन से जुड़े सदस्य विकास, सुमित, राकेश, धर्मपाल, पंकज यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## धनरुआ में पीएम मातृ वंदना योजना के नाम पर साइबर ठगी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आंगनबाड़ी पोषक क्षेत्र की लाभुक महिलाएं साइबर ठगों का शिकार हो रही हैं। ठग प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत खाते में पैसा ट्रांसफर करने के नाम पर फोन कर ओटीपी मांग रहे हैं। ओटीपी बताते ही लाभुकों के खाते से रुपये गायब हो जा रहे हैं। ठग खुद को धनरुआ सीडब्पीओ कार्यालय का कर्मचारी बताकर लाभुकों को फोन करते हैं। फोन पर कहा जाता है कि आपके खाते में मातृ वंदना योजना का पैसा भेजा जा रहा है, ओटीपी बताइए। जैसे ही लाभुक ओटीपी साझा करती हैं, उनके खाते से पैसे निकाल लिए जाते हैं। कोसुत पंचायत के शिबूचक की लाभुक सुमन कुमारी के खाते से ₹5000 निकाल लिए गए। मानिक बीघा में एक लाभुक के खाते से ₹20,000 उड़ा लिए गए। जानकारी के अनुसार प्रखंड के अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों की कई महिलाएं भी इस ठगी का शिकार हो चुकी हैं। बहरहाल यह केंद्र सरकार की मातृत्व लाभ योजना है।

## महिला को गोली मार कर जख्मी करने के मामले में फरार आरोपित ने किया कोर्ट में सरेंडर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के चकजीया में पैक्स गोदाम के पास जानलेवा हमला कर महिला को गोली मारने के मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी बिट्टू कुमार नेक कोर्ट में सरेंडर कर दिया है।आरोपी बिट्टू कुमार, पिता स्व. रामसेवक, बहोरचक का रहने वाला है।यह घटना बीते 19 दिसंबर 2025 की है। इस मामले में पीड़ित विपिन कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता स्व. रामप्रवेश प्रसाद, ग्राम-हुलासचक ने थाने में आवेदन दिया था। विपिन के अनुसार, 19-12-2025 को सुबह करीब 1:00 बजे उनके चाचा उपेन्द्र प्रसाद पैक्स गोदाम, चकजीथा में धान देने गए थे। इसी दौरान 9 की संख्या में हथियारबंद लोग गोदाम के समीप पुल पर आए और चाचा के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। उपेन्द्र प्रसाद के साथ मारपीट की सूचना पर गांव के पुरुष-महिला बीच-बचाव करने पहुंचे। सुबह करीब 7:30 बजे सभी आरोपी एकजुट होकर ग्रामीणों से भी लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। इसी बीच मिथलेश कुमार उर्फ हुड्डू तथा बिट्टू कुमार ने पिस्तौल से फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में विपिन की माँ मीना देवी के दोनों पैर में एक-एक गोली लग गई थी पुलिस के सहयोग से घायल मीना देवी को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, धनरुआ और फिर बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर किया गया था।थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड में कुल 9 लोग नामजद हैं। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दिनकर ने कहा था - विशारद जी की प्रतिमा लगा, स्वर्ण-मेखला से शृंगार ही सच्ची श्रद्धांजलि

**जयंती पर साहित्य सम्मेलन में श्रद्धा पूर्वक किए गए स्मरण, आयोजित हुई लघुकथा-गोष्ठी**



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के रजत जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने, सम्मेलन की स्थापना के सूत्रधार बाबू रामधारी प्रसाद 'विशारद' को श्रद्धा-पूर्वक स्मरण किया था और कहा था कि साहित्य सम्मेलन अपने प्रांगण में उनकी भव्य प्रतिमा लगाए और उसे स्वर्ण-मेखला से घेराबंदी करे। इससे कम में उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि नही हो सकती। 'विशारद' के महान उद्यम से ही सम्मेलन की स्थापना हुई थी। वे इसके मुख्य सूत्रधार थे। सबसे पहले इनके ही मन में प्रांतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्थापना का विचार आया और उन्होंने देशरत्न डा राजेंद्र प्रसाद की स्वीकृति प्राप्त कर, हिन्दी सेवियों को 19 अक्टूबर, 1919 को मुजफ़्फ़रपुर के हिंदू भवन में आहूत किया, जिसमें साहित्य सम्मेलन की स्थापना का निर्णय लिया गया। अपने जीवन-काल तक वे सम्मेलन के पर्याय बने रहे। यह बातें, गुरुवार को, साहित्य सम्मेलन में, 'विशारद' जी की 126 वीं जयंती पर आयोजित समारोह और लघुकथा गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि विशारद जी, भागलपुर के बौंसी में आहूत हुए, सम्मेलन के १९वें अधिवेशन के सभापति चुने गए थे। इसके पूर्व वे अनेक वर्षों तक सम्मेलन के प्रधानमंत्री और उपसभापति भी रह चुके थे। हिन्दी के उन्नयन के लिए की गयी उनकी सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हीं के कारण यह संस्था हिन्दी की अमूल्य सेवाएं कर सकी है। सम्मेलन परिसर में उनकी प्रतिमा लगे इसके लिए हम शीघ्र प्रयास आरम्भ करेंगे।

## 15 जून से पंचायत स्तर पर शुरू होगा 'शारदीय खरीफ महा अभियान'

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खरीफ सीजन में किसानों को नई तकनीक और योजनाओं से जोड़ने के लिए कृषि विभाग ने कमर कस ली है। प्रखंड कृषि कार्यालय की ओर से 'शारदीय खरीफ महा अभियान' के तहत पंचायत स्तरीय कृषि जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान की शुरूआत आगामी 15 जून से की जाएगी।अभियान की शुरूआत चरमा पंचायत से होगी। इसके लिए प्रखंड कृषि कार्यालय ने रोस्टर जारी कर दिया है। पहले चरण में कार्यक्रम चरमा पंचायत के सामुदायिक भवन में आयोजित किया जाएगा। इसी आधार पर मसौढ़ी प्रखंड के सभी पंचायतों में निर्धारित तिथि पर चौपाल लगाई जाएगी। अभियान की सफलता के लिए सभी कृषि सलाहकार, कृषि समन्वयक समेत अन्य कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। ये टीम पंचायत स्तर पर किसानों को योजनाओं की जानकारी देगी। वहींअभियान से पहले आज यानी 12 जून, शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें कृषि कर्मियों को अभियान के उद्देश्यों और विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा। चौपाल में किसानों को खरीफ सीजन की मुख्य फसलों के साथ नई तकनीकों की जानकारी दी जाएगी।

## फिर खनकेंगी रसोई में करछियां, बुंदेली शेफ सीजन 4 का काउंटडाउन शुरू

**25 जून से शुरू होगी स्वाद और हुनर की नई यात्रा, अगस्त के अंत में मिलेगा सीजन 4 का विजेता**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इन दिनों बुंदेलखंड की कई रसोइयों में मसालों की खुशबू के साथ एक अलग तरह का उत्साह भी पक रहा है। कहीं नई रेसिपी पर प्रयोग हो रहे हैं, कहीं दादी-नानी के पुराने स्वाद फिर से याद किए जा रहे हैं, तो कहीं महिलाएं अपनी सबसे खास डिश को और बेहतर बनाने में जुटी हैं। वजह है 'बुंदेली शेफ सीजन 4', जिसका इंतजार, जो कि अब धीरे-धीरे एक उत्सव का रूप लेने लगा है। पिछले तीन सीजन्स में अनगिनत सपनों को पहचान देने वाला यह मंच अब अपने अगले अध्याय की ओर बढ़ रहा है और इसके साथ ही सम्पूर्ण बुंदेलखंड में स्वाद, हुनर और आत्मविश्वास की नई हलचल महसूस की जा सकती है। बुंदेलखंड द्वारा आयोजित इस लोकप्रिय ऑनलाइन कुकिंग प्रतियोगिता का पहला ऑडिशन 25 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दूसरा ऑडिशन 10 जुलाई और तीसरा ऑडिशन 20 जुलाई को होगा। उपरोक्त ऑडिशन राउंड्स में बुंदेलखंड की महिला प्रतिभाएँ अपनी सबसे खास रेसिपीज और अनूठे स्वाद का जादू बिखेरेंगी। इन पड़ावों से गुजरकर 15 प्रतिभागी जुलाई के अंतिम सप्ताह में होने वाले क्वार्टर फाइनल तक पहुँचेंगी, जहाँ मुकाबला और भी दिलचस्प हो जाएगा। इसके बाद अगस्त के पहले सप्ताह में सेमी फाइनल का रोमांच देखने को मिलेगा, जिसमें 8 चयनित प्रतिभागियों के साथ 3 वाइल्ड कार्ड एंट्री भी अपनी किस्मत आजमाएंगी।

## दनियावां में खरीफ महाअभियानः बीज उपचार से रोपनी तक किसानों को मिली जरूरी जानकारी



**दनियावां/पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खरीफ सीजन की शुरूआत से पहले दनियावां प्रखंड में शारदीय महाअभियान-2026 के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), पटना द्वारा आयोजित इस 'खेत बचाओ अभियान' में 6 पंचायतों के 33 राजस्व ग्रामों के 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

**बीज उपचार पर विशेष जोर**

पूर्व आत्मा अध्यक्ष एवं प्रगतिशील किसान संघ के सुनील कुमार ने किसानों को बताया कि धान के बीज को 24 घंटे पानी में भिगोकर निकालने के बाद वेबस्टिन पाउडर से बीजोपचार करना जरूरी है, ताकि फसल को मजबूती मिले। कृषि समन्वयक अमृता कुमारी ने राजेंद्र-1, पान यमुना, गंगोत्री जैसे 140-150 दिन में तैयार होने वाले हाइब्रिड बीजों की बुआई की सलाह दी। रोहिणी नक्षत्र की बारिश से खेतों में नमी को देखते हुए विशेषज्ञों ने इसे बीज डालने का उपयुक्त समय बताया। कई प्रगतिशील किसान पिछले सप्ताह ही बीज डाल चुके हैं।

**खेत बचाओ और फसल विविधता**

प्रशिक्षण में मिट्टी उपचार, खाद-बीज का चयन, धान रोपनी और नालियों की सफाई पर भी विस्तार से चर्चा हुई। यह भी बताया गया कि इस खरीफ सीजन में दनियावां में मक्के की खेती काफी कम हुई है। कार्यक्रम में पौधा संरक्षण संभाग के मुकेश कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अनीता कुमारी, पशुपालन विभाग की सोनी कुमारी, किसान सलाहकार शिवकुमार चौधरी, राजेश रंजन, प्रवीण कुमार, महेश कुमार और खरभैया पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार सहित कृषि विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। किसानों ने कहा कि इस प्रशिक्षण से धान रोपनी से पहले उन्हें व्यावहारिक जानकारी मिली।

**प्रभारी पदाधिकारी ऑनलाइन जुड़े**

परीक्षा ड्यूटी के कारण प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी लखिमचंद्र ऑनलाइन जुड़े। उन्होंने खरीफ महोत्सव की सफलता की कामना करते हुए कहा कि कृषि विशेषज्ञों की सलाह से किसानों की उत्पादकता में निश्चित वृद्धि होगी।

# नप के लेखापाल के घर ईओयू की छापेमारी

**अनुकम्पा पर मिली थी आदेशपाल की नौकरी, बाद में मिली प्रोन्नति ⦿ आभूषण, नकदी, जमीन के दस्तावेज बरामद**

- पत्नी और परिवार से भी पूछताछ
- छापेमारी से इलाके में मचा हड़कंप
- 18 वर्षों से जमें है नप कार्यालय में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** जिले के हाजीपुर में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने नगर परिषद कार्यालय में तैनात लेखापाल मनीष कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। ईओयू मुजफ्फरपुर की टीम ने मनीष कुमार के घर और नगर परिषद कार्यालय में करीब 9 घंटे तक छापेमारी की।

ईओयू के डीएसपी सी.पी. यादव ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मनीष कुमार घर पर अनुपस्थित थे। उनकी पत्नी, बेटा और मां की मौजूदगी में तलाशी ली गई। घर से साढ़े छह लाख रुपये के आभूषण, 50 हजार रुपये नकद, वाहन, जमीन और एलआईसी के कागजात बरामद किए गए। मनीष कुमार को 15 जून को उपस्थित होने के लिए नोटिस दिया गया है।

विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के सत्यापन के बाद आर्थिक अपराध इकाई थाना कांड संख्या 10/26 के तहत धारा 13(2) सहपठित धारा 13(1) (बी) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। विशेष न्यायालय निगरानी, उत्तर बिहार, मुजफ्फरपुर से तलाशी वारंट प्राप्त कर गुरुवार सुबह करीब 7 बजे आर्थिक अपराध इकाई की टीम नगर थाना पुलिस के सहयोग से मनीष कुमार के आवास पहुंची और सुबह 7:45 बजे छापेमारी शुरू की।

पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में करीब 10 अधिकारियों की टीम ने मनीष कुमार के हाजीपुर स्थित बागमली आवास और हाजीपुर नगर परिषद परिसर में स्थित कार्यालय पर एक साथ तलाशी ली।

आर्थिक अपराध इकाई के अनुसार, सत्यापन के दौरान मनीष कुमार के विरुद्ध कुल 2,02,31,500 रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का प्रथम दृष्टया साक्ष्य मिला है। यह राशि उनकी ज्ञात आय से लगभग 208.57 प्रतिशत अधिक है। मनीष कुमार पिछले कई वर्षों से नगर परिषद में लेखापाल के पद पर तैनात हैं। तलाशी की कार्रवाई समाप्त होने के बाद विस्तृत जानकारी देने की बात कही गई है।

लेखापाल मनीष कुमार के घर गुरुवार सुबह करीब 7:45 बजे ईओयू मुजफ्फरपुर की टीम नगर थाना पुलिस के साथ पहुंची। अचानक पुलिस और जांच टीम को देखकर स्थानीय लोग आश्चर्यचकित रह गए। टीम ने घर पहुंचकर पूछताछ के बाद तलाशी शुरू की। घर में मौजूद उनकी पत्नी, मां और बच्चों से पूछताछ की गई तथा घर के विभिन्न हिस्सों की जांच की गई।

तलाशी के दौरान टीम ने भारी मात्रा में आभूषण, नकदी, जमीन और एलआईसी से संबंधित दस्तावेज बरामद किए। इसके अलावा मनीष कुमार की पत्नी और पुत्र से भी गहन पूछताछ की गई। इस दौरान मनीष कुमार घर पर मौजूद नहीं थे। कई घंटे तक चली कार्रवाई के बाद टीम बरामद दस्तावेज और सामान अपने साथ ले गई तथा मनीष कुमार को 15 जून को उपस्थित होने का नोटिस दिया। जानकारी के अनुसार, मनीष कुमार के पिता नगर परिषद में कार्यरत थे। उनके निधन के बाद वर्ष 2008 में मनीष कुमार की अनुकंपा के आधार पर पियून पद पर नियुक्ति हुई थी। बाद में उन्हें पदोन्नति देकर लेखापाल बनाया गया। वह करीब 18 वर्षों से नगर परिषद में कार्यरत हैं।

# मौसम ने बदली करवट, लोगों ने ली राहत की सांस

## 13 जून तक पूरे बिहार में बारिश के आसार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। पटना समेत कुछ जिलों में गुरुवार सुबह से ही झमाझम बारिश हो रही है। पटना में सुबह सवा छह बजे करीब 70 किमी की रफ्तार से हवा चली। इसके बाद बारिश शुरू हुई। झमाझम बारिश ने गर्मी से थोड़ी राहत जरूर दिलाई। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने गुरुवार सुबह राज्य के कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले दो से तीन घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में मेघ गर्जन, वज्रपात, बारिश और तेज हवा चलने की प्रबल संभावना है।

मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार अररिया, बेगूसराय, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, खगड़िया, मधेपुरा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, सहरसा, समस्तीपुर, सारण, शिवहर, सीतामढ़ी, सीवान, सुपौल, वैशाली और पश्चिमी चंपारण जिले के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश तथा 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। वहीं अरवल, जहानाबाद और पटना जिले के कुछ क्षेत्रों के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। विभाग ने कहा है कि इन इलाकों में भी अगले दो से तीन घंटे के भीतर मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन, वज्रपात और वर्षा के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने 11 जून से 13 जून सुबह 8:30 बजे तक के लिए बिहार के अधिकांश जिलों में मौसम को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर, पूर्वी और मध्य बिहार के कई जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात, भारी वर्षा तथा 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका समेत कई जिलों को ऑरेंज अलर्ट श्रेणी में रखा गया है, जबकि पटना, गया, नालंदा, जहानाबाद, अरवल, भोजपुर, बक्सर, रोहतास और औरंगाबाद सहित कुछ जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने तथा आवश्यक होने पर सुरक्षित स्थानों में शरण लेने की सलाह दी है।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर हुई बच्चों की स्वास्थ्य जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत बंधार पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र दक्षिण टोल परशुराम, केंद्र संख्या-187 पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से बच्चों के स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केंद्र पर पंजीकृत बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर उनके शारीरिक विकास, पोषण स्तर एवं सामान्य स्वास्थ्य की स्थिति का आकलन किया गया। स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम में चिकित्सक डॉ. प्रगति प्रिया, एएनएम सोनम कुमारी तथा तुलसी कुमारी ने बच्चों का वजन, ऊंचाई, पोषण स्तर तथा सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की।

इस दौरान बच्चों के अभिभावकों को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच आवश्यक है। इससे कुपोषण, एनीमिया एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान कर उचित उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया जा सकता है।



कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका अजमेरी खातून एवं सहायिका रेणु देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने बच्चों एवं अभिभावकों को केंद्र पर उपस्थित कर स्वास्थ्य जांच कार्य में सहयोग किया स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होती हैं तथा अभिभावकों में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। स्वास्थ्य जांच के दौरान बच्चों एवं अभिभावकों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली।

# मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर पूजा-अर्चना, पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** भारत के लोकप्रिय एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के सफल नेतृत्व के 12वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा मिडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता किसान मोर्चा गया जी पश्चिमी शिव बल्लभ मिश्र की देख रेख में एवं नगर भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष पिंटू कुमार की अध्यक्षता में टिकारी स्थित अंदर किला के ब्रह्म स्थान परिषर को स्वच्छता अभियान चला कर विशेष पूजा अर्चना की गयी एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध लगाया गया।

मौके पर श्री मिश्र ने कहा कि यह पौधारोपण केवल एक पौधा लगाने का कार्य क्रम नहीं बल्कि प्रधानमंत्री के 12वर्षों के जनसेवा, राष्ट्र निर्माण और विकास कार्यों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त करने का प्रतीकात्मक प्रयास है। प्रधानमंत्री के सफल नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, आत्म निर्भरता, गरीब कल्याण, पर्यावरण संरक्षण तथा विश्व पटल पर अपनी सशक्त पहचान स्थापित करने की दिशा में अनेकों ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भाजपा के वरीय नेता सह जिला कार्य समिति सदस्य शशि प्रियदर्शी, नगर महामंत्री किसान मोर्चा उदय कुमार, रवि शंकर उर्फ प्रिंस, निशांत कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस बीच लोगों ने पीएम के दीर्घायु की कमाना की।

## रोजगार मेला आज

**भागलपुर।** बिहार के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक बड़ी पहल की जा रही है। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत अवर प्रादेशिक नियोजनालय, भागलपुर की ओर से 12 जून को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में प्रतिष्ठित नौकरी पाने का एक सुनहरा मौका है।

## हिमालया बेबीकेयर ने शुरू किया समर केयर कैंपेन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हिमालया बेबीकेयर ने गर्मियों के दौरान शिशुओं की विशेष देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अपना नया समर केयर कैंपेन लॉन्च किया है। अभियान के तहत ब्रांड ने गर्मियों के लिए विशेष रूप से तैयार शिशु देखभाल दिनचर्या पेश की है, जिसका उद्देश्य बच्चों को ठंडा, तरोताजा और खुश रखना है। कैंपेन की डिजिटल फिल्म में शिशुओं को गर्मी से होने वाली परेशानियों के खिलाफ एक रोचक ग्रीष्मकालीन विरोध प्रदर्शन करते हुए दिखाया गया है। फिल्म यह संदेश देती है कि नियमित और कोमल देखभाल की दिनचर्या शिशुओं को गर्मियों में आरामदायक बनाए रखने में मदद कर सकती है। हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबीकेयर निदेशक एनवी चक्रवर्ती ने कहा कि यह अभियान माता-पिता को शिशुओं की मौसमी देखभाल के लिए सरल और प्रभावी समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में एक पहल है। यह कैंपेन डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कई भारतीय भाषाओं में प्रसारित किया जाएगा।

# धान और सब्जियों की खेती के लिए श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स की नई बीज श्रृंखला लॉन्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग, श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने हाइब्रिड बीज, रिसर्च बीज और सब्जियों के बीजों की नई श्रृंखला लॉन्च की। रांची में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख चैनल पार्टनर्स मौजूद रहे। हाइब्रिड सीड सेगमेंट में कंपनी ने धान के दो हाइब्रिड बीज श्रीराम 470 और श्रीराम 735 पेश किए। श्रीराम 470 जल्दी पकने वाला, बड़े दानों और बेहतर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाला हाइब्रिड है, जबकि श्रीराम 735 लॉजिंग, बीएलबी और बीपीएच के प्रति मजबूत सहनशीलता के साथ बेहतर उपज देने में सक्षम है। रिसर्च सीड सेगमेंट में श्रीराम सुपर 7733 और श्रीराम सुपर 7700 लॉन्च किए गए।

श्रीराम सुपर 7733 में अधिक दाने लगते हैं, जबकि श्रीराम सुपर 7700 फसल गिरने के प्रति मजबूत प्रतिरोध क्षमता के लिए जाना जाता है। सब्जियों के बीजों के तहत कंपनी ने अर्ली पिकिंग हाइब्रिड टमाटर श्रीराम 2628 भी पेश किया, जो अच्छी गुणवत्ता और बेहतर पैदावार देने वाला बीज है। संजय छाबड़ा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं बिजनेस हेड, श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने कहा कि कंपनी किसानों तक आधुनिक बीज, फसल सुरक्षा और पोषण समाधान पहुंचाकर उन्हें बेहतर उत्पादन और सशक्त भविष्य के लिए सहयोग दे रही है।

## वज्रपात से किसान की मौत

**सहरसा।** जिले से एक बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक 35 वर्षीय किसान की मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। सन्नाटा पसरा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लक्ष्मीनिया गांव निवासी हीरा यादव गांव में ही मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

# पहली बारिश ने खोली रेल इंजन कारखाने की पोल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** मुंगेर रेल इंजन कारखाना की कैसनब बोगी और एमसीटीआर शॉप में बारिश के पानी से कामकाज प्रभावित हुआ। छत डैमेज रहने के कारण मूसलाधार बारिश में दोनों शॉप पानी-पानी हो गईं, जिसका वीडियो भी सामने आया है। गुरुवार की सुबह तेज बारिश के कारण रेल इंजन कारखाना की कैसनब बोगी और एमसीटीआर शॉप में बारिश का पानी फैल गया, जिसके कारण कुछ देर के लिए कामकाज प्रभावित हो गया। बाद में बारिश थमने के उपरांत दोनों शॉप से पानी निकालने के बाद सामान्य कामकाज आरंभ हो पाया।

जानकारी के अनुसार, जमालपुर और आसपास के क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से परेशान लोगों को गुरुवार की सुबह झमाझम बारिश से राहत मिली। सुबह काली घटाओं से आसमान भर गया और दिन में ही रात जैसा अंधेरा छा गया। इसके बाद आंधी और तेज बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। शहर की नालियों में पानी भर गया और ओवरफ्लो होकर बारिश का पानी सड़कों पर फैल गया। इतना ही नहीं, रेल इंजन कारखाना जमालपुर की कैसनब बोगी शॉप और एमसीटीआर शॉप में छत चूने के कारण फ्लोर पर बारिश का पानी फैल गया, जिससे कामकाज बाधित हो गया।

रेल इंजन कारखाना की इन दोनों शॉप में अधिकांश कार्य बिजली की सहायता से किया जाता है। बारिश के पानी के कारण जब फ्लोर पर फिसलन की स्थिति बन गई और पानी फैल गया, तो रेलकर्मियों ने वहां कामकाज बंद कर दिया। रेलकर्मियों ने बताया कि दोनों शॉप की छत बुरी तरह क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण बारिश होने पर पानी छत से रिसकर सीधे फ्लोर पर फैल जाता है। ऐसी स्थिति में कामकाज करना पूरी तरह मुश्किल हो जाता है।बताया गया कि डे-शिफ्ट में काम करने वाले रेलकर्मी अपने-अपने कार्यस्थल पर पहुंच चुके थे। सुबह करीब 9:30 बजे बारिश शुरू हुई। तेज हवा और मूसलाधार बारिश के कारण एक ओर अंधेरा छा गया, वहीं दूसरी ओर शॉप की छत से लगातार पानी टपकने लगा। फ्लोर पर पानी फैलते ही रेलकर्मियों ने सुरक्षा कारणों से कामकाज बंद कर दिया। करीब आधे घंटे बाद बारिश लगभग बंद हो गई। इसके बाद प्रबंधन द्वारा शॉप से पानी निकालने की प्रक्रिया शुरू की गई। धीरे-धीरे बारिश का पानी बाहर निकाला गया, जिसके बाद लंच अवकाश के उपरांत सामान्य कामकाज फिर से शुरू हो पाया रेलकर्मियों ने बताया कि लंबे समय से बारिश के दौरान छत चूने के कारण शॉप में पानी प्रवेश कर जाता है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया है। रेलकर्मियों का कहना है कि यदि मानसून पूर्व की बारिश में ही ऐसी स्थिति बनी हुई है, तो मानसून सक्रिय होने के बाद हालात और अधिक गंभीर हो सकते हैं।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सारण।** राजापट्टी रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार को रेल हादसे में 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस तथा स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है।

मृतक की पहचान सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत साढा ढाला गांव निवासी ओम प्रकाश राय के पुत्र शिवम कुमार उर्फ दीपक के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शिवम कुमार गोपालगंज से छपरा लौट रहा था। इसी क्रम में वह ट्रेन संख्या 55109 थावे-छपरा पैसेंजर ट्रेन से यात्रा कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजापट्टी रेलवे स्टेशन के समीप किसी कारणवश वह ट्रेन की चपेट में आ गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**दुर्घटना में छात्रा की मौत से उबले लोग**

# उग्र भीड़ पहुंची थाने, पुलिस वाहनों में तोड़फोड़, घंटों रहा तनाव

## थानाध्यक्ष सहित 12 कर्मी जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** जिले के खैरा बाजार में गुरुवार सुबह सड़क दुर्घटना में एक छात्रा की मौत के बाद भारी बवाल हो गया। बरियारपुर गांव निवासी 10वीं की छात्रा मुस्कान कुमारी साइकिल से कोचिंग जा रही थी, तभी पंचमंदिर के समीप मेटल बोल्डर लदे एक हाइवा की चपेट में आ गई। दुर्घटना इतनी दर्दनाक थी कि छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जो बाद में हिंसक रूप ले बैठा।

हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। लोगों ने सबसे पहले घटनास्थल के पास सड़क जाम कर दी और बाद में खैरा-सोनो मोड़ तथा थाना चौक को भी अवरुद्ध कर दिया। इसके कारण मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। प्रदर्शन के दौरान अधिकांश दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं, जिससे पूरे बाजार में तनाव का माहौल बन गया।



स्थिति तब और बिगड़ गई जब उग्र भीड़ खैरा थाना पहुंच गई। आरोप है कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने थाना परिसर में घुसकर पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की। इस दौरान पुलिस और भीड़ के बीच जमकर पथराव हुआ। थाना परिसर से लेकर हाई स्कूल चौक और गोपालपुर मोड़ तक करीब दो घंटे तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। हिंसा में थाना अध्यक्ष मिंटू कुमार सिंह समेत कुल 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों में एसआई रश्मि रंजन, सनी कुमार, उपेंद्र कुमार पाठक, कुंज बिहारी और दीपक कुमार भी शामिल हैं। वहीं, एक दर्जन से अधिक प्रदर्शनकारियों के भी घायल होने की सूचना है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के दौरान कई राउंड फायरिंग जैसी आवाजें सुनाई दीं।

हालांकि, पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भीड़ को नियंत्रित करने और आत्मरक्षा के लिए हवाई फायरिंग की गई थी। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने बताया कि उपद्रवियों द्वारा पथराव किए जाने के बाद स्थिति को संभालने के लिए यह कदम उठाना पड़ा।

# प्रकाश चंद जैन सेवा सदन की संस्थापिका की मनी पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** प्रकाश चंद जैन सेवा सदन की संस्थापिका स्व. रतन देवी जैन की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। संस्थान की प्रेरणास्त्रोत व समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाली स्व रतन देवी जैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने स्व. रतन देवी जैन को एक दूरदर्शी व समाज के प्रति समर्पित महिला बताया। प्रकाश चंद जैन सेवा सदन अस्पताल की स्थापना व विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी सेवा, त्याग व मानवता के प्रति समर्पण की भावना आज भी संस्थान के सभी सदस्यों को जनसेवा के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर संस्थान के संयुक्त सचिव सौमित्र भट्टाचार्य, कोषाध्यक्ष प्रदीप केजरीवाल, डॉ. शशि कुमारी, डॉ. एसएस होरो, डॉ. निष्ठा किशोर, डॉ. डीपी केशरी, डॉ. पूनम सिन्हा, डॉ. अमरजीत, डॉ. नीतू कुमारी, डॉ. ऋषिता सिंह, डॉ. बिजेता सिंह, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. साधना




जायसवाल, डॉ. एसएस दहांगा, राकेश कुमार वर्मा, कमता प्रसाद, कृष्णा ओझा, सुधीर सिंह, विजय कुमार, देबाशीष रॉय सहित अस्पताल की ऋषिका कुमारी, आरती देवी, अंजू एक्का, अंबिला काल्खो, पूनम मिंज, पम्मी कुमारी सहित अन्य चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, सहायक कर्मी व अस्पताल परिवार के सभी सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने स्व. रतन देवी जैन के आदर्शों पर चलने व समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# हर्ष फायरिंग में पुलिस ने पांच को दबोचा

**महिला डांसरों के साथ चल रहा था नाच, शराब सहित हथियार बरामद**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के बलबतरा मोहल्ला स्थित एक फार्म हाउस में बुधवार की देर रात पुलिस ने महिला डांसरों के नृत्य के दौरान हर्ष फायरिंग कर शराब पार्टी कर रहे पांच बदमाशों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देसी पिस्टल, एक खोखा, मैगजीन, पांच कारतूस तथा 750 एमएल की एक बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

गिरफ्तार आरोपितों में टाउन थाना क्षेत्र के बलबतरा वार्ड संख्या-तीन निवासी मंजीत कुमार रजक, आकाश कुमार, मो. नसरुद्दीन खान, ताहा अजीज एवं मो. नजीरूल हक उर्फ नादिर शामिल हैं।

इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। ब्रेथ एनालाइजर से जांच में सभी आरोपित शराब के नशे में पाए गए। इस संबंध में एएसआई मो. जहांगीर अंसारी के बयान पर आर्म्स एक्ट एवं बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार की देर रात करीब 12 बजे टाउन थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बलबतरा मोहल्ला स्थित मंजीत कुमार रजक के फार्म हाउस में कुछ युवक महिला डांसरों को बुलाकर शराब पार्टी कर रहे हैं तथा बीच-बीच में हर्ष फायरिंग भी कर रहे हैं।सूचना के सत्यापन के बाद टाउन थानाध्यक्ष



देवराज राय के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद युवक भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस बल के सहयोग से पांच युवकों को पकड़ लिया गया।

तलाशी के दौरान मो. नजीरूल हक के पास से एक देसी पिस्टल, एक खोखा, मैगजीन सहित पांच कारतूस एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। वहीं कमरे से 750 एमएल अंग्रेजी शराब की एक बोतल तथा घटनास्थल से एक खोखा भी जब्त किया गया।

इसके बाद पुलिस के बयान पर टाउन थाना में पांचों आरोपितों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट एवं बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## बीपीएल परिवारों को मिलेगा मुफ्त सोलर पैनल

**मुजफ्फरपुर।** जिले के करीब आठ हजार बीपीएल परिवारों के घरों पर जल्द ही मुफ्त सोलर पैनल लगाए जाएंगे। केंद्र व राज्य सरकार की संयुक्त पहल पर संचालित इस योजना का लाभ उन गरीब परिवारों को मिलेगा, जिनके पास पक्का एवं छतदार मकान है।

जिले के 16 प्रखंडों की 80 पंचायतों में ऐसे परिवारों की पहचान की उनके घर की छतों पर मुफ्त सोलर पैनल लगाए जाएंगे।

बिजली विभाग के अनुसार, सभी प्रखंडों की पांच-पांच पंचायतों से बीपीएल परिवारों की सूची मंगाई गई है। इससे पहले जीविका दीदियों द्वारा घर-घर सर्वे कर लाभुकों का नाम व पता तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराया गया था। इसी आधार पर पात्र परिवारों का चयन किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत केवल उन्हीं परिवारों के घरों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे जिनके पास पक्की छत उपलब्ध है। झोपड़ी अथवा बिना छत वाले घरों को फिलहाल इस योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। जिले में 42 हजार से अधिक बीपीएल परिवार हैं, जिनमें से पहले चरण में करीब आठ हजार परिवारों का चयन किया गया है।

# सब्सिडी वाले गैस उपभोक्ताओं को लगा झटका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बांका।** ग्रामीण महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभुकों को अब बड़ा झटका लगा है। नई व्यवस्था के तहत उज्ज्वला उपभोक्ताओं को एक वर्ष में मिलने वाली सब्सिडी वाले सिलिंडरों की संख्या नौ से घटाकर चार कर दी गई है। इससे जिले के दो लाख 83 हजार 182 लाभुक प्रभावित होंगे।

पहले लाभुकों को नौ सिलिंडरों पर सब्सिडी मिलती थी, लेकिन अब केवल चार सिलिंडरों पर ही यह सुविधा उपलब्ध होगी। यानी प्रत्येक उपभोक्ता को सालाना पांच सिलिंडरों की सब्सिडी का नुकसान होगा। यदि कोई परिवार पहले नौ सब्सिडी वाले सिलिंडर का लाभ लेता था, तो अब उसे पांच सिलिंडर बाजार मूल्य पर खरीदने पड़ सकते हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश परिवार सीमित आय पर निर्भर हैं। गैस की बढ़ती कीमतों के कारण पहले ही कई घरों में गैस का उपयोग सीमित हो गया था। अब सब्सिडी में कमी से महिलाओं के फिर से लकड़ी और उपले के चूल्हे पर लौटने की आशंका बढ़ गई है।

जिले में इंडेन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम की एजेंसियों के माध्यम से गैस आपूर्ति की जाती है। कई लाभुकों ने ई-केवाईसी, आधार लिंकिंग और बैंक खाते से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के कारण सब्सिडी नहीं मिलने की भी शिकायत की है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह फैसला केवल आर्थिक नहीं, बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छ ऊर्जा अभियान पर भी असर डाल सकता है। अब उपभोक्ताओं की नजर सरकार की आगे की नीति पर टिकी हुई है।

रीतम देवी ने कहा कि पहले नौ सिलिंडर पर सब्सिडी मिलती थी तो किसी तरह काम चल जाता था। अब चार सिलिंडर के बाद महंगा गैस खरीदना मुश्किल होगा,।

# जवनिया में कटाव निरोधी कार्य का जल संसाधन सचिव ने किया निरीक्षण

## संवेदक को एक माह में कार्य पूरा करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**शाहपुर (भोजपुर)।** जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने शाहपुर प्रखंड के उत्तर प्रदेश सीमा से सटे जवनिया गांव में गंगा नदी पर चल रहे कटाव निरोधी कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यस्थल पर उपयोग की जा रही सामग्रियों और निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से बातचीत कर कार्य की प्रगति के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। ग्रामीणों ने सचिव को बताया कि कटाव निरोधी कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। उनका कहना था कि यदि कार्य की रफ्तार इसी तरह बनी रही तो इसके पूरा होने से पहले ही बाढ़ का पानी आ जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष 10 जुलाई तक गंगा नदी पूरी तरह भर गई थी तथा 22 जुलाई से कटाव शुरू हो गया था। ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डॉ. सिंह ने संवेदक को कार्य में तेजी लाने और एक माह के भीतर इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को भी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। गौरतलब है कि शाहपुर की पूर्व विधायक मुन्नी देवी ने हाल ही में कटाव निरोधी कार्य में कथित अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र भेजकर जांच कराने की मांग की थी। निरीक्षण के दौरान जगदीशपुर एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा, सीओ आनंद प्रकाश, आरओ रश्मि सागर तथा बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कई अभियंता मौजूद थे।

# बहिरो लख क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

## जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को चलाया गया विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर गुरुवार को आरा सदर अंचल अंतर्गत बहिरो लख क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व सदर अंचल के अंचलाधिकारी ने की। इस दौरान बहिरो लख क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि एवं मार्गों पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान नगर निगम की टीम, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमण को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। प्रशासन द्वारा सड़क एवं सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु व्यापक कार्रवाई की गई। अंचलाधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान से आमजन के आवागमन में सुविधा सुनिश्चित होगी तथा सड़क जाम एवं दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी।

# इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओं ने युवतियों को किया प्रोत्साहित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर/ उदवंतनगर (भोजपुर)।** नई आशा के तहत इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओं ने आज गिद्दा सामुदायिक भवन में संचालित 'अलका सिलाई सह पढ़ाई केंद्र' की युवतियों को प्रोत्साहित किया। विदित हो कि राजीव भटनागर की पहल पर अलका हार्मोनी फाउंडेशन द्वारा संचालित इस सिलाई सह पढ़ाई केन्द्र पर दो दर्जन से अधिक वैसी युवतियां पढ़ाई सह सिलाई सिख रही हैं, जो कभी विद्यालय नहीं गई हैं। इनमें कई ऐसी किशोरी और युवतियां हैं, जिनका जन्म प्रमाण-पत्र और आधार कार्ड भी नहीं है। इंटर्नशिप कर रही रुचि, शिवानी, श्रुति, शीतल, खुशबु, माज अनवर, मोहित, विजय आदि छात्र-छात्राएं आज शांम्भवी सिंह के नेतृत्व में वहां गए हुए थे। उन्होंने कहा कि आप लोग नियमित रूप से पढ़ाई के साथ हुनर के क्षेत्र में आगे बढ़िए। शिक्षित और हुनरमंद बनकर हर व्यक्ति अपने जीवन को बेहतर बना सकता है। सामान्य शिक्षा भी व्यक्ति को अच्छे-बुरे की समझ पैदा करा देती है। उन्होंने कहा कि आप लोगों में भी वही मेधा, बुद्धि और शारीरिक क्षमता है, जो समाज के अन्य वर्ग के लोगों के बीच है। इसलिए आप कभी भी हीन भावना से ग्रसित नहीं हो, बल्कि मुख्य धारा में शामिल होने के लिए निरंतर प्रयास करें। आशा, अंजली, काजल, सोनी, काजल (पिता बौध मांझी), शिवानी सुनैना आदि युवतियों ने कहा कि वे हर हाल में मैट्रिक पास करने तथा सिलाई सिखने का मन बना चुकी हैं। उन्होंने इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों के प्रति आभार जताया कि आप लोगों के कारण हम सब का हौसला बढ़ा है। उदवंतनगर संवाददाता के अनुसार नई आशा के चैराई सेतु केन्द्र पर अनुभव, अंशु और संस्कार आदि विद्यार्थियों ने वहां के बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में पहल तेज, 101 रिक्त पदों पर होगी बहाली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गिरिडीह।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त रामनिवास यादव ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, मानव संसाधन की उपलब्धता तथा रिक्त पदों की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह ने बताया कि एनएचएम के तहत सदर अस्पताल एवं विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों में वर्तमान में 101 पद रिक्त हैं। इन पदों को भरने के लिए विभागीय स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है तथा रोस्टर स्वीकृति एवं नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। उपायुक्त यादव ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता आवश्यक है। उन्होंने एनएचएम अंतर्गत स्वीकृत सभी 238 पदों के रोस्टर का पुनः परीक्षण करने तथा रिक्त 101 पदों के रोस्टर क्लियरेंस की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर नियुक्ति कार्य को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक औपचारिकताएं समयबद्ध ढंग से पूरी करने तथा भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होने देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और नियमानुसार संचालित की जाएगी। बैठक में बताया गया कि रिक्त पदों में एएनएम, स्टाफ नर्स, ब्लॉक डाटा मैनेजर, फार्मासिस्ट, न्यूट्रिशनल काउंसलर, एसटीएस तथा डीएमसी-एलटी समेत विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक पद शामिल हैं। इन पदों पर नियुक्ति होने से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीबी नियंत्रण कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण कार्यक्रम और अन्य स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलेगी उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक जनोन्मुख एवं सुदृढ़ बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# भाजपा नेताओं ने किया पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के पंचबा मंडल अंतर्गत श्री नर्मदा धाम मंदिर परिसर में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत फलदार वृक्ष का रोपण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ता पवन कंधवे ने किया, जबकि मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव उपस्थित रहे इस अवसर पर सुरेश साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य लोगों को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के कारण पर्यावरण संतुलन गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है। सुरेश साव ने कहा कि वृक्षारोपण को केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे जनआंदोलन का रूप देने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम में पवन कंधवे, ओमकार सिंह, सुंदर पांडेय, अमित शर्मा, सौरव कुमार, पंकज कुमार गुप्ता, पुरुषोत्तम पांडेय, सुभाष साव, संतोष भादानी, सुमन सिन्हा, राजेश जायसवाल एवं शैबाल घोष सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चास नगर निगम द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** चास नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाने के उद्देश्य से पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत आज बहुद्देशीय संस्कृति भवन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चास नगर निगम के महापौर भोलू पासवान, माननीय उपमहापौर पूजा कुमारी, नगर आयुक्त संजीव कुमार एवं सहायक नगर आयुक्त स्मिता किरण ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में माननीय महापौर भोलू पासवान ने उपस्थित सभी आगंतुकों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई। वहीं, उपमहापौर पूजा कुमारी ने सभी को तंबाकू सेवन त्यागने एवं नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महापौर भोलू पासवान ने कहा कि चास नगर निगम क्षेत्र के सभी नागरिक अपने-अपने घरों के सामने कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं, ताकि पर्यावरण संतुलित रहे और शहर हरियाली से आच्छादित हो सके। उपमहापौर पूजा कुमारी ने कहा कि पौधा है तो जीवन है। उन्होंने नागरिकों से अधिकाधिक पौधारोपण करने की अपील करते हुए कहा कि पेड़-पौधे न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण को शुद्ध एवं स्वस्थ बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार ने कहा कि सभी लोग अपने घरों, अपार्टमेंटों एवं आसपास के क्षेत्रों में अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। वृक्षारोपण से शुद्ध वातावरण प्राप्त होता है, गर्मी के मौसम में छाया मिलती है तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में वार्ड पार्षदगण, नगर प्रबंधक, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं, नगर निगम के पदाधिकारी, कार्यालयकर्मी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उनकी सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग से पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान और अधिक प्रभावी एवं सफल बना। अंत में चास नगर निगम ने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित चास के निर्माण हेतु पौधारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी शुरू

**गढ़वा।** गढ़वा जिले में आगामी 21 जून को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है. जिला मुख्यालय में पतंजलि योग समिति सहित कई सरकारी संस्थानों में भी योग शिविर आयोजित कर लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शहर के बिगन देवी स्मृति भवन में पतंजलि योग समिति द्वारा संचालित नियमित योग शिविर का संचालन कर रहे प्रशिक्षक उपकार गुप्ता से हमने योग के विषय में जानना चाहा, तो उन्होंने योग के लाभ के विषय में जानकारी दी। इसी तरह जिला मुख्यालय स्थित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में भी योग शिविर का संचालन किया जा रहा है. इस योग शिविर में अनेको युवा, पुरुष और महिलाओं को भाग लेते देखा गया। जिले में पिछले दिनों दिशा की बैठक सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई. इस बैठक में गढ़वा जिले में चल रही विशेष रूप से सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा की गई।

# मोदी के सुशासन के 12 वर्ष पूरे होने पर की गई पूजा अर्चना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हजारीबाग।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन का 12 वर्ष पूरे होने पर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना हेतु हजारीबाग के बुढ़वा महादेव मंदिर में, जिला के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संध्या 5:00 बजे, पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। कार्यकर्ताओं ने यह कामना की कि बहुत जल्द ही मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बन जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इन वर्षों में भारत ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल क्रांति और वैश्विक कूटनीति के मामले में एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखा गया। शासन के इस सफर ने देश को एक नए मुकाम पर पहुंचा है। भारत में डिजिटल पेमेंट और यूपीआई तकनीक ने विश्व स्तर पर एक मिसाल कायम की है। 12 वर्षों के दौरान भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। सब्सिडी और सरकारी सहायता का पैसा सीधे लाभार्थियों की बैंक खातों में जमा करके, भ्रष्टाचार को कम किया गया है। देश के करोड़ों जरूरतमंद परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी है। स्वच्छ भारत मिशन के जरिए गरीबों को घर, शौचालय प्रदान की गई। देशभर में एक्सप्रेसवे, हाईवे और नई रेल लाइनों का भारी मात्रा में विस्तार हुआ है। विदेश नीति और कूटनीति में वैश्विक मुद्दों पर ,भारत की राय और प्रभाव काफी बढा है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पीएम मोदी के नेतृत्व की दुनिया भर के नेताओं द्वारा सराहना की गई है। पूजा-अर्चना कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, सुदेश चंद्रवंशी, शिव शंकर लाल गुप्ता, अशोक यादव, भैया अभिमन्यु प्रसाद, जिला पदाधिकारी जय नारायण प्रसाद, सर्वेश सिंह, इंद्र नारायण कुशवाहा, मनोरमा राणा, अजीत बक्शी, विवेक सिंह, महेंद्र राम बिहारी, राजकरण पांडे, आनंद देव, मूलचंद साहू, बलराम जी, विधायक के निजी सचिव चंदन सिंह, सुबोध जी, शिवपाल यादव, रिंकू वर्मा, शिव प्रजापति, राजेश चंद्रवंशी, विवेक बैरियर, तरुण कसेरा ऋषि शर्मा रामा प्रसाद अरविंद सिकरवार, अविनाश कसेरा, निरंजन मद्धेशिया, हेमंती देवी, रतन सिंहा, पूनम कसेरा ,इंदु देवी, रानी शुक्ला ,डॉक्टर शशी लता उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा, जिला महामंत्री सह जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

# उपायुक्त ने स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर प्रबंधन पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बिजली व्यवस्था, साफ-सफाई, पार्किंग, सोलर पैनल की मरम्मत एवं संचालन, मरीजों एवं परिजनों के लिए बैठने की व्यवस्था, कूलर, पंखे सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में अब तक प्रारंभ किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि निर्देशानुसार कार्यों को नियमित रूप से व्यवस्थित किया जा रहा है तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासनिक कार्यपद्धति अपनाते हुए समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर प्रबंधन एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में ब्लड बैंक की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने रक्त की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की तथा नियमित रूप से पर्याप्त रक्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सदर अस्पताल में ब्लड सेपरेटर मशीन के अधिष्ठापन की स्वीकृति प्रदान करते हुए कहा कि वर्तमान में रक्त अवयव पृथक्करण के लिए हजारीबाग से रांची भेजना पड़ता है, जिससे समय की अधिक आवश्यकता होती है। सदर अस्पताल में इस मशीन की स्थापना से मरीजों को त्वरित एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। उपायुक्त ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई को विशेष महत्व देते हुए इस पर अतिरिक्त ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ अस्पताल परिसर मरीजों के बेहतर उपचार एवं स्वास्थ्य लाभ के लिए अत्यंत आवश्यक है। बैठक में आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की समीक्षा की गई तथा पात्र लाभुकों तक योजना का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए गए। साथ ही संस्थागत प्रसव के प्रतिशत में वृद्धि लाने हेतु आवश्यक प्रयास तेज करने को कहा गया। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जिले में वर्तमान टीबी मरीजों की संख्या, उपचार की स्थिति तथा सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि जो मरीज टीबी से पूर्णतः स्वस्थ हो चुके हैं, उन्हें कार्यक्रम का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाए, ताकि वे अपने अनुभव साझा कर अन्य मरीजों को उपचार के प्रति प्रेरित कर सकें तथा समाज में जागरूकता बढ़ाई जा सके। उपायुक्त ने सहिया की नियुक्ति की स्थिति की भी समीक्षा की तथा रिक्त पदों को शीघ्र भरने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंडों के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) एवं हेल्थ सब-सेंटरों की अद्यतन स्थिति, उपलब्ध संसाधनों एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य केंद्रों में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु सोलर सिस्टम की स्थापना, एंबुलेंस की उपलब्धता, चिकित्सकों के रिक्त पदों की पूर्ति तथा आवश्यक उपकरणों के अधिष्ठापन की आवश्यकता की ओर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया। इस पर उपायुक्त ने आवश्यक उपकरणों एवं सामग्रियों की आपूर्ति तथा अधिष्ठापन की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

# खाद्यान्न वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

## आपूर्ति योजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गिरिडीह।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), जेएसएफएसएस, मुख्यमंत्री दाल-भात योजना, जन वितरण प्रणाली, ग्रीन राशन कार्ड, पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना के तहत राशन वितरण सहित अन्य योजनाओं की प्रखंडवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अप्रैल एवं मई 2026 के खाद्यान्न वितरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभुकों तक समयबद्ध तरीके से शत प्रतिशत खाद्यान्न पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण हर हाल में समय पर सुनिश्चित किया जाए तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी बैठक में चना दाल वितरण, चीनी एवं नमक वितरण, सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना तथा मुख्यमंत्री दाल-भात योजना की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का पारदर्शी एवं सुनियोजित तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें ताकि कोई भी पात्र लाभुक लाभ से वंचित न रहे। पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना के तहत राशन उपलब्ध कराने की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी पात्र परिवारों को समय पर योजना का लाभ मिलना चाहिए। साथ ही पीजीएमएस पोर्टल पर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश भी दिया गया समीक्षा के दौरान आधार सीडिंग, सुसुप्त राशन कार्ड, ग्रीन राशन कार्ड को एनएफएसए में परिवर्तित करने, ई-पॉश मशीन की स्थिति एवं अन्य योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने गोदामों में रखे पुराने एवं उपभोग के अयोग्य खाद्यान्न की जांच खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी से कराकर विभागीय प्रक्रिया के तहत उसके विनिष्टीकरण का निर्देश दिया बैठक में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी तेज कुमार हांसदा, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# होटल व रेस्टोरेंट में गैर धूम्रपान क्षेत्र का बोर्ड लगाना अनिवार्य : खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी

## दस दुकानों पर अर्थदंड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** उपायुक्त बोकारो के आदेशानुसार एवं डॉ. अभय भूषण प्रसाद, सिविल सर्जन के निर्देशन में तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 के तहत विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला छापामारी दल के सदस्य मो. असलम द्वारा चास थाना क्षेत्र के महावीर चौक, धर्मशाला मोड़, चास चेकपोस्ट तथा स्कूल एवं अस्पतालों के आसपास कुल 53 दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान 10 दुकानदारों/व्यक्तियों को कोटपा कानून का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जिनसे अर्थदंड के रूप में कुल ?5,600 की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो. असलम ने बताया कि कोटपा संशोधन अधिनियम 2021 के तहत सभी दुकानदार निम्न धाराओं का अनुपालन अवश्य करें– सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को ?1000 तक का जुर्माना। 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू पदार्थ बेचने पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को 1000 तक का जुर्माना। शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल एवं सरकारी कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को 1000 तक का जुर्माना। खुली सिगरेट बेचने पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को 1000 तक का जुर्माना। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुलाब लकड़ा द्वारा सभी होटल/रेस्टोरेंट मालिकों से अनुरोध किया गया कि वे अपने प्रतिष्ठान में गैर धूम्रपान क्षेत्र का पोस्टर/दीवार लेखन सरकारी मानक 60 सेमी 45 सेमी के अनुसार अनिवार्य रूप से लगाएं। अन्यथा कोटपा-2003 की धारा-4 के तहत 1000 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुलाब लकड़ा, मो. असलम जिला परामर्शी, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम) एवं आनंद कुमार उपस्थित थे।

## सुरक्षित माहौल को लेकर पुलिस ने की पैदल गश्त

**बोकारो।** पुलिस अधीक्षक, बोकारो नाथू सिंह मीणा के निर्देश के आलोक में पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी, बी.एस. सिटी थाना एवं थाना प्रभारी, नगर महिला थाना के नेतृत्व में बी.एस. सिटी थाना क्षेत्र में विशेष पैदल गश्ती एवं पिंक पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न संवेदनशील स्थलों एवं ऐसे स्थानों पर, जहाँ लोगों द्वारा अड्डाबाजी किए जाने की शिकायतें प्राप्त होती हैं, सघन जांच एवं निगरानी की गई। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा आम नागरिकों को कानून का पालन करने, सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक भीड़ न लगाने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक हिदायत दी गई।

# संपादकीय

## लोकतंत्र एक मजबूत विपक्ष के मुखर स्वर से ही जीवित रहता है

माना जा रहा था कि कुछ दलों की नाराजगी का असर बैठक पर पड़ सकता है, लेकिन इसमें शामिल होने वाले दलों के बीच कई मुद्दों पर साझा अभियान चलाने पर सहमति बनी। इसमें कोई दोराय नहीं कि विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के सामने फिलहाल बहुस्तरीय चुनौतियां खड़ी हैं और संगठित होकर इनका सामना करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। मगर पिछले कुछ समय से 'इंडिया' के कुछ घटकों ने गठबंधन के दायित्वों से जुड़े जैसे सवाल उठाए हैं, उन पर विचार करके आगे की दिशा तय करने की चुनौती शायद सबके लिए अहम है।गौरतलब है कि कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों और उसके बाद नीट-यूजी 2026 के प्रश्नपत्र लीक होने सहित कई व्यापक महत्त्व के मुद्दों पर जनता के भीतर असंतोष के स्वर तीखे होने के बीच सोमवार को 'इंडिया' गठबंधन की बैठक हुई। माना जा रहा था कि कुछ दलों की नाराजगी का असर बैठक पर पड़ सकता है, लेकिन इसमें शामिल होने वाले दलों के बीच कई मुद्दों पर साझा अभियान चलाने पर सहमति बनी।मुख्य रूप से एसआइआर और चुनावों में वोटों की गड़बड़ी पर सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखने के अलावा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर सभी दल सहमत थे। नाजुक आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई और समाज के कमजोर तबकों के मुद्दों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की भी मांग की गई।हालांकि तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद कांग्रेस ने जिस तरह सत्ता में आई टीवीके के साथ नया मोर्चा बना लिया, उसके बाद द्रमुक का 'इंडिया' में साथ रहना वैसे भी मुश्किल था। इसी तरह, माकपा ने भी केरल में चुनाव के दौरान कांग्रेस के रुख पर सवाल उठाया।मतभेद के मुद्दों पर संवाद और एक-दूसरे को समान स्तर पर अहमियत देना गठबंधन को मजबूत करने का एक रास्ता हो सकता है, लेकिन यह तभी संभव है जब इसके सभी सदस्य-दलों के भीतर सामूहिक भावना के साथ राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने की इच्छाशक्ति हो।जिस समय राजनीतिक चुनौतियां गहरा रही हों, वैसे में साझा मोर्चा मजबूत करने का रास्ता निकालने के लिए न्यूनतम बिंदुओं पर सहमति के रास्ते तैयार करने की जरूरत है। लोकतंत्र एक मजबूत विपक्ष के मुखर स्वर से ही जीवित रहता है। ऐसे में कुछ मतभेदों के बावजूद 'इंडिया' गठबंधन में शामिल दलों के बीच नए सिरे से मैदान में उतरने और हर दो महीने में बैठक करने पर बनी सहमति शायद वक्त का तकाजा भी है।

---

**12 फरवरी 2019 को करोल बाग के अर्पित पैलेस होटल में लगी आग में 17 लोगों की जान गई। जांच में सामने आया कि होटल में अवैध निर्माण हुआ था और सुरक्षा उपकरण पर्याप्त नहीं थे। 2022 में मुंडका की व्यावसायिक इमारत में लगी आग में 27 लोगों की मौत हुई। वहां भी केवल एक निकास मार्ग था और सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई थी। पिछले दिनों दिल्ली के मालवीय नगर स्थित हौजरानी क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि हमारे यहां हादसे अचानक नहीं होते बल्कि उन्हें पैदा किया जाता है।**

# बेगुनाह जिंदगियों से खेलता भ्रष्ट तंत्र और दिल्ली के अंतहीन अग्निकांड

**(योगेश कुमार गोयल)**

21 लोगों की दर्दनाक मौत, दर्जनों घायल, धुएं में घुटती सांसें, तीसरी मंजिल से जान बचाने के लिए छलांग लगाते लोग और बेसमेंट के बाहर बंद पड़ा निकास द्वार, यह केवल एक दुर्घटना नहीं बल्कि प्रशासनिक विफलता, भ्रष्ट व्यवस्था और नियमों की खुलेआम हत्या का भयावह परिणाम था। दुखद यह है कि यह कोई नई कहानी नहीं है। दिल्ली बार-बार अग्निकांडों में जलती है, लोग बार-बार मरते हैं, जांच समितियां बनती हैं, मुआवजे घोषित होते हैं और फिर सब कुछ पहले जैसा हो जाता है। मालवीय नगर के हादसे में जो शुरुआती तथ्य सामने आए, वे किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर देने वाले थे। जिस भवन में 'लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट' और 'मिकासा होम्स' संचालित हो रहे थे, वहां कथित रूप से छह कमरों की अनुमति के बावजूद 25 से अधिक कमरे बनाए गए थे। भवन से निकलने का केवल एक रास्ता था। बेसमेंट में लोगों की मौजूदगी के बावजूद बाहरी गेट पर ताला लगा था। आग लगने के बाद धुआं इतनी तेजी से फैला कि लोग बाहर निकल ही नहीं सके। कुछ लोगों ने तीसरी मंजिल से कूदकर जान बचाने की कोशिश की। यह दृश्य 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड की भयावह यादों को फिर से ताजा कर गया, जहां बाहर निकलने के रास्ते बंद होने के कारण 59 लोगों की मौत हो गई थी।

दिल्ली में अग्निकांडों का इतिहास बताता है कि हर बड़ी त्रासदी के पीछे कहानी लगभग एक जैसी है, अवैध निर्माण, सुरक्षा मानकों की अनदेखी, भ्रष्टाचार, फर्जी प्रमाणपत्र, बंद निकास द्वार और प्रशासनिक लापरवाही। 13 जून 1997 को हुए उपहार सिनेमा अग्निकांड में 59 लोगों की मौत हुई थी, जो दिल्ली का अब तक का सबसे भयावह अग्निकांड माना जाता है। आग लगने के बाद सिनेमा हॉल में धुआं भर गया और निकास मार्ग अवरुद्ध होने के कारण लोग बाहर नहीं निकल सके। पूरे देश को झकझोर देने वाले इस हादसे के बाद सुरक्षा नियमों को सख्त बनाने की बातें तो बहुत हुई लेकिन वास्तविकता यही है कि उनसे कोई स्थायी सबक नहीं लिया गया। 31 मई 1999 को लाल कुआं स्थित केमिकल गोदाम में लगी आग में 57 लोगों की मौत हो गई। उसके बाद भी अवैध गोदामों और रासायनिक इकाइयों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं लगाया गया। 8 दिसंबर 2019 को अनाज मंडी की अवैध फैक्टरी में लगी आग में 43 लोगों की मौत हुई। उस समय



भी खुलासा हुआ था कि इमारत में निकास के पर्याप्त रास्ते नहीं थे, सीढ़ियां सामान से भरी थी और खिड़कियों पर लोहे की ग्रिलें लगी थी। जहरीले धुएं ने मजदूरों को सोते हुए ही मौत की नींद सुला दिया।

12 फरवरी 2019 को करोल बाग के अर्पित पैलेस होटल में लगी आग में 17 लोगों की जान गई। जांच में सामने आया कि होटल में अवैध निर्माण हुआ था और सुरक्षा उपकरण पर्याप्त नहीं थे। 2022 में मुंडका की व्यावसायिक इमारत में लगी आग में 27 लोगों की मौत हुई। वहां भी केवल एक निकास मार्ग था और सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई थी। उसी वर्ष गोकुलपुरी की झुग्गी बस्ती में आग से 7 लोगों की जान चली गई। 2024 में अलीपुर की अवैध पेंट फैक्टरी में लगी आग में 11 लोगों की मौत हुई। 2026 में पालम और विवेक विहार में हुए अग्निकांडों में नौ-नौ लोगों की जान गई। अब मालवीय नगर की त्रासदी ने मृतकों की सूची में 21 और नाम जोड़ दिए हैं। दिल्ली फायर सर्विस के आंकड़े बताते हैं कि जनवरी 2026 से 27 मई 2026 तक आग की घटनाओं में 45 लोगों की मौत हो चुकी थी। इसके बाद विवेक विहार और मालवीय नगर की घटनाओं को जोड़ दें तो यह संख्या 67 से अधिक हो चुकी है। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं बल्कि उन परिवारों की बर्बादी का दस्तावेज है, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसी इमारतें बन कैसे जाती हैं? कैसे आवासीय भवनों में व्यावसायिक गतिविधियां चलने लगती हैं? कैसे छह कमरों की अनुमति वाले भवन में 25 कमरे बन जाते हैं? कैसे फायर एनओसी के बिना होटल, रेस्टोरेंट और फैक्ट्रियां वर्षों तक संचालित होती रहती हैं? कैसे चार मंजिल की अनुमति वाले क्षेत्र में छह-सात मंजिलें खड़ी हो जाती हैं? इन सवालों का जवाब किसी जांच आयोग की मोटी रिपोर्ट में नहीं बल्कि भ्रष्टाचार की उस जड़ में छिपा है, जिसने पूरे सिस्टम को खोखला कर दिया है। यदि कोई अवैध इमारत बनती है तो वह एक दिन में नहीं बनती। उसकी नींव पड़ती है, दीवारें उठती हैं, मंजिलें तैयार होती हैं, बिजली के कनेक्शन लगते हैं, पानी के कनेक्शन मिलते हैं और फिर व्यापार शुरू होता है। इस पूरी प्रक्रिया में अनेक सरकारी विभागों की आंखों के सामने सब कुछ होता है। इसलिए यह कहना कि प्रशासन को जानकारी नहीं थी, वास्तविकता से आंखें मूंदना होगा। सच यह है कि ऐसी अधिकांश इमारतें प्रशासन और कारोबारियों की मिलीभगत का परिणाम होती हैं। मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और विधायक घटनास्थल पर पहुंचते हैं। जांच के आदेश दिए जाते हैं, मुआवजे की घोषणाएं होती हैं और कुछ अधिकारियों को निलंबित कर दिया जाता है। लेकिन क्या कभी किसी बड़े अधिकारी को कठोर दंड मिला? क्या कभी किसी विभागीय प्रमुख को जवाबदेह ठहराया गया? क्या कभी ऐसी कार्रवाई हुई कि भविष्य में कोई अधिकारी नियमों की अनदेखी करने का साहस न कर सके? दुर्भाग्य से जवाब है 'नहीं'। मालवीय नगर का हादसा भी केवल एक होटल या रेस्टोरेंट की कहानी नहीं है। यह उस पूरे शहरी विकास मॉडल पर प्रश्नचिह्न है, जहां मुनाफा मानव जीवन से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। दिल्ली में हजारों ऐसी इमारतें हैं, जहां फायर सेफ्टी के उपकरण या तो हैं ही नहीं या केवल दिखावे के लिए लगाए गए हैं। अनेक भवनों में इमरजेंसी एग्जिट कागजों में मौजूद हैं लेकिन वास्तविकता में बंद पड़े हैं। कई जगहों पर बेसमेंट का उपयोग पार्किंग की बजाय व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। संकरी गलियों में बहुमंजिला भवन खड़े हैं, जहां दमकल की गाड़ियां तक नहीं पहुंच सकती।

अब समय आ गया है कि केवल जांच और मुआवजे की राजनीति से आगे बढ़ा जाए। दिल्ली में सभी होटलों, गेस्ट हाउसों, रेस्टोरेंटों, अस्पतालों, फैक्ट्रियों और बहुमंजिला इमारतों का व्यापक सुरक्षा ऑडिट कराया जाए। फायर एनओसी की व्यवस्था डिजिटल और पारदर्शी बने। अवैध निर्माण पर केवल जुर्माना नहीं बल्कि तत्काल ध्वस्तीकरण हो। सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले भवन मालिकों और जिम्मेदार अधिकारियों पर गैर-इरादतन हत्या नहीं बल्कि कठोर आपराधिक मुकदमे दर्ज हों। जब तक जवाबदेही की तलवार ऊपर तक नहीं पहुंचेगी, तब तक नीचे कोई नहीं सुधरेगा। मालवीय नगर की आग में मारे गए लोग किसी राजनीतिक बहस का हिस्सा नहीं थे, वे आम नागरिक थे, जिनमें महिलाएं थी, विदेशी नागरिक थे, मरीजों के परिजन थे और बेहतर जीवन की उम्मीद लेकर वहां ठहरे हुए लोग थे। आज जरूरत शोक व्यक्त करने से ज्यादा आत्ममंथन की है। उपहार कांड से लेकर मालवीय नगर तक लगभग तीन दशक बीत चुके हैं लेकिन व्यवस्था की मानसिकता नहीं बदली। यदि इस बार भी कुछ दिनों के शोर-शराबे के बाद सब कुछ सामान्य हो गया तो यकीन मानिए, अगला अग्निकांड केवल समय का प्रश्न होगा। तब फिर वही सवाल गूंजेगा कि आखिर बेगुनाह लोगों की जान से खेलते इस सिस्टम का जिम्मेदार कौन है? (लेखक 36 वर्षों से पत्रकारिता में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार और 'सागर से अंतरिक्ष तक- भारत की रक्षा क्रांति' सहित कई चर्चित पुस्तकों के लेखक हैं)(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

---

# दहलीज़ लांघती बेटियां, स्कूल बैग से ज़्यादा भारी है सामाजिक अपेक्षाओं का बोझ

**(अतुल मौर्य)**

भोर की पहली धूप के साथ जब लड़कियाँ घर की देहरी लाँघती हैं, तो उनके कंधों पर स्कूल बैग से कहीं अधिक भारी बोझ होता है। राजस्थान के एक छोटे कस्बे की प्रिया हो, या दिल्ली के किसी सरकारी विद्यालय की रोशनी; सुबह छह बजे उठकर, रसोई में चाय बनाकर, छोटे भाई-बहनों को तैयार करके जब वे बस की ओर दौड़ती हैं, तो यह दौड़ केवल विद्यालय तक नहीं होती। वे उस संसार में कदम रखती हैं जो उनसे कहता है– प्रश्न करो, आत्मविश्वास रखो, अपने सपनों को नाम दो।

कक्षाओं में वे संविधान की समता पढ़ती हैं, विज्ञान में तर्क के सूत्र सीखती हैं, भाषा में अपनी अभिव्यक्ति को धार देती हैं। परंतु संध्या की छाया के साथ जब वही लड़कियाँ घर की ओर लौटती हैं, तो वे एक बिल्कुल भिन्न दुनिया में प्रवेश करती हैं।

यह दुनिया किताबों की भाषा नहीं बोलती। यहां आवाज़ का तेज़ होना असंस्कार माना जाता है, हँसी की ऊँचाई मापी जाती है। एक ओर कक्षा में शिक्षिका कहती हैं– बेटा, बोलो, संकोच मत करो; दूसरी ओर घर में दादी टोकती हैं– इतनी ज़ोर से हँसते नहीं, लड़की हो। यही वह अदृश्य विभाजन रेखा है जिसे हम प्रायः दैनंदिन जीवन की सामान्यता मानकर अनदेखा कर जाते हैं।

स्वीकृति के भीतर की अदृश्य सीमा

समाज अब लड़कियों की पढ़ाई का उस तरह विरोध नहीं करता जैसा कभी करता था। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस -5) के अनुसार देश में 15-24 वर्ष की आयु की महिलाओं में साक्षरता दर 90 प्रतिशत तक पहुँच गई है यह निस्संदेह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। किंतु इस स्वीकार्यता की परतों के नीचे भी एक अदृश्य रेखा खिंची रहती है। मार्च 2025 में बिहार के दानापुर की खुशबू कुमारी की कहानी पूरे देश ने देखी, जिसने कक्षा 10 में 500 में से 399 अंक लाए, पर परिवार ने विज्ञान की जगह कला वर्ग में दाखिला दिलाया। खुशबू डॉक्टर बनना चाहती थीं।

यह कोई अपवाद नहीं है। (उच्च शिक्षा की अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट) 2022-23 के आँकड़े बताते हैं कि उच्च शिक्षा में लड़कियों का नामांकन अनुपात बढ़ा है, परंतु इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर विज्ञान में उनकी उपस्थिति अभी भी एक-तिहाई से कम है। शिक्षण, परिचर्या और मानविकी, ये क्षेत्र इसलिए सामाजिक रूप से मान्य हैं क्योंकि इनमें देखभाल और सेवा का भाव दिखता है और समाज स्त्री को इन्हीं भावों से जोड़कर देखने का आदी है।

अभियांत्रिकी, न्यायशास्त्र, राजनीति, रक्षा-सेवाएँ या वैज्ञानिक शोध जैसे क्षेत्रों में जाने वाली लड़कियाँ अभी भी सामाजिक कल्पनाशीलता की परिधि से बाहर हैं। जो इन क्षेत्रों की ओर जाती हैं, उन्हें प्रत्यक्ष प्रतिबंध से अधिक सूक्ष्म असहजताओं से गुजरना पड़ता है जैसे कि सेना में जाओगी, फिर शादी कौन करेगा? या वकालत में घर कब सँभालोगी? जैसे प्रश्न उनके सपनों को 'यथार्थ' की कसौटी पर बार-बार परखते हैं। धीरे-धीरे लड़की स्वयं भी यह आत्मसात करने लगती है कि उसके सपनों की एक 'सामाजिक सीमा' है। उसे आगे बढ़ने की स्वतंत्रता है परंतु केवल उतनी, जितनी से स्थापित सामाजिक संरचना असहज न हो।

शिक्षाशास्त्री प्रो. कृष्ण कुमार की दृष्टि में समाज स्त्री को केवल विधि-निषेधों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संकेतों की एक सूक्ष्म भाषा से गढ़ता है। पहनावा, चाल, आवाज़ का आरोह-अवरोह इत्यादि, ये सब मिलकर एक अघोषित पाठ्यक्रम रचते हैं। इसकी अभिव्यक्ति कभी-कभी बेहद ठोस होती है। दिल्ली के कुछ विश्वविद्यालयों में एक शोध के दौरान छात्राओं से पूछा गया कि वे कक्षा में प्रश्न पूछने से क्यों हिचकती हैं।

उत्तर चौंकाने वाले थे कि लड़के हँसते हैं, प्राध्यापक सीरियसली नहीं लेते, घर में माँ कहती हैं ज़्यादा बोलना अच्छा नहीं। ये तीनों उत्तर तीन अलग-अलग दुनियाओं से आए थे परंतु एक ही निष्कर्ष पर मिलते थे – तुम्हारी आवाज़ का एक निर्धारित दायरा है। शायद इसीलिए बहुत-सी लड़कियाँ कम आयु में ही दो भिन्न संसारों के बीच एक अदृश्य सेतु बनाना सीख लेती हैं। विद्यालय में वे आत्मविश्वास से बोलती हैं, घर में संयम धारण करती हैं। वे जानती हैं कि किस परिसर में कितनी हँसी स्वीकार्य है, और कहाँ मौन ही समझदारी है। मनोविज्ञान इस प्रक्रिया को 'कोड-स्विचिंग' कहता है। कोड-स्विचिंग वह मानसिक श्रम है जो व्यक्ति को एक संदर्भ से दूसरे संदर्भ में जाते ही अपना व्यवहार, भाषा और अभिव्यक्ति बदलनी पड़ती है। यह श्रम अदृश्य है, थकाने वाला है, और अनिवार्यतः असमान क्योंकि यह लड़कियों से ही अपेक्षित है, लड़कों से नहीं।

---

# नरेंद्र मोदी के 12 साल- भरोसे के हकीकत में बदलने का दौर

**खैर यह सब होते हुए भी नरेन्द्र मोदी सरकार के सामने अभी चुनौतियां कम नहीं हैं। रोजगार सृजन, प्रति व्यक्ति आय में अंतर, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, जल जीवन मिशन के बावजूद पेयजल की सहज उपलब्धता, खेती की बरसात पर निर्भरता, परिसीमन आदि ऐसे बहुत से मुद्दे हैं जिन पर ठोस काम किया जाना है।**

**यदि मॉनिंग कंसल्ट की माने तो दुनिया के नेताओं की सूची पर एक नजर दौड़ाई जाएं तो केई भी वैश्विक नेता स्वीकार्यता में नरेन्द्र मोदी के आसपास भी नहीं टिकते।**

**(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)**

विपक्षी पार्टियां द्वारा लगातार देश और विदेश में अभियान चलाने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रेंकिंग या स्वीकार्यता के मामलें में वैश्विक नेताओं से बहुत आगे हैं। 68 प्रतिशत स्वीकार्यता नरेन्द्र मोदी की है जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की स्वीकार्यता रेंक लगातार नेगेटिव जा रही है। फालोवर्स में भी नरेन्द्र मोदी सबसे आगे हैं। दुनिया का संभवतः हमारा ही देश होगा जहां देश के बाहर भारत की छवि खराब करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही उसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह स्वीकार्यता निश्चित रुप से भारत ही नहीं दुनिया के अन्य देशों में भी उनकी लोकप्रियता और सर्वमान्यता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले चुनिंदा प्रधानमंत्री बन गए हैं। चुनिंदा इसलिए कि देश में पहले लोकसभा चुनाव 1952 में हुए पर पं. नेहरु 1947 से 1952 तक भी प्रधानमंत्री रहे। लगातार 12 साल कोई कम नहीं होते और वह भी लगातार 12 साल। सबसे बडी बात यह कि इस दौरान नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा ऐसे साहसिक निर्णय किये गये हैं जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। माना तो यही जाता था कि कश्मीर में धारा 370 और 35 ए हटाना, राममंदिर का निर्माण, डिजिटल क्रांति, वैश्विक नेतृत्व, नोटबंदी, एक देश एक कर, घर घर शोचालय, घर घर कचरा संग्रहण, रक्षा उपकरणों का निर्यात, किसान सम्मान, मेक इन इंडिया, इंडिया फर्स्ट, बड़ी अर्थ व्यवस्था, तेजी से ढांचागत विकास, डिजिटल भुगतान, नक्सलवाद की नेस्तनाबूदी, आत्मनिर्भर भारत, परिवहन क्षेत्र में ढांचागत बदलाव आदि आदि समय समय पर की जाने वाली घोषणाएं केवल चुनाव जीतने के जुमले हैं पर लगभग असंभव माने जाने वाले यह काम आज धरातल पर उतरना सबसे बड़ी उपलब्धी मानी जा सकती है। इससे सबके साथ ही सबसे आश्चर्य जनक बात यह है कि लाख विरोध के बावजूद विपक्ष आज हाशिये में चला गया है।

कश्मीर से धारा 370 और 35 ए की समाप्ति हो चुकी है। दुनिया के किसी देश ने खुलकर इसका विरोध करने



की हिम्मत नहीं दिखाई। बाबरी मस्जिद के स्थान पर राममंदिर का निर्माण हो चुका है तो तीन तलाक, सीएए, यूसीसी और यहां तक कि सर्जीकल स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिन्दुर तक पर दुनिया के किसी देश की भारत के खिलाफ खुलकर आवाज उठाने की हिम्मत नहीं हो पाई है। आज अर्थ व्यवस्था में जिस तेजी से बदलाव आया है और चौथी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनने के बाद अब तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनने की और तेजी से कदम बढ़ चुके हैं। जनधन योजना के समय जिस तरह से आलोचना का दौर चला था आज भुगतान में डिजिटलीकरण में इसकी बड़ी भूमिका तय हो चुकी है। जो लगभग असंभव माना जा सकता था वह आज डिजिटल भुगतान के माध्यम से संभव हो पाया है और पांच रु. के टमाटर का भुगतान भी सब्जीवाले तक को यूपीआई से आसानी से होने लगा है। सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजना के भुगतान, पेंशन, अनुदान आदि आज सीधे खातों में जाने लगे हैं। यह किसी दिवा स्वप्न से कम नहीं है। आईपीसी सीपीसी में बदलाव किया जा चुका है। तो जीएसटी में लाख कमियां गिनाने के बावजूद आज समूचा देश एक देश एक कर के छाते के नीचे आ चुका है। बुनियादी ढांचें में तेजी से बदलाव आया है। आज वंदे भारत और नमो भारत ट्रेन चलने लगी है तो 33 किमी प्रतिदिन हाईवे का निर्माण हो रहा है। एक्सप्रेस हाईवे से आवागमन आसान हुआ है। आयुष्मान योजना से 50 करोड़ लोगों को जोड़ा जा चुका है तो सस्ती जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता का नेटवर्क विस्तारित किया गया है। आज 98 प्रतिशत घरों से घर घर कचरा संग्रहण होने लगा है तो अब घर घर में शोचालय बन चुके हैं। कोरोना के दौरान हमारे प्रयासों को सारी दुनिया द्वारा सराहा गया यहां तक कि कोरोना के दौरान जीवन रक्षक की भूमिका में भारत ने भूमिका निभाई। किसानों की आय में बढ़ोतरी के ठोस प्रयास हुए हैं तो किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को उनका आत्मसम्मान उपलब्ध कराया गया है। एमएसपी व्यवस्था में सुधार हुए हैं तो खेती किसानी के क्षेत्र में बदलाव छाप दिखाई दे रहा है। मेक इन इंडिया और इंडिया फर्स्ट भी आज साकार होता दिखाई दे रहा है। आज हम रक्षा उपकरणों का निर्यात करने लगे हैं तो सहस्त्रबलों के आधुनिकीकरण और निर्णय की स्वतंत्रता का परिणाम है कि आज सेनाएं आत्मगौरव के साथ आगे बढ़ रही है। आज देश आत्म निर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

जहां तक कूटनीतिक स्तर पर सफलता की बात है तो भारत आज पिछलग्गू देशों में नहीं बल्कि दुनिया का नेतृत्व करने की स्थिति में आ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लाख प्रयासों के बावजूद भारत के खिलाफ कुछ खास कर नहीं पा रहे हैं। पाकिस्तान के पक्ष में आज तुरकिया जैसे एकाध को छोड़कर कोई देश बोलने की स्थिति में नहीं है। मालदीव को नरेन्द्र मोदी के एक फोटो ट्वीट ने सबक सीखा दिया तो दूसरे देश भी भारत की ताकत को समझने लगे हैं।

खैर यह सब होते हुए भी नरेन्द्र मोदी सरकार के सामने अभी चुनौतियां कम नहीं हैं। रोजगार सृजन, प्रति व्यक्ति आय में अंतर, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, जल जीवन मिशन के बावजूद पेयजल की सहज उपलब्धता, खेती की बरसात पर निर्भरता, परिसीमन आदि ऐसे बहुत से मुद्दे हैं जिन पर ठोस काम किया जाना है। देश में जिस तरह से पेपर लीक होने के मामले सामने आये हैं इससे युवाओं में निराशा हुई है उसे दूर करने की चुनौती सामने हैं तो स्टार्ट अप और कौशल विकास के बावजूद बेरोजगारी की दर अभी भी चिंतनीय स्तर पर है। साइबर क्राइम और गेमिंग जैसी नई चुनौतियां तो सोशल मीडिया के दुरुपयोग और अत्यधिक उपयोग के साइड इफेक्ट आदि अनेक समस्याएं समाधान चाहती है। देश आज तेजी से एक देष एक चुनाव के धरातल पर उतरने का इंतजार कर रहा है। रिन्यूवल एनर्जी पर बहुत कुछ हासिल करने के बावजूद अमेरिका ईरान युद्ध के कारण जिस तरह से तेल और एलपीजी का संकट आया है इसका भी दीर्घकालीन समाधान खोजा जाना है। हांलाकि समस्याएं अनवरत और नियमित प्रक्रिया है पर दीर्घकालीन योजनाओं से आसानी से निपटा जा सकता है।

इस सबके बावजूद देशवासियों को नरेन्द्र मोदी के प्रति पूरा भरोसा है। यही कारण है कि विपक्ष की लाख आलोचनाओं के बावजूद नरेन्द्र मोदी की स्वीकार्यता और भरोसे व उनके आत्मविश्वास में किसी तरह की कमी नहीं आई है। सौ टके की बात कही जाएं तो नरेन्द्र मोदी की अपार उपलब्धियों के बावजूद चुनौतियां भी अपार है और सबसे अच्छी बात यह कि देशवासियों का उनपर भरोसा भी पूरा है और वैश्विक स्वीकार्यता भी सबसे अधिक है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# झारखण्ड हाईकोर्ट ने सीआईडी पर तरेरी आंखें

## जांच की धीमी रफ्तार पर कहा मामला लंबे समय तक ₹कोल्ड स्टोरेजर₹ में पड़ा रहा?

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। झारखंड के बोकारो जिले से पांच साल पहले लापता हुई एक नाबालिग छात्रा का अब तक कोई सुराग नहीं मिलने पर झारखंड हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने मामले की जांच कर रही सीआईडी से सवाल किया कि आखिर इतने लंबे समय बाद भी छात्रा को खोजने के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने जांच की धीमी रफ्तार पर चिंता जताते हुए कहा कि मामला लंबे समय तक ₹कोल्ड स्टोरेजर₹ में पड़ा रहा। यह मामला बोकारो जिले के पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के कुरमा गांव का है। यहां 16 अक्टूबर 2020 को नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी। छात्रा उस दिन सुबह करीब 10:45 बजे ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। करीब एक घंटे बाद ग्रामीणों को सड़क किनारे उसकी साइकिल और स्कूल बैग मिला। बैग से किताबें बिखरी हुई थीं। इसके बाद से छात्रा का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। लापता छात्रा की मां उषा झा द्वारा दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए जांच की प्रगति पर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि पांच साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पीड़िता की बरामदगी नहीं हो पाई है, जो गंभीर चिंता का विषय है।सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि जांच अधिकारी ने 21 सितंबर 2022 को निचली अदालत को जानकारी दी थी कि इस मामले में चार लोग संदेह के दायरे में हैं। इनमें जनता तुरी, रहमाली अंसारी, राम नारायण हेंब्रम और गणेश लाल मिश्रा के नाम शामिल हैं। बताया गया कि इन चारों ने नार्को टेस्ट कराने के लिए सहमति भी दी थी। कोर्ट को बताया गया कि चार संदिग्धों में से तीन लोगों का नार्को विश्लेषण टेस्ट कराया गया था, जबकि रहमाली अंसारी को चिकित्सकीय रूप से इस परीक्षण के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इस पर हाईकोर्ट ने सीआईडी से पूछा कि अंसारी को मेडिकल रूप से अयोग्य साबित करने के लिए कौन-कौन से दस्तावेज पेश किए गए थे।

अदालत ने सवाल उठाया कि जब रहमाली अंसारी को उस समय टेस्ट के लिए अयोग्य बताया गया था, तो बाद में यह जांचने की कोई कोशिश क्यों नहीं की गई कि वह अब परीक्षण के लिए फिट है या नहीं। कोर्ट ने कहा कि यह भी स्पष्ट नहीं है कि भविष्य में उसका नार्को टेस्ट कराने के लिए कोई कदम उठाया गया या नहीं।

### महिलाओं को लगे पंख

**जहानाबाद।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना अंतर्गत जिले की करीब 1.82 लाख महिलाओं के खातों में पहली किस्त के रूप में 10-10 हजार रुपये भेजे गए थे। इस राशि का उपयोग महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने अथवा पहले से संचालित छोटे व्यवसाय को विस्तार देने के लिए करना था।

पहली किस्त के उपयोग और व्यवसाय की प्रगति का मूल्यांकन करते हुए अब दूसरी किस्त के लिए लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। प्रथम फेज में अब तक 1,864 महिलाओं का चयन दूसरी किस्त के लिए किया जा चुका है।

महिला रोजगार योजना की नोडल पदाधिकारी आईसा नायक ने बताया कि दूसरी किस्त के लिए चयन प्रक्रिया पूरी तरह जांच और सत्यापन के आधार पर किया जा रहा है। नौ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर लाभार्थियों की गतिविधियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। इनमें पहली किस्त की राशि का सही उपयोग, व्यवसाय की स्थिति, समूह की बैठकों में नियमित उपस्थिति, बैंकिंग गतिविधियों में सहभागिता, आजीविका संबंधी कार्यों में सक्रियता तथा अन्य निर्धारित मानकों का अनुपालन शामिल है।

# बिना लाइसेंस चल रहे रिसॉर्ट को प्रशासन ने किया सील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** नगर निगम ने बिना लाइसेंस संचालित हो रहे प्रतिष्ठानों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए वार्ड संख्या 23 स्थित उत्सव रिसॉर्ट को सील कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए धनबाद नगर आयुक्त आशीष गंगवार ने बताया कि जांच में पाया गया कि धनबाद शहरी क्षेत्र में करीब 177 रिसॉर्ट का संचालन, धर्मशाला, विवाह भवन, बैंक्वेट हॉल, लॉज एवं हॉस्टल निर्माण एवं अनुज्ञप्ति नियमावली, 2013 के तहत आवश्यक लाइसेंस प्राप्त किए बिना किया जा रहा था। नगर निगम द्वारा पूर्व में सार्वजनिक सूचना और नोटिस जारी कर संबंधित प्रतिष्ठान को आवश्यक अनुज्ञप्ति प्राप्त करने का अवसर दिया गया था। बावजूद इसके निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान प्रतिष्ठान को झारखंड नगर पालिका अधिनियम, 2011 एवं नियमावली, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए संचालित पाया गया। इसके बाद निगम प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से उत्सव रिसॉर्ट के संचालन पर रोक लगाते हुए परिसर को सील करने की कार्रवाई की। नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि नगर क्षेत्र में संचालित सभी विवाह भवन, बैंक्वेट हॉल, लॉज, हॉस्टल एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निर्धारित नियमों के अनुसार आवश्यक अनुज्ञप्ति और स्वीकृतियां प्राप्त करना अनिवार्य है।नगर

### नगर निगम ने चला रखा है विशेष जांच अभियान

आयुक्त ने सभी संचालकों से नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील करते हुए चेतावनी दी है कि अनधिकृत रूप से संचालित प्रतिष्ठानों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### चार घंटे का रहेगा टीआरटी ब्लॉक

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के महालीमुरूप और सीनी स्टेशनों के बीच रेल प्रशासन ट्रैक रिन्यूअल मशीन (टीआरटी) के जरीए स्लीपर बदले का कार्य 12 और 14 जून को करेगी। इस वजह से रेलवे ने महालीमुरूप- सीनी डाउन रेल लाइन में शुक्रवार और रविवार को 03:45 घंटे का टीआरटी ब्लॉक लिया। ब्लॉक सुबह 09:30 बजे से लेकर 01:15 बजे तक रहेगी। ब्लॉक के कारण रेल प्रशासन ने 06 मेमू ट्रेनों का परिचालन विभिन्न तिथियों में रद करने की घोषणा कर दी है। महालीमुरूप- सीनी डाउन रेल लाइन का स्लीपर बदलने के बाद इन स्टेशनों के बीच ट्रेनों का स्पीड रिस्ट्रिक्शन हटा जाएगी और ट्रेन धड़ल्ले से चलेगी। मेमू ट्रेनों के रद होने से डेली पैसेंजर को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# बारामुडी खटाल में मनाया गया लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**धनबाद।** गुरुवार को लालू प्रसाद यादव का जन्म दिन प्राथमिक विद्यालय,बारामुडी खटाल में सभी वर्गों के लोगों की उपस्थिति में मनाया गया । गोपाल यादव अपने संबोधन में लालू प्रसाद यादव का जन्म से लेकर आज तक की विभिन्न सामाजिक कार्य एवं उपलब्धियां आदि पर विचार देते हुए लोगों को उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज के विभिन्न तबके को सामाजिक आर्थिक ,राजनीतिक एवं शैक्षिक स्तर पर आगे बढ़ने और बढ़ाने में सहयोग की अपील की। उसके बाद एससी एसटी ओबीसी संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम सुधा के द्वारा केक काटकर लालू के चित्र पर केक खिलाते हुए लालू जी के सामाजिक न्याय के विचारों पर प्रकाश डाला। लालू यादव के जन्मदिन के अवसर पर कई गणमान्य सदस्यों ने उपस्थित होकर लालू यादव को चित्र पर केक खिलाते हुए अपने-अपने विचार दिए। सभी लोगों ने लालू यादव को स्वस्थ और सुरक्षित रह कर और सामाजिक न्याय के धारा के लोगों को मजबूत करने की कामना की। कार्यक्रम में ओम सुधा ,गोपाल यादव ,महेश यादव, बसंत यादव ,अशोक कुमार, नवल किशोर प्रसाद, अनिल कुमार, नेहरू हेंब्रम,आदित्य कुमार, रणवीर कुमार अजय कुमार विजय यादव, डब्लू यादव, रामाशंकर यादव, कमलेश यादव ,उदय यादव लालू यादव ,मुकेश यादव ,करण यादव ,मन्नू यादव ,नंदकिशोर सिंह सेवानिवृत शिक्षक आदि लोगों ने अपने-अपने विचारों से समाज को लालू यादव के बताए मार्ग पर चलकर सभी क्षेत्रों में विकास करने की बात को प्रमुखता से रखा। अंत में उपस्थित सभी सदस्यों को लालूप्रसाद के जन्मदिन के अवसर पर लड्डू और केक खिलाकर उनके स्वस्थ रहने की नारे को बुलंद किया गया ।

### बारिश से सड़कें हुई बेहाल

**नवादा।** अकबरपुर प्रखंड क्षेत्र की ग्रामीण सड़कों की जर्जर स्थिति हल्की वर्षा के बाद एक बार फिर उजागर हो गई है। क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे आवागमन जोखिम भरा बन गया है।

खासकर दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

सबसे अधिक खराब स्थिति गोपालपुर मोड़-मानेबिगहा सड़क तथा बरेब मोड़ से नेमदारगंज मोड़ तक जाने वाली सड़क की है। ये सड़कें आसपास के दर्जनों गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ती हैं और प्रतिदिन हजारों लोग इन रास्तों से आवागमन करते हैं। जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। कई स्थानों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों पूर्व तत्कालीन पथ निर्माण मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा कुछ सड़कों के निर्माण का शिलान्यास किया गया था।

# रात में हाथी ने तोड़ी स्कूल की चहारदीवारी

### लोगों में दहशत, अनाज किया बर्बाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चांडिल।** अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का उपद्रव दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। जंगल क्षेत्र के अलावा अब मैदानी क्षेत्र में स्थित गांवों में भी हाथियों की आवाजाही शुरू हो गई है।

जंगली हाथियों के अचानक आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंचकर उपद्रव मचाने के कारण लोग दहशत में रहने लगे हैं। भय के साये में रहने वाले लोग अब अंधेरा छाने के बाद अकेले घर से निकलने में कतराने लगे हैं।

जंगली हाथी खेतों में लगी फसलों का बर्बाद करने के साथ मकान, स्कूल और लोगों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं जंगल छोड़कर आबादी वाले क्षेत्र में आने के कारण जंगली हाथियों की भी अकाल मृत्यु हो रही है।

इधर बुधवार की रात के लगभग 1:30 बजे एक हाथी चांडिल प्रखंड के उरमाल पंचायत के प्राथमिक विद्यालय बिद्री पहुंचा। हाथी ने स्कूल के चारदीवारी को तोड़कर स्कूल के अंदर प्रवेश किया। स्कूल के अंदर प्रवेश करने के बाद हाथी किचेन शेड को तोड़कर लगभग 5 बोरा मध्यान्न भोजन का चावल को अपना आहार बनाकर और बिखेर कर बर्बाद किया।स्कूल का किचेन शेड के गिरने से लोहे का गैस चूल्हा के साथ अंदर रखे कई सामग्री को नुकसान पहुंचा है। इसकी सूचना मिलने के बाद वन विभाग के कर्मी स्कूल पहुंचे और क्षति का आकलन किया।वन विभाग के कर्मियों ने नुकसान का आकलन करने के बाद विभागीय कार्रवाई शुरू किया।

# बुजुर्ग ने खुद को किया आग के हवाले

### तालाब के किनारे आधार सहित रखा जरूरी दस्तावेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

जमशेदपुर। शहर के धतकीडीह तालाब के पास गुरुवार सुबह उस वक्त दहशत फैल गई, जब पारिवारिक कलह से टूट चुके एक 66 वर्षीय बुजुर्ग ने दिनदहाड़े खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे इस बुजुर्ग को आनन-फानन में टीएमएच (टाटा मेन हास्पिटल) में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दसगिड़ी बी-ब्लाक के फ्लैट नंबर-3 निवासी सत्तर खान (66 वर्ष) सुबह करीब 11:45 बजे तालाब के पास पहुंचे। उनके हाथ में पेट्रोल से भरी एक बोतल थी।

उन्होंने सबसे पहले अपने साथ लाए जरूरी दस्तावेज और आधार कार्ड की छायाप्रति तालाब किनारे एक सुरक्षित जगह पर रखी। इसके बाद बिना झिझके खुद पर पेट्रोल उड़ेला और माचिस जला ली। पलक झपकते ही वे आग का गोला बन गए, जिसे देख इलाके में चीख-पुकार मच गई।

लपटों में घिरे बुजुर्ग को तड़पता देख स्थानीय लोगों ने अदम्य साहस का परिचय दिया। लोग फौरन दौड़े और पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। हालांकि, चंद मिनटों में ही उनका शरीर बुरी तरह झुलस चुका था।

बिना समय गंवाए लोगों की मदद से उन्हें तुरंत टीएमएच ले जाया गया, जहां डाक्टरों की टीम सघन निगरानी में उनका इलाज कर रही है। घटनास्थल पर मौजूद मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि बुरी तरह जलने के बावजूद सत्तर खान शुरू में होश में थे और बातचीत कर रहे थे।

### सोशल मीडिया से जुड़ेंगे शिक्षक

**बेगूसराय।** बिहार शिक्षा विभाग ने राज्य में प्रभावी शिक्षण एवं त्वरित सूचना संप्रेषण को सुनिश्चित करने के लिए सभी शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षा पदाधिकारियों को सोशल मीडिया चैनलों से जोड़ने का निर्देश जारी किया है।प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लर्निंग आउटकम में सुधार और शैक्षणिक गतिविधियों के बेहतर संचालन के उद्देश्य से राज्य स्तर पर चार अलग-अलग चैनलों का निर्माण किया गया है। निर्देश के अनुसार, फाउंडेशनल स्टेज (कक्षा पहली और दूसरी), प्रिपरेटरी स्टेज (तीसरी से पांचवीं), मिड्ल स्टेज (छठी से आठवीं) तथा काम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर के लिए अलग-अलग सोशल मीडिया चैनल बनाए गए हैं। संबंधित शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों, जिला शिक्षा पदाधिकारियों तथा अन्य शिक्षा कर्मियों को अपने-अपने स्तर के चैनलों से जुड़ना होगा।शिक्षा विभाग का मानना है कि इन चैनलों के माध्यम से शैक्षणिक सामग्री, प्रशिक्षण संबंधी जानकारी, विभागीय निर्देश एवं नवाचारों का त्वरित आदान-प्रदान संभव हो सकेगा।

# राज्य सभा चुनाव में जताई हार्स ट्रेडिंग की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने भाजपा पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा की दोनों सीटों पर महागठबंधन की जीत तय है और एक सीट पर झामुमो तथा दूसरी सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार विजयी होंगे। जामताड़ा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विनोद पांडे ने कहा कि महागठबंधन पूरी एकजुटता और मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहा है।

गठबंधन के भीतर किसी प्रकार का मतभेद या आशंका नहीं है और सभी सहयोगी दल अपने उम्मीदवारों के समर्थन में एकजुट हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों सीटें महागठबंधन के खाते में जाएंगी।

भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में पार्टी की स्थिति ऐसी हो गई है कि वह अपना उम्मीदवार तक मैदान में नहीं उतार सकी। इसके बजाय एक निर्दलीय प्रत्याशी को समर्थन देकर राज्य का राजनीतिक माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की रणनीति से कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

विनोद पांडे ने राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग की संभावना से भी पूरी तरह इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि जब भाजपा अपना उम्मीदवार उतारने के बजाय एक निर्दलीय प्रत्याशी का समर्थन कर रही है, तो उसकी मंशा पर स्वाभाविक रूप से संदेह पैदा होता है।

उनका कहना था कि इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि चुनाव को किस दिशा में ले जाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राज्यसभा चुनाव को लेकर पूरे राज्य का राजनीतिक वातावरण दूषित करने का प्रयास कर रही है। हालांकि, महागठबंधन के विधायक पूरी तरह एकजुट हैं और चुनाव परिणाम गठबंधन के पक्ष में ही आएंगे।

इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक मंडल, जिला अध्यक्ष नरेंद्र मुर्मू, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सगीर खान, युवा नेता प्रदीप मंडल, परेश यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पांच माह से वेतन नहीं, भुखमरी की स्थिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** मझिआंव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत लगभग 300 कर्मियों को पांच माह से वेतनमान नहीं मिलने के कारण स्वास्थ्य कर्मियों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड अंतर्गत 45 मुख्य एनएचएम स्टाफ हैं।

जिसमें आठ डाक्टर, 11 सीएचओ, एक बीपीएम, 16 एएनएम, नौ नेत्र सहायक, एलटी, एसटीएस, एमटीएस व अन्य लोग शामिल हैं। इसके साथ-साथ तीन सीटीटी, 11 सहिया साथी एवं 201 सहिया को जनवरी से लेकर अब तक वेतनमान नहीं मिला है।

कुछ कर्मियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया की लगभग पांच माह से वेतन मिल नहीं मिलने के कारण हमलोग भूख मरी के हाल में पहुंच गए हैं। फिर भी मजबूरी में हम सब पूर्व की तरह स्वास्थ्य विभाग में डटकर कम कर रहे हैं।

### दुकानदारों ने मुंह मोड़ा, भोजन के पड़े लाले

कुछ लोगों का कहना है कि अगर इसी तरह से रहा तो कुछ कर्मियों को परिवार चलाना मुश्किल हो जाएगा। जो सहिया घर-घर जाकर अपना कार्य करती है आज वो बुरा हाल में है। फिर भी स्वास्थ्य कर्मी अपने कार्यों में सजगता के साथ डटे हुए हैं।

इधर बुद्धिजीवियों का कहना है कि सभी कर्मी तीनों प्रखंड में लाखों लोगों की जिंदगियां बचाने का काम करते हैं। लेकिन आज उनका ही वेतनमान नहीं मिलना पीड़ादायक है। साथ ही कर्मियों में आक्रोश होना लाजिमी है।

वहीं विभाग से मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग में कार्य कर रहे आउटसोर्सिंग कर्मियों को भी तीन माह से वेतनमान नहीं मिला है। जिससे आउटसोर्सिंग स्टाफ भी बुरे हाल में हैं।

# 15 जून तक विद्युत व्यवस्था रहेगी प्रभावित

## पेड़ों की डालियों की छटनी व जंपर मरम्मत का किया जाएगा कार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गढ़वा। विद्युत विभाग द्वारा आगामी बरसात के मद्देनजर विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित व सुचारू बनाए रखने के लिए 11 जून से 15 जून तक विभिन्न फीडरों में मरम्मत कार्य व पेड़ की डालियों की छंटनी की जाएगी।

इस दौरान सुबह सात बजे से 10 बजे तक 3 घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए कार्यपालक विद्युत अभियंता पंकज कुमार गौतम ने बताया कि शटडाउन के दौरान परसवान, सरांग, विशुनपुरा, धुरकी 33 केवीए विद्युत लाइन में पेड़ों की डालियों की छटनी व जंपर मरम्मत का कार्य किया जाएगा।

33 केवीए परसवान, 33 केवीए सरांग, विशुनपुरा तथा 33 केवीए धुरकी विद्युत सब स्टेशन से संचालित 11 केवीए विद्युत लाइनों से जुड़े धुरकी, परसवान, विशुनपुरा एवं श्री बंशीधर नगर क्षेत्र में निर्धारित अवधि के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। साथ ही जरूरत के अनुसार अलग-अलग फीडरों में भी कार्य किया जा सकता है।

कई स्थानों पर पेड़ों की डालियां विद्युत लाइनों के संपर्क में आ रही है, जिससे बरसात और तेज हवा के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा 15 जून के आसपास मानसून की बारिश होने की संभावना जताई गई है।

इसे देखते हुए विभाग पहले से



आवश्यक तैयारी कर रहा है। ताकि बारिश के दौरान विद्युत आपूर्ति प्रभावित न हो, उपभोक्ताओं को और बेहतर विद्युत सेवा मिल सके। विभाग में उपभोक्ताओं से सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने की अपील किया है।

# अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का डंडा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों तथा बिहार सड़क सुरक्षा परिषद, परिवहन विभाग, बिहार द्वारा निर्गत निदेशों के आलोक में आज अररिया जीरोमाइल स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी, अररिया विनोद दूहन एवं पुलिस अधीक्षक, अररिया जितेन्द्र कुमार ने स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर अभियान का नेतृत्व किया।

अभियान के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि एवं राइट ऑफ वे क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया तथा संबंधित व्यक्तियों को पूर्व में निर्गत नोटिसों के अनुपालन की समीक्षा की गई। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि यह कार्रवाई माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षा से संबंधित निदेशों के अनुपालन में की जा रही है।

इस क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध अतिक्रमण सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती उत्पन्न करता है तथा दुर्घटनाओं की आशंका को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची एवं स्थानीय स्तर पर किए गए सर्वेक्षण के आधार पर अतिक्रमित स्थलों को चिन्हित किया गया है। सभी संबंधित व्यक्तियों को नियमानुसार पूर्व में नोटिस भी निर्गत किया गया था, जिसके उपरांत यह कार्रवाई की जा रही है।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेशों के आलोक में जिले से होकर गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर चरणबद्ध तरीके से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि, सड़क किनारे के सुरक्षा क्षेत्र एवं राइट ऑफ वे पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा, निर्माण, दुकान, अस्थायी संरचना, होर्डिंग अथवा अन्य अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### केवल खनिज संपदा ...

विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण (बीओसीडब्ल्यू) योजना के संचालन में राज्यों को अधिक लचीलापन दिया जाए, ताकि प्रवासी और निर्माण श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को जिला मुख्यालयों से पंचायत स्तर तक पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है। पंचायत स्तरीय दवा दुकान योजना के तहत राज्य के 24 जिलों में 1276 दवा दुकानें संचालित हो रही हैं। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में केंद्र सरकार से सहयोग की मांग की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आज हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स और तीरंदाजी जैसे खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। राज्य ने देश को अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। ऐसे में झारखंड राष्ट्रीय स्तर के हॉकी और फुटबॉल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना का स्वाभाविक दावेदार है। उन्होंने कहा कि यह केवल खेल का विषय नहीं, बल्कि आदिवासी और ग्रामीण युवाओं को अवसर देने का प्रश्न है।

मुख्यमंत्री ने खेल महासंघों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए उनके पुनर्गठन की भी मांग की तथा राज्यों की भागीदारी वाली समितियों के गठन का सुझाव दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के समक्ष झारखंड की वित्तीय मांगों को भी प्रमुखता से रखा।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत लंबित लगभग 6000 करोड़ रुपये की राशि जल्द उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि पेयजल योजनाओं का कार्य समय पर पूरा हो सके।

उन्होंने कोयला कंपनियों और केंद्रीय उपक्रमों पर झारखंड की लंबित 1।36 लाख करोड़ रुपये की बकाया राशि का भी मुद्दा उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि यह राशि राज्य को प्राप्त होती है तो इसका उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और मानव संसाधन निर्माण जैसे क्षेत्रों में किया जा सकता है, जिससे लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को केवल खनिज निकालने वाले राज्य के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। राज्य में वैल्यू एडिशन, मैन्युफैक्चरिग, क्रिटिकल मिनरल आधारित उद्योग, ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स और एग्रो-फूड प्रोसेसिग क्षेत्रों में बड़े निवेश की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित खनिज अन्वेषण और सतत खनन प्रणाली को बढ़ावा देना चाहता है तथा इस दिशा में केंद्र सरकार के सहयोग की अपेक्षा रखता है।

सीएम हेमंत ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि यदि देश को विकसित भारत बनाना है तो झारखंड जैसे राज्यों को केवल संसाधनों के स्रोत के रूप में नहीं, बल्कि विकास के साझेदार के रूप में देखा जाना चाहिए।

उन्होंने नीति आयोग से झारखंड के लिए दीर्घकालिक विकास दृष्टि तैयार करने और राज्य की खनिज संपदा को मानव संपदा में बदलने की दिशा में सहयोग देने का आग्रह किया।

# रोज महंगा हो रहा है क्रूड

नई दिल्ली, एजेंसी। पश्चिम एशिया में हालात फिर बिगड़ गए हैं। अमेरिका और ईरान ने कल फिर एक-दूसरे पर हमले किए। इसे देखते हुए इंटरनेशनल क्रूड ऑयल मार्केट में भाव फिर चढ़े। बाजार में मानक ब्रेंट क्रूड के दाम करीब दो फीसदी चढ़े हुए दिखे। पर अपने देश में पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी तेल कंपनियों ने गुरुवार, 11 जून 2026 को भी दाम में कोई बदलाव नहीं किया।

### पिछले महीने 4 बार बढ़े हैं दाम

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव बीतने के बाद ही पेट्रोलियम कंपनियों ने बीते मई महीने में चार बार दाम बढ़ा चुकी है। ऐसा महज 11 दिनों में हुआ है। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई 2026 को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था। उसके बाद दाम में कोई

### लखनऊ में पेट्रोल 101 तो डीजल 95 के पार




बदलाव नहीं हुआ है। तेल कंपनियों की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है। एक अनुमान के मुताबिक क्रूड ऑयल महंगा होने से सरकारी तेल कंपनियों को रोजाना पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और जेट फ्यूल पर करीब 750 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। पेट्रोल-डीजल के भाव जब भी बदलते हैं, तब सुबह 6 बजे अपडेट हो जाते हैं। पेट्रोल-डीजल का रोज का रेट आप के जरिए भी जान सकते हैं। इंडियन ऑयल के कस्टमर के बाद स्पेस देकर अपने शहर का कोड लिखकर 9224992249 नंबर पर और बीपीसीएल उपभोक्ता के बाद स्पेस देकर अपने शहर का कोड लिखकर 9223112222 नंबर पर भेज जानकारी हासिल कर सकते हैं।

### डीजल की कीमत क्या है

सरकारी ऑयल कंपनियों के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है। कोलकाता में यह 99.02 रुपये, मुंबई में 97.83 रुपये और चेन्नई में 99.55 रुपये प्रति लीटर है। कच्चे तेल की कीमत में हाल में काफी बढ़ोतरी हुई है। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद यह करीब 50 फीसदी महंगा हो गया है।

### चढ़ ही रहा है क्रूड ऑयल

खाड़ी देशों में हमले जारी है। यही नहीं, अब तो व्यापारिक जहाजों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। इस वजह से गुरुवार को शुरुआती कारोबार में क्रूड ऑयल तेज दिखे। सुबह छह बजे ब्रेंट क्रूड के दाम में 2.01 फीसदी या 1.87 डॉलर प्रति बैरल की तेजी दिख रही है। इस समय इसका भाव 94.97 डॉलर प्रति बैरल दिख रहा है। इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड के दाम में भी 2.20 फीसदी की तेजी दिख रही है। अभी यह 92.01 प्रति बैरल पर ट्रेड होता दिख रहा है। लेकिन इंडियन बॉस्केट क्रूड का दाम गिरा है।

## भारतीय आमों के आयात पर कोई रोक नहीं, नेपाल ने किया साफ

नई दिल्ली, एजेंसी। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया है



जिनमें कहा गया है कि नेपाल ने भारत से आम के आयात पर प्रतिबंध या रोक लगा दी है। ये रिपोर्टें तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक हैं। नेपाल सरकार ने अपने 'प्लांट क्वारंटाइन एंड पेस्टिसाइड मैनेजमेंट सेंटर' के जरिये 10 जून 2026 को साफ किया है कि भारतीय आमों के आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। नेपाल को भारतीय आमों का निर्यात जारी निर्धारित फाइटो-सैनिटरी जरूरतों के पालन के साथ आयात की अनुमति जारी है। इन आवश्यकताओं का पालन करने और भारत सरकार की ओर से जारी वैध फाइटो-सैनिटरी प्रमाण पत्र जमा करने पर आयात परमिट और रिलीज ऑर्डर जारी किए जा रहे हैं। नेपाल को भारतीय आमों का निर्यात बिना किसी रुकावट के जारी है। जनवरी 2026 से अब तक कुल 149 खेपों में 2005 टन आम नेपाल को निर्यात किए गए हैं। अकेले जून 2026 में अब तक 266 टन की 18 खेपें निर्यात की जा चुकी हैं। हालांकि, नेपाल ने हाल ही में आयात की कुछ शर्तों में बदलाव किया है। इसमें हॉट वॉटर ट्रीटमेंट की आवश्यकता भी शामिल है। फिर भी भारत निर्धारित जरूरतों का पालन करते हुए निर्यात को सुगम बना रहा है। साथ ही, भारत ने बिना पूर्व परामर्श के नए फाइटो-सैनिटरी उपाय लागू करने के बारे में अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। समझौते और इंटरनेशनल प्लांट प्रोटेक्शन कन्वेंशन के ढांचे के अनुसार उचित द्विपक्षीय माध्यमों से इस मामले को आगे बढ़ा रहा है। हितधारकों, व्यापारियों और आम जनता को सलाह दी गई है कि वे आयात और निर्यात नियमों से संबंधित जानकारी के लिए आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। नेपाल को भारतीय आमों के निर्यात पर व्यापार प्रतिबंधों के बारे में अपुष्ट रिपोर्टों पर ध्यान न दें।

## चीन ने चौंकाया, ईरान युद्ध के बीच एक्सपोर्ट में लगा दी ऊंची छलांग

नई दिल्ली, एजेंसी। चीन ने एक बार फिर चौंकाया है। मई में चीन के एक्सपोर्ट में बंपर तेजी आई है। यह पिछले साल के मुकाबले 19.4 प्रतिशत बढ़ा है। ईरान युद्ध के असर के बावजूद टेक्नोलॉजी से जुड़े सामान का एक्सपोर्ट मजबूत बना रहा। चीन की कस्टम्स एजेंसी ने यह जानकारी दी। यह प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर है। अप्रैल में हुई 14.1 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी से यह बेहतर रहा। मई में इंपोर्ट में भी 27.4 प्रतिशत की उछाल आई। यह अप्रैल की 25.3 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी के मुकाबले तेज रफ़्तार थी। पिछले साल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस लौटने के बाद से ज्यादातर महीनों में अमेरिका को चीन का एक्सपोर्ट तेजी से गिरा था। वहीं, दक्षिण-पूर्व एशिया और यूरोप जैसे इलाकों में एक्सपोर्ट में उछाल आया था। ट्रंप की रफ्तार को लगातार रोकने की कोशिश कर रहे हैं। एक्सपोर्ट में इस मजबूती को ऑटो, टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े प्रोडक्ट्स, जैसे सेमीकंडक्टर और कंप्यूटिंग इक्विपमेंट के एक्सपोर्ट से सहारा मिला है। इस बीच, पिछले महीने विदेशों से चीन की तेल की खरीद आठ साल से ज्यादा के निचले स्तर पर आ गई। कस्टम्स डेटा के मुताबिक, मई में क्रूड इंपोर्ट गिरकर लगभग 3.3 करोड़ टन रह गया। यह रोजाना 78 लाख बैरल के बराबर है। अक्टूबर 2017 के बाद का यह सबसे निचला स्तर है। देश ने 2025 के दौरान औसतन रोजाना लगभग 1.16 करोड़ बैरल इंपोर्ट किया था। भारत के लिए इसका मतलब यह है कि अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड-वार और तीखा होगा। इससे ग्लोबल कंपनियां अपनी सप्लाई चेन सुरक्षित करने के लिए 'चाइना प्लस वन' स्ट्रेटेजी के तहत भारत का रुख तेजी से करेंगी। ये भारतीय मैन्युफैक्चरिंग के लिए बड़ा अवसर है।

## ग्लोबलफाउंड्रीज ने फर्मियोनिक के साथ साझेदारी की

नई दिल्ली, एजेंसी। सेमीकंडक्टर विनिर्माण कंपनी ग्लोबलफाउंड्रीज एक साझेदारी के तहत सरकारी समर्थन प्राप्त फर्मियोनिक के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) चिप बनाएगी। बृहस्पतिवार को जारी एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। फर्मियोनिक के आरएफ चिप ग्लोबलफाउंड्रीज द्वारा बनाए जाने वाले पहले भारतीय सेमीकंडक्टर होंगे। कंपनी पहले से क्वालकॉम, मीडियाटेक, ब्रॉडकॉम जैसी वैश्विक कंपनियों के लिए चिप बना रही है। बयान में कहा गया, ग्लोबलफाउंड्रीज इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड (जीएफ इंडिया) और उन्नत रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) समाधान पर केंद्रित भारतीय फैबलेस सेमीकंडक्टर स्टार्टअप फर्मियोनिक ने एक वाणिज्यिक साझेदारी की घोषणा की है। जीएफ इसके तहत फर्मियोनिक के आरएफ चिप का विनिर्माण करेगी। फर्मियोनिक सरकार की डिजाइन से जुड़ी प्रोत्साहन (डीएलआई) योजना के तहत भारतीय फैबलेस कंपनियों के शुरुआती समूह का हिस्सा है। भारतीय फैबलेस कंपनियों से तात्पर्य उन स्टार्टअप व भारतीय कंपनियों से है जो इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं माइक्रोप्रोसेसर (चिप) के लिए डिजाइन एवं सॉफ्टवेयर (आईपी) तो खुद बनाती हैं लेकिन उनके विनिर्माण या उत्पादन का काम विदेशों में स्थित कंपनियों से करवाती हैं। फर्मियोनिक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गौतम कुमार सिंह ने कहा, ग्लोबलफाउंड्रीज इंडिया के साथ हमारा सहयोग हमें जटिल, उत्पादन-स्तर के आरएफ सिलिकॉन (केवल प्रोटोटाइप नहीं) उपलब्ध कराने में सक्षम बनाता है।

महिंद्रा हर महीने 57,000 पेट्रोल और डीजल गाड़ियां बना सकती है

## महिंद्रा के पॉपुलर एसयूवी का घट गया है प्रोडक्शन, पश्चिम बंगाल के इलेक्शन से है कनेक्शन




नई दिल्ली, एजेंसी। थार, स्कोर्पियो और बोलेरो जैसी लोकप्रिय गाड़ियां बनाने वाली महिंद्रा एंड महिंद्रा की एसयूवी का प्रोडक्शन जून में 15 प्रतिशत तक गिर सकता है। इसकी वजह यह है कि कंपनी को पार्ट्स सप्लाई करने वाले कुछ प्रमुख सप्लायर कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स की भारी कमी से जूझ रहे हैं। महिंद्रा के लिए सबसे बड़ी दिक्कत एक बड़े वेंडर की तरफ से सप्लाई में 20-25 प्रतिशत की कमी आई है। इससे कंपनी के फैक्ट्री ऑपरेशन्स पर असर पड़ रहा है। यह कंपनी हर महीने 57,000 पेट्रोल और डीजल गाड़ियां बना सकती है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिमी राज्यों में मैन्युफैक्चरिंग हब में इस समय लेबर की भारी कमी है। इंडस्ट्री के अधिकारियों का कहना है कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश में मिनिमम वेज बढ़ने से प्रवासी मजदूरों के लिए स्थानीय नौकरियां ज्यादा आकर्षक हो गई हैं। इतना ही नहीं वेलफेयर स्कीम्स और ई-रिक्शा जैसे बढ़ते स्वरोजगार के मौकों ने पारंपरिक इंडस्ट्रियल हब की ओर होने वाले पलायन को और कम कर दिया है। इस बारे में महिंद्रा ने श्व्य के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। इलेक्ट्रिक ट्रक और बस बनाने वाली पुणे की कंपनी श्व्य मोबिलिटी के फाउंडर और चेयरमैन सुधीर मेहता ने कहा कि पुणे और औरंगाबाद के आस-पास ऑटोमोटिव क्लस्टर में लेबर की उपलब्धता में डिमांड और सप्लाई का साफ अंतर दिख रहा है। कुछ कॉन्ट्रैक्ट वर्कर फसल कटाई के सीजन में अपने गांव लौट गए हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल में हुई विधानसभा चुनावों के लिए गए प्रवासी वर्कर्स में से भी ज्यादातर लौटकर नहीं आए हैं। यूपी और बिहार में बेहतर आर्थिक अवसरों के कारण भी पश्चिमी भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेंटर्स की ओर पलायन कम हो रहा है। महिंद्रा एंड महिंद्रा की एसयूवी का प्रोडक्शन जून में 15 प्रतिशत तक गिर सकता है कंपनी के कुछ प्रमुख सप्लायर कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स की भारी कमी से जूझ रहे हैं एक बड़े वेंडर की तरफ से सप्लाई में 20-25 प्रतिशत तक की भारी कमी आई है लेबर की कमी सिर्फ ऑटोमोबाइल सेक्टर तक ही सीमित नहीं है। हाल ही में मॉनेटरी पॉलिसी की समीक्षा से पहले, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने ऑटोमोबाइल, कंस्ट्रक्शन, टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वैलरी, स्टील और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। मीटिंग में शामिल इंडस्ट्री के एक अधिकारी ने बताया कि कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री के लोगों ने कहा कि शहरी इलाकों में प्रवासी वर्करों की कम वापसी की वजह से सस्ते घरों की मांग कम हो गई है।

## गिरते-गिरते छह महीने के लो पर पहुंची सोने की कीमत

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छह महीने के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। ईरान पर अमेरिका के नए हमलों से कच्चे तेल की कीमत में करीब दो फीसदी तेजी आई है। इससे महंगाई और लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों को लेकर निवेशकों की चिंताएं और बढ़ गई हैं। अमेरिकी सेना ने ईरान में कई ठिकानों को निशाना बनाया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अगर कोई शांति समझौता नहीं हुआ तो ईरान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी।

सोने की कीमत आज कारोबार के दौरान 21 नवंबर के बाद के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। स्पॉट गोल्ड 0.2 प्रतिशत गिरकर 4,063.87 प्रति औंस पर आ गया। स्पॉट सिल्वर भी 0.9 प्रतिशत गिरकर 63.15 प्रति औंस पर आ गई। आशंका जताई जा रही है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें महंगाई बढ़ा सकती हैं। सोने को महंगाई से बचाव का जरिया माना जाता है, लेकिन ऊंची ब्याज दरों का असर इस धातु पर पड़ता है जिससे कोई रिटर्न नहीं मिलता। अमेरिका मई में महंगाई 4.2 प्रतिशत पर पहुंच गई जो इसका तीन साल का उच्चतम स्तर है।

**एमसीएक्स पर कीमत:** घरेलू बाजार में भी सोने और चांदी की कीमत में गिरावट आई है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत में 1,500 रुपये से ज्यादा गिरावट आई जबकि चांदी 5,000 रुपये सस्ती हो गई। 5 अगस्त की डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 1,48,017 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था और आज यह 1,46,518 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 1,46,444 रुपये तक गिरा।

इसी तरह 3 जुलाई की डिलीवरी वाली चांदी




पिछले सत्र में 2,35,505 रुपये प्रति किलो के भाव पर बंद हुई और आज गिरावट के साथ 2,31,671 रुपये पर खुली। शुरुआती कारोबार में यह 5,012 रुपये की गिरावट के साथ 2,30,493 रुपये तक गिरी। 10.10 बजे यह 1,306 रुपये यानी 0.55 फीसदी गिरावट के साथ 2,30,493 रुपये पर ट्रेड कर रही थी।

सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में गिरावट आई है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट वाला सोना 2130 रुपये की गिरावट के साथ 145640 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसी तरह 22 कैरेट वाले सोने की कीमत में 1950 रुपये की गिरावट आई है और यह 133500 रुपये पर आ गया। 18 कैरेट वाला सोना 1600 रुपये की गिरावट के साथ 109230 रुपये पर ट्रेड कर रहा है।

## प्लास्टिक के नोट भारत में भी चलेंगे, सोशल मीडिया से शुरू हुई इस कहानी को मिल गया विराम

नई दिल्ली, एजेंसी। इन दिनों सोशल मीडिया पर इस बात का जबरदस्त हल्ला है। कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि जल्दी ही भारत में भी प्लास्टिक के नोट चलन में आ जाएंगे। इसके बाद धीरे-धीरे पुराने नोट आउट हो जाएंगे। इसका असर दिखना शुरू हुआ और लोगों ने पुराने या बदहाल नोटों को लेना बंद कर दिया। इसके बाद रिजर्व बैंक को सामने आ कर स्थिति स्पष्ट करनी पड़ी।

सोशल मीडिया पर बीते कुछ दिनों से करेंसी नोटों के बारे में अजीव दावा किया जा रहा है। एक वीडियो में बताया जा रहा है कि भारत में 30 जून 2026 तक कागज के नोट बंद कर प्लास्टिक करेंसी चलाने की योजना है। इस वीडियो में 100 रुपये, 50 रुपये, 20 रुपये और 10 रुपये के नोट बदलने की बात की जा रही है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कथित आवाज का भी इस्तेमाल किया गया है।

इस अफवाह से रिजर्व बैंक असहज हुआ। फिर केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत काम करने वाले प्रेस इंफोर्मेशन ब्यूरो को सामने आना पड़ा। उसने रिजर्व बैंक के हवाले से



किया। पीआईबी ने सोशल मीडिया पर वायरल इस दावे को गलत बताया है। इसके मुताबिक ऋब्द्ध ने स्पष्ट किया है कि कागज के नोटों को वापस लेने या उनकी जगह प्लास्टिक करेंसी जारी करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है।

सोशल मीडिया के जमाने में पीआईबी ने लोगों से एक अपील भी की। पीआईबी ने कहा कि नोट के बारे में सिर्फ आधिकारिक वेबसाइट मतलब कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर ही करें भरोसा करें। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे किसी भी दावे पर नहीं। साथ ही इस तरक के दावे को बिना जांचे-परखे शेयर न करें।

प्रेस इंफोर्मेशन ब्यूरो ने लोगों से जागरूक नागरिक बनने को कहा है। उनसे कहा गया है कि यदि सोशल मीडिया पर भारत सरकार से जुड़ा कोई भी संदिग्ध या भ्रामक कंटेंट दिखता है तो उसकी शिकायत करें। यह शिकायत को कर सकते हैं। इस वायरल दावे की सच्चाई अलग है

रिजर्व बैंक ने इस दावे को खारिज किया है वायरल वीडियो फर्जी और डिजिटल रूप से एडिट किया गया है कागजी नोटों को प्लास्टिक करेंसी से बदलने की कोई योजना नहीं है ऐसा नहीं है कि भारत प्लास्टिक के नोट चलाने वाला पहला देश है।

# ज्यादा एथेनॉल वाले पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी खत्म, ईरान युद्ध के बीच सरकार का फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने ज्यादा एथेनॉल मिले पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी खत्म कर दी। अब 22 प्रतिशत से 30 प्रतिशत एथेनॉल वाले पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी नहीं लगेगी। सरकार ने इस बारे में एक नोटिफिकेशन जारी किया है। जानकारों का कहना है कि सरकार के इस फैसले से भविष्य में तेल की कीमतें स्थिर रखने में मदद मिल सकती है। साथ ही इससे एथेनॉल की मांग बढ़ेगी जिससे किसानों को भी फायदा होगा।

ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत में काफी तेजी आई है। यह 114 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। इससे सरकार का आयात बिल बढ़ गया है और चालू खाते का घाटा बढ़ रहा है। इसका असर रुपये पर भी दिख रहा है और डॉलर के मुकाबले इसमें काफी गिरावट आई है। भारत दुनिया में कच्चे तेल का तीसरा बड़ा आयातक और उपभोक्ता है। यही वजह है कि सरकार वैकल्पिक ईंधन पर जोर दे रहा है ताकि आयात में कमी की जा सके।

सरकार ने हायर एथेनॉल वाले पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी खत्म कर दी है लेकिन टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक यह



संभव है कि एथेनॉल ब्लेंडिंग का लेवल बढ़ाने का आदेश न दे, बल्कि फ्लेक्स फ्यूल गाड़ियों के बारे में फैसला खरीदारों पर छोड़ दे। इसकी वजह यह है कि कई लोगों ने चिंता जताई है कि श्व20 से श्व25 पर तेजी से जाने से मौजूदा गाड़ियों के इंजन खराब हो सकते हैं।

2012 और मार्च 2023 के बीच बनी ज्यादातर कारें और दो-पहिया गाड़ियां श्व10 के अनुकूल थीं। इसी तरह अप्रैल 2023 से बनी गाड़ियां के अनुकूल थीं यानी उन्हें 20 प्रतिशत तक एथेनॉल मिले पेट्रोल के साथ चलने के लिए डिजाइन किया गया है। लेकिन अप्रैल 2025 से बेची जाने वाली गाड़ियां ही पूरी तरह से अनुकूल हैं। स्टैंडर्ड तैयार कर रही है, जिससे पेट्रोल में 30 प्रतिशत तक एथेनॉल मिलाने की इजाजत मिल सकेगी। इसके अलावा श्व25 गाड़ियों के लिए ट्रायल भी शुरू किए जा रहे हैं।

### क्या कह रहे हैं एक्सपर्ट्स

ऑटो इंडस्ट्री के अधिकारियों और एक्सपर्ट्स का कहना है कि ज्यादातर पेट्रोल गाड़ियां फ्यूल के साथ भी पूरी तरह से मटीरियल और फ्यूल के हिसाब से कम्प्लायंट नहीं हैं। इसलिए एथेनॉल ब्लेंडिंग में कोई भी अनिवार्य बढ़ोतरी न सिर्फ माइलेज कम करेगी बल्कि ऐसी गाड़ियों के मेंटेनेंस का खर्च भी बढ़ाएगी। इससे वीकल ओनर्स का एक बड़ा हिस्सा प्रभावित होगा।

हालांकि, इंडस्ट्री फ्लेक्स फ्यूल गाड़ियां लाने के लिए तैयार है। मारुति सुजुकी और हीरो मोटोकॉर्प की गाड़ियां सड़कों पर आ चुकी हैं और दूसरी कंपनियां भी अपनी लॉन्च की योजनाएं तैयार कर रही हैं। ऑटो इंडस्ट्री ने ब्लेंडिंग में बढ़ोतरी को धीरे-धीरे लागू करने का सुझाव दिया है। वे राज्य इसकी वकालत कर रहे हैं जहां गन्ने का उत्पादन ज्यादा होता है। इसके अलावा, ताकतवर शुगर लॉबी भी इसकी वकालत कर रही है।

## एलजी का भारत समेत तीन प्रमुख ग्लोबल साउथ बाजारों से 2030 तक राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण कोरिया की इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलजी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ल्यू जे-चोल ने कहा कि कंपनी भारत सहित तीन उच्च संभावनाओं वाले ग्लोबल साउथ बाजारों से अपना कुल राजस्व साल 2030 तक दोगुना करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि भारत में मजबूत वृहद आर्थिक वृद्धि, ब्रांड के प्रति उपभोक्ताओं की पसंद तथा रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और एयर कंडीशनर जैसी प्रमुख श्रेणियों में घरेलू उपकरणों की अपेक्षाकृत कम पहुंच के कारण बड़े अवसर मौजूद हैं। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ ने कहा कि भारत, सऊदी अरब और ब्राजील कंपनी की दीर्घकालिक वृद्धि की रणनीति के केंद्र में हैं। कंपनी का लक्ष्य 2030 तक इन तीनों बाजारों से संयुक्त राजस्व को दोगुना करना है और इसके लिए वह इन उच्च संभावनाओं वाले बाजारों में अपने कारोबार का तेजी से विस्तार कर रही है। जे-चोल ने कहा, 2025 में इन क्षेत्रों से हमारा संयुक्त राजस्व 6.2 लाख करोड़ कोरियाई वॉन रहा, जो 2023 की तुलना में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। यह कंपनी की वैश्विक वृद्धि से दोगुना से भी अधिक है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का 2025 में एकीकृत राजस्व 89.2 लाख करोड़ कोरियाई वॉन रहा। उन्होंने कहा कि भारत जैसे प्रमुख उभरते बाजारों में तेज वृद्धि केवल कारोबार का विस्तार नहीं, बल्कि दक्षिण कोरिया, उत्तरी अमेरिका और यूरोप में




कंपनी की मजबूत उपस्थिति के पूरक के रूप में संतुलित और मजबूत क्षेत्रीय पोर्टफोलियो तैयार करने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी की ग्लोबल साउथ रणनीति के तहत अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के जरिये उत्पाद नेतृत्व को मजबूत करने तथा सह-विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला के अनुकूलन के माध्यम से लागत प्रतिस्पर्धा बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। कंपनी की मध्यम से दीर्घावधि की रणनीति के बारे में विस्तार से बताते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की निवेशक संबंध (आईआर) संचार टीम के प्रमुख एयरोन किम ने कहा कि कंपनी अपने मुख्य कारोबार को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है, जिसमें घरेलू उपकरण, वाहन तथा मीडिया एवं मनोरंजन समाधान शामिल हैं। भारत में योजनाओं के बारे में किम ने कहा कि कंपनी यहां अपनी उत्पादन क्षमता दोगुनी करेगी और अतिरिक्त क्षमता का उपयोग निर्यात बढ़ाने के लिए किया जाएगा।



# शिल्पा शिंदे की आलोचना पर हिना खान ने ट्रोलर्स को दिया जवाब

'भाबीजी घर पर हैं' के निर्माता पर यौन उत्पीड़न के झूठे आरोप के खुलासे के बाद शिल्पा शिंदा सुर्खियों में हैं। वहीं शिल्पा शिंदे पर जुबानी हमला करने के बाद हिना खान भी लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। हिना ने शिल्पा शिंदे की आलोचना की थी। इसके बाद हिना को लोगों ने निशाने पर लिया था। अब हिना खान ने आलोचकों को जवाब दिया है।

## समय के साथ हम सभी बदलते हैं

हिना खान ने इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों के लिए नोट साझा किया है। ट्रोलिंग के बीच एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स के लिए एक संदेश साझा किया, इसमें उन्होंने नफरत की जगह दयालुता को चुनने की अपील की। हिना ने लिखा, 'हम सभी गलतियां करते हैं और समय के साथ हम सभी बदलते हैं। मैंने यहां-वहां कुछ ट्वीट पढ़े, मैंने हमेशा नफरत के बजाय दयालुता, प्यार और ह्युमिनिटी को चुना है। अगर आप मेरे फैन हैं, तो मैं आपसे भी इसी दृढ़ता और स्पष्टता के साथ व्यवहार करने की अपील करती हूं।'

## अपनी बात मनवाने के लिए इतना नीचे नहीं गिरना चाहिए

अभिनेत्री ने अपने फॉलोअर्स को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि दूसरों के प्रति नफरत और कठोर व्यवहार किए बिना हमें अपनी बात मनवाने के लिए इतना नीचा नहीं गिरना चाहिए। हम अमानवीय या नफरत भरे हुए बिना भी ऐसा कर सकते हैं। हम हमेशा शालीनता से अपनी बात रख सकते हैं और फिर भी प्रभावी हो सकते हैं। करुणा और प्रेम हमारी ताकत होनी चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते और उन लोगों की तरह व्यवहार करते हैं जो बेकार में नफरत फैलाते हैं और ट्रोल करते हैं, तो मैं आपको ब्लॉक कर दूंगी, चाहे आप मेरे फैन ही क्यों न हों। मैं सिर्फ अपने लिए और अपने चाहने वालों के लिए पॉजिटिविटी और शांति चाहती हूं। आप सभी मेरे लिए बहुत प्यारे हैं।'

## शिल्पा शिंदे ने किया था खुलासा

हाल ही में शिल्पा शिंद ने एक पॉडकास्ट में ये स्वीकार किया था कि उन्होंने एक दशक पहले 'भाबीजी घर पर हैं' के निर्माता संजय कोहली के खिलाफ यौन उत्पीड़न का झूठा मामला दर्ज कराया था। शिंदे ने दावा किया कि उस समय वह खुद को फंसा हुआ महसूस कर रही थीं और आरोप लगाना उनके लिए आखिरी विकल्प था। अभिनेत्री ने यह भी स्वीकार किया कि मामला समझौते से समाप्त हुआ और उन्हें उनकी बकाया राशि मिल गई।



# काफी सोचकर प्रोजेक्ट चुनती हैं शिल्पा शेट्टी

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी इन दिनों अपने फिल्मी फैसलों को लेकर काफी साफ और सख्त नजर आ रही हैं। ओटीटी के बढ़ते दौर के बीच उन्होंने खुलकर बताया कि अब वो हर प्रोजेक्ट नहीं करतीं, बल्कि बहुत सोच-समझकर चुनती हैं।

## काम में कोई 'कंप्रोमाइज' नहीं करना चाहती

इंटरव्यू में शिल्पा ने साफ शब्दों में कहा कि अब वो अपने काम में कोई 'कंप्रोमाइज' नहीं करना चाहतीं। उनका मानना है कि इतने साल इंडस्ट्री में काम करने के बाद अब वही करना चाहिए जो दिल से सही लगे और स्क्रीन पर दिखने का कोई मजबूत कारण हो।

## थिएटर फिल्म करना चाहती हैं शिल्पा

उन्होंने यह भी माना कि आजकल फिल्म इंडस्ट्री में बड़ा बदलाव आया है। कई मेकर्स अब थिएटर के बजाय ओटीटी को सुरक्षित विकल्प मानते हैं, क्योंकि वहां रिस्क कम होता है। लेकिन शिल्पा का नजरिया थोड़ा अलग है। वो अब ऐसी फिल्म करना चाहती हैं, जो थिएटर्स में रिलीज हो। उन्होंने कहा, 'मेरे बच्चों ने मुझे थिएटर्स में नहीं देखा है। इसलिए मैं एक थिएटर फिल्म करना चाहती हूं। मेरे बेटे ने 2023 में सुखी देखी थी, लेकिन वो प्रीव्यू थिएटर में थी। मैं चाहती हूं कि मुझे ऐसी फिल्म मिले, जैसी हम पहले बनाया करते थे।

## काफी सोचकर प्रोजेक्ट चुनती हैं शिल्पा

शिल्पा ने बताया कि उन्होंने कई बड़ी फिल्मों को भी मना किया है, लेकिन उन्हें अपने फैसलों का कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा उनके लिए पैसा या बड़ा प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि काम की क्वालिटी ज्यादा मायने रखती है।

## शिल्पा शेट्टी का वर्कफ्रंट

शिल्पा शेट्टी ने इंडस्ट्री में खूब पहचान बनाई है। वे आज 51 वर्ष की हो गई हैं। अपनी फिटनेस के लिए भी वे खूब जानी जाती हैं। शिल्पा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे कुकिंग रियलिटी शो 'मां है ना' होस्ट करती दिखेंगी। यह 12 जून 2026 से जी5 पर स्ट्रीम होगा।



# 'टीवी एक्ट्रेस' का टैग कई कलाकारों का पीछा नहीं छोड़ता

टेलीविजन से दूसरे माध्यमों की ओर कदम बढ़ाने वाले कलाकारों के लिए पहले से बनी धारणाओं को तोड़ना अक्सर सबसे बड़ी चुनौती होती है। हाल ही में हेली शाह ने टीवी के बाद टाइपकास्टिंग का सामना करने और किस तरह वह अब लोकप्रियता से ज्यादा सार्थक काम पर ध्यान दे रही हैं, इस बारे में खुलकर बात की। टेलीविजन के जरिए मजबूत फैन फॉलोइंग बनाने वाली हेली मानती हैं कि नए फॉर्मेट्स में काम करने के बाद भी 'टीवी एक्ट्रेस' का टैग कई कलाकारों का पीछा नहीं छोड़ता, लेकिन एक सच यह भी है कि सही मौके और लगातार अच्छे प्रदर्शन से, धीरे-धीरे आप लोगों की सोच बदल सकते हैं। अपने सफर के बारे में बात करते हुए हेली कहती हैं, 'मैं कई सालों तक टेलीविजन का हिस्सा रही हूं और इसके लिए हमेशा आभारी रहूंगी। यह मेरा कम्फर्ट ज़ोन रहा है। लेकिन मैं नए अवसरों को भी तलाशना चाहती हूं, क्योंकि अक्सर मुझे सिर्फ एक टीवी एक्ट्रेस के रूप में देखा गया है। 'गुल्लक' जैसी शानदार कास्ट के साथ काम करना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा। मैं हमेशा से टीवीएफ के साथ काम करना चाहती थी और 'गुल्लक' के जरिए मेरा ओटीटी डेब्यू होना इसे और भी खास बनाता है। सबसे अच्छी बात यह है कि शो की सादगी और वास्तविकता आज भी बरकरार है, और दर्शक हर सीजन से उसी तरह जुड़ाव महसूस करते हैं। 'उन्होंने आगे कहा, 'फिलहाल मेरा फोकस सिर्फ अच्छा काम करने पर है। मैं ऐसी जगह नहीं रहना चाहती, जहां बिना किसी वजह के सिर्फ दिखने के लिए मैं इवेंट्स में जाऊं। मैं चाहती हूं कि लोग मुझे मेरे काम की वजह से जानें और पसंद करें।' गौरतलब है कि 'गुल्लक' हेली शाह के करियर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हो रहा है। वह इसे अपने रचनात्मक दायरे को बढ़ाने और एक कलाकार के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाने की दिशा में अहम कदम मानती हैं। दर्शकों का लगातार मिल रहा प्यार इस बात का संकेत है कि इंडस्ट्री में अब कलाकारों की पहचान सिर्फ टैग्स से नहीं, बल्कि उनके काम और प्रतिभा से तय होने लगी है।

# नागार्जुन एक बार फिर संभालेंगे 'बिग बॉस तेलुगु' की कमान

साउथ सुपरस्टार नागार्जुन एक बार फिर से 'बिग बॉस तेलुगु' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस बार नागार्जुन 'बिग बॉस तेलुगु' के नए सीजन 10 को होस्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस शो का फैंस को काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। इस नए सीजन को एक इंडिया कंपनी बना रही है। मेकर्स ने वादा किया है कि इस बार का गेम पहले से कहीं ज्यादा रोमांचक और अलग होने वाला है। शो के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर नागार्जुन का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अपने पसंदीदा हीरो नागार्जुन को देखकर फैंस बेहद खुश हैं और साथ ही शो को लेकर उत्साहित भी हैं।

## कैसा होगा 'बिग बॉस तेलुगु सीजन 10

इस वीडियो के साथ मेकर्स ने लिखा, 'पेश है 'बिग बॉस तेलुगु 10'। इस बार आप बिग बॉस का 'दशावतारम' देखेंगे। खेल बदल रहा है, नियम बदल रहे हैं और इस बार इतिहास रचा जाएगा।'

## कौन बना रहा है यह शो?

इस मशहूर शो को 'एंडेमोल शाइन इंडिया' कंपनी बना रही है, जिसके सीईओ दीपक धर हैं। यह कंपनी मनोरंजन की दुनिया में बहुत बड़ी है और इससे पहले भी कई सुपरहिट वेब सीरीज और शो बना चुकी है। इस लिस्ट में 'द नाइट मैनेजर', 'द ट्रायल', 'कॉल माई एजेंट' और भी कई सीरीज और फिल्में शामिल हैं।





# 'कॉकटेल 2' के लिए शाहिद कपूर ने ली रश्मिका मंदाना से तीन गुना ज्यादा फीस?

शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की अदाकारी वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। अब सबकी नजरें फिल्म के बजट और इसकी स्टार कास्ट की फीस पर टिकी हैं। खबरों के मुताबिक, शाहिद कपूर इस फिल्म के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने रश्मिका मंदाना से लगभग तीन गुना और कृति सेनन की फीस से लगभग दो गुना ज्यादा पैसे लिए हैं।

## शाहिद कपूर ने लिए ज्यादा पैसे

'कॉकटेल 2' के मुख्य कलाकारों की फीस पर कुल 35 करोड़ रुपये खर्च किए गए। शाहिद कपूर ने इसके लिए 21 करोड़ रुपये लिए। जबकि कृति सेनन को 8 करोड़ रुपये और रश्मिका मंदाना को 6 करोड़ रुपये मिले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'कॉकटेल 2' को 150 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया है। इसमें से 35 करोड़ रुपये मुख्य कलाकारों की फीस के लिए रखे गए थे, जबकि लगभग 20 करोड़ रुपये फिल्म के प्रिंट और एडवरटाइजिंग कैंपेन पर खर्च किए गए। बाकी बचे 95 करोड़ रुपये फिल्म के प्रोडक्शन और सपोर्टिंग कास्ट की फीस में खर्च हुए।

'कॉकटेल 2' में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया कर रहे हैं। उन्होंने ही 2012 की रोमांटिक कॉमेडी 'कॉकटेल' का भी निर्देशन किया था। इसमें दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी थे। 'कॉकटेल 2' को मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान प्रोड्यूस कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह सीक्वल नए किरदारों के साथ एक नई कहानी पेश करेगा।



# समय के साथ सिनेमा में बदलाव जरूरी, तभी दर्शकों से जुड़ी रहेंगी फिल्में

फिल्मों की दुनिया लगातार बदल रही है। दर्शक ऐसी कहानियां देखना चाहता है, जिनसे वह खुद को जोड़ सके और जिनमें उसे अपने जीवन की झलक दिखाई दे। इसी विषय पर अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि फिल्मों को समाज के साथ-साथ खुद को भी बदलना होगा। अगर सिनेमा समय की मांग को नहीं समझेगा, तो दर्शकों से उसका रिश्ता कमजोर हो सकता है।

इंटरव्यू के दौरान कंगना रनौत से पूछा गया कि क्या बड़े कलाकारों की भारी फीस फिल्मों को नुकसान पहुंचाने का कारण बनती है। इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, ''जब कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं करती, तब उसके हर खर्च पर सवाल उठना शुरू हो जाता है। लोग यह देखने लगते हैं कि पैसा कहां और कितना खर्च किया गया। ऐसे समय में कलाकारों की फीस से लेकर फिल्म निर्माण के हर हिस्से पर चर्चा होती है।'' उन्होंने कहा, ''अगर किसी घर की आमदनी कम हो जाए, तो परिवार अपने खर्चों को भी कम करने की कोशिश करता है। लोग सोच-समझकर पैसा खर्च करते हैं और गैर जरूरी खर्चों पर रोक लगाते हैं। ठीक इसी तरह जब फिल्मों की कमाई कम होती है, तो इंडस्ट्री भी अपने खर्चों का हिसाब-किताब देखने लगती है। ऐसे में कलाकारों की फीस पर सवाल उठना स्वाभाविक बात है।''

कंगना ने आगे कहा, ''यह सिर्फ फीस का मामला नहीं है। सबसे जरूरी बात यह है कि फिल्में समय के साथ बदलें। समाज तेजी से बदल रहा है, लोगों की सोच बदल रही है और मनोरंजन देखने का तरीका भी बदल चुका है। इसलिए फिल्म इंडस्ट्री को भी नई पीढ़ी और नए दर्शकों की पसंद को समझना होगा। अगर फिल्में खुद को लगातार बेहतर और प्रासंगिक बनाती रहेंगी, तभी वे दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर पाएंगी।'' कंगना की को-स्टार स्मिता तांबे ने भी इसी विषय पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, ''हर इंसान किसी कहानी में अपने जीवन का कोई न कोई हिस्सा देखना चाहता है। दर्शक तब ज्यादा प्रभावित होते हैं, जब उन्हें लगता है कि फिल्म की कहानी या किरदार उनके जैसे लोगों की बात कर रहे हैं। यही जुड़ाव किसी फिल्म को खास बनाता है।'' स्मिता ने कहा, ''हमारी आने वाली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की कहानी आम लोगों से जुड़ी हुई है। इसमें ऐसी महिलाओं, मांओं, नर्सों और कामकाजी लोगों की भावनाओं और संघर्षों को दिखाया गया है, जिनसे देश का एक बड़ा वर्ग खुद को जोड़ सकता है। जब दर्शक खुद को किसी कहानी में देखेंगे, तभी वे उस फिल्म से भावनात्मक रूप से जुड़ेंगे।''



# श्रीलंका दौरे पर 9 साल बाद जाएगी टीम इंडिया

## WTC 2025-27 का हिस्सा होंगे टेस्ट मैच



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था और पारी व 300 रन से बेहतरीन जीत दर्ज की थी। मगर यह टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा नहीं था। अब टीम इंडिया 15 अगस्त 2026 से एक बार फिर अपना ङ्खञ्जष्ट 2025-27 का अभियान शुरू करेगी। इस संस्करण में यहां से भारत के लिए हर मुकाबले में जीत दर्ज करना लगभग जरूरी है। भारतीय टीम अगस्त में श्रीलंका का दौरा करेगी। इस दौरे के लिए दो मैचों की टेस्ट सीरीज के शेड्यूल की जानकारी क्रिकबज ने शेयर की है। इस दौरे पर टीम इंडिया दो टेस्ट मैच खेलेगी। 9 साल बाद भारतीय टीम श्रीलंका का दौरा करेगी। आखिरी बार 2017 में टीम इंडिया ने विराट कोहली की कप्तानी में श्रीलंका का दौरा किया था और 3-0 से टेस्ट सीरीज जीती थी। अब 9 साल बाद भारतीय टीम शुभमन गिल की कप्तानी में श्रीलंका का दौरा करेगी।

### श्रीलंका दौरे के लिए टीम इंडिया का शेड्यूल

**पहला टेस्ट :** 15–19 अगस्त 2026, गॉल
**दूसरा टेस्ट :** 23–27 अगस्त 2026, कोलंबो (SSC)

### WTC अंकतालिका में भारत -श्रीलंका का हाल

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में मौजूदा हाल की बात करें तो श्रीलंका टीम अंकतालिका में तीसरे स्थान पर मौजूद है। श्रीलंकाई टीम ने अभी तक 2 मैच खेले हैं जिसमें से एक में उसे जीत मिली है और एक मैच ड्रॉ हुआ है। श्रीलंका का विनिंग पर्सेंटाइल 66.67 प्रतिशत है। जबकि भारतीय टीम अंकतालिका में बांग्लादेश से भी नीचे छठे स्थान पर है। भारत को साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली सीरीज में घर पर बुरी तरह हाल झेलनी पड़ी थी। भारतीय टीम ने मौजूदा संस्करण में 9 मैच खेले हैं जिसमें से 4–4 मैच टीम ने जीते और हारे हैं। एक मैच ड्रॉ हुआ है। भारत का विनिंग पर्सेंटाइल 48.15 प्रतिशत है। भारतीय टीम को यहां से अगर फाइनल में जगह बनानी है तो श्रीलंका, न्यूजीलैंड दौरे के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज (बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी) में जीत दर्ज करनी होगी।

महिला टी20 विश्व कप

## इन गेंदबाजों के नाम है सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 12 जून से हो रही है। इंग्लैंड में आयोजित हो रहा यह इवेंट टी20 विश्व कप का 10वां संस्करण है। आइए देखते हैं कि पिछले 9 संस्करणों में किन दस गेंदबाजों ने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं।

- महिला टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगान स्कट के नाम है।
- मेगान ने 2016 से 2024 के बीच खेले 29 मैचों में 48 विकेट लिए हैं।
- दक्षिण अफ्रीका की शबनम इस्माइल दूसरे नंबर पर हैं। इस्माइल ने 2009 से 2023 के बीच 32 मैचों में 43 विकेट लिए हैं।



- इंग्लैंड की ए श्रबसोले तीसरी सफल गेंदबाज हैं। 2010 से 2020 के बीच 27 मैचों में उन्होंने 41 विकेट लिए।
- चौथे नंबर पर सर्वाधिक टी20 विश्व कप मैच खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया की एलिसे पेरी हैं।
- पेरी ने 2009 से 2024 के बीच 47 मैचों में 40 विकेट लिए हैं।
- वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर ने 2009 से 2024 के बीच 35 मैचों में 33 विकेट लिए हैं, वे पांचवीं सफल गेंदबाज हैं।
- छठे नंबर पर न्यूजीलैंड की एमिलिया केर हैं। 2018 से 2024 के बीच 18 मैचों में केर ने 32 विकेट लिए हैं।
- दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप और वेस्टइंडीज की डियांड्रा डॉटिन संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं।
- कैप ने 2009 से 2024 के बीच 32 मैचों में 31 और डॉटिन ने 2009 से 2024 के बीच 35 मैचों में 31 विकेट लिए हैं।
- इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन, न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर हैं।
- एक्लेस्टन ने 2018 से 2024 के बीच 18 मैच में 29 और डिवाइन ने 2009 से 2024 के बीच 38 मैच में 29 विकेट लिए हैं।
- भारत की पूनम यादव, वेस्टइंडीज की ए फ्लेचर और पाकिस्तान की निदा डार संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर हैं। पूनम ने 2014 से 2020 के बीच 18 मैचों में 28, फ्लेचर ने 2016 से 2024 के बीच 23 मैचों में 28 और डार ने 2010 से 2024 के बीच 33 मैचों में 28 विकेट लिए हैं।

## भारत के लिए शानदार टेस्ट डेब्यू

### 7 विकेट लेकर बने प्लेयर ऑफ द मैच; अब मानव सुतार को इंग्लैंड की काउंटी टीम ने किया साइन

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के लिए हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक टेस्ट डेब्यू के बाद मानव सुतार को इंग्लैंड के एक काउंटी क्लब ने साइन किया है। इंग्लिश काउंटी क्लब वार्विकशायर ने भारतीय खिलाड़ी को मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप के सीजन के अगले दो राउंड के लिए साइन किया है। इसकी घोषणा क्लब के द्वारा बुधवार को की गई। मानव ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट में कुल सात विकेट दोनों पारियों में झटके थे और प्लेयर ऑफ द मैच भी बने थे। वार्विकशायर ने उन्हें साइन करने के बाद आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा, 'वार्विकशायर काउंटी क्रिकेट क्लब मानव सुतार को शॉर्ट–टर्म कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करने के बाद काफी उत्साहित है। भारतीय इंटरनेशनल क्रिकेटर मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप के अगले दो राउंड में सेलेक्शन के लिए उपलब्ध रहेंगे।' मानव सुतार 12 जून को वार्विकशायर और यॉर्कशायर के बीच होने वाले मैच में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके बाद अगले हफ्ते समरसेट के खिलाफ मैच के लिए भी वह मौजूद रहेंगे। क्लब के परफॉर्मेंस डायरेक्टर जेम्स थॉमस ने भी मानव का टीम में स्वागत किया। वहीं भारतीय गेंदबाज ने भी क्लब के लिए आने वाले दिनों में खेलने के लिए उत्सुकता जाहिर की।



ICC टेस्ट रैंकिंग

## ब्रूक नंबर वन बल्लेबाज बने, भारतीय कप्तान गिल आठवें स्थान पर



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा बुधवार को जारी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने पहला स्थान हासिल किया है। ब्रूक ने साथी खिलाड़ी और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया है। भारतीय कप्तान गिल को 2 स्थान का फायदा हुआ है। गिल आठवें स्थान पर चले गए हैं। लॉर्ड्स में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की 115 रनों की जीत के दौरान पहली पारी में अर्धशतक लगाने के बाद ब्रूक नंबर एक स्थान पर आ गए। ब्रूक पहली बार दिसंबर 2024 में शीर्ष स्थान पर पहुंचे थे। मैच में पचास से अधिक रन बनाने वाले केवल दो खिलाड़ियों में से एक ब्रुक थे। ब्रूक ने पहली पारी में 56 रन बनाए थे। ट्रेविस हेड दूसरे स्थान पर आ गए हैं। हेड को एक स्थान का फायदा हुआ है। जो रूट के लिए लॉर्ड्स टेस्ट अच्छा नहीं रहा था। दोनों पारियों में वह एक और आठ रन ही बना पाए थे। इसका उन्हें नुकसान हुआ है। रूट दो स्थान खिसकर पहले से सीधे तीसरे स्थान पर आ गए हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए एकमात्र टेस्ट में शतक लगाया था। इस शतक की बदौलत दो स्थान ऊपर चढ़कर वह आठवें स्थान पर आ गए। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ चौथे स्थान पर है। श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस एक स्थान उपर चढ़कर पांचवें स्थान पर चले गए हैं। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन छठे स्थान पर हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेंबा बवुमा सातवें स्थान पर हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल नौवें स्थान हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। श्रीलंका के दिनेश चांदीमल एक पायदान उपर चढ़कर दसवें स्थान पर चले गए हैं।



## इंडिया ए ने अफगानिस्तान को दिया था 349 रन का लक्ष्य

### ● वैभव सूर्यवंशी की शानदार बल्लेबाजी



**दांबुला (एजेंसी)।** इंडियाए और अफगानिस्तान, श्रीलंका में खेले जा रहे ट्राई नेशन सीरीज के दूसरे मैच में आमने सामने हैं. दांबुला के रंगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडिया ए ने 49 ओवर में 9 विकेट खोकर 349 रन बनाए हैं. जिसमें वैभव (44), प्रभसिमरन (84), गायकवाड़ (66), तिलक वर्मा (66) और शेगडे (40) ने अहम पारियां खेलीं. वहीं अफगानिस्तान की तरफ से अब्दुल्लाह अहमदजई ने 5 और फरमानुल्लाह ने 3 विकेट हासिल किए। बारिश रुकने के बाद मैच दोबारा शुरू हो गया था, लेकिन ष्ठरुस्र की वजह से अब अफगानिस्तान ए को 38 ओवर में 294 रनों का टारगेट मिला है. भारत ने 49 ओवर में 9 विकेट पर 349 रन बनाए थे।

# बेन स्टोक्स को बीच सीरीज टीम से किया गया बाहर

### जो रूट करेंगे कप्तानी; जोफ्रा आर्चर की भी हुई एंट्री

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स और साथी गेंदबाज गस अटकिंसन के ऊपर नाइट क्लब मामले के बाद तलवार लटक रही है। इसी के चलते न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बीच दूसरे मुकाबले से पहले दोनों को टीम से बाहर कर दिया गया। स्टोक्स की जगह जो रूट को अंतरिम कप्तान बनाने की घोषणा की गई है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड की तरफ से बुधवार (10 जून) को यह जानकारी शेयर की गई। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपने बयान में कहा, 'इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड इस बात की पुष्टि करता है कि मौजूदा जांच के चलते बेन स्टोक्स और गस अटकिंसन न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। यह मुकाबला 17 जून से किया ओवल में खेला जाएगा। यॉर्कशायर के बैटर जो रूट टीम के अंतरिम कप्तान बनेंगे। ससेक्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और एसेक्स के जॉर्डन कॉक्स को भी स्क्वाड में जोड़ा गया है।'




### दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड का स्क्वाड

जो रूट (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, सोनी बेकर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, जॉर्डन कॉक्स, बेन डकेट, मैश्यू फिशर, एमिलियो गे, जेम्स रियू, ओली रॉबिन्सन, जेमी स्मिथ, जोश टंग।

### बोर्ड ने दी थी जांच की जानकारी

सोमवार को इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (श्वष्टक्च) ने कहा था कि नाइट क्लब में हुए मामले को लेकर कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज गस अटकिंसन की जांच की जा रही है। पहले टेस्ट में इंग्लैंड के न्यूजीलैंड को 115 रन से हराने के बाद यह मामला सामने आया था। बोर्ड ने इस मामले पर बयान जारी किया था। बोर्ड ने कहा था, 'ईसीबी अभी इस मामले में जांच कर रही है और पता लगा रही है कि टीम के प्रोटोकॉल (नियमों) का पहले टेस्ट मैच के बाद उल्लंघन हुआ है या नहीं।

बेन स्टोक्स और गस अटकिंसन इस मामले के दौरान नाइट क्लब में सोमवार की सुबह मौजूद थे। हम इस पर अधिक जानकारी जुटा रहे हैं। जब सभी पुख्ता जानकारी मिल जाएंगी उसके बाद ही इस मामले पर कोई अन्य अपडेट दिया जाएगा।' न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में जीत के बाद कहा था, 'मुझे पता है कि अगर हम इस टेस्ट मैच को जीत नहीं पाते तो कितनी आलोचना होती। मैं अब अपने ब्वॉयस के साथ अच्छे से बीयर पीना चाहता हूं।'

## फीफा वर्ल्ड कप में दिखेगा भारतीय मूल के 4 खिलाड़ियों का रहेगा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026: भारतीय फुटबॉल फैंस वर्षों से अपनी नेशनल टीम के फुटबॉल वर्ल्ड कप में खेलने का सपना देख रहे हैं. हालांकि उनका या सपना कब पूरा होगा इस पर कुछ नहीं कहा जा सकता है लेकिन बतौर खिलाड़ी भारतीय फैंस का ये सपना पूरा होने वाला है. क्योंकि फीफा वर्ल्ड कप 2026 में चार भारतीय मूल के खिलाड़ी अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। ये चारों खिलाड़ी भले ही अपने-अपने देश - न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कतर और डीआर कांगो के लिए खेलेंगे, लेकिन साथ ही वो भारतीय विरासत की झलक भी दिखाएंगे. यह चार खिलाड़ी - सरप्रीत सिंह, सैमुअल मौतौसामी, निशान वेलुपिल्ले और तहसीन मोहम्मद हैं. आइए इन चार खिलाड़ियों पर एक नजर डालते हैं।



**तहसीन मोहम्मद जमशेद (कतर)** - 19 साल के तहसीन मोहम्मद का जन्म कतर की राजधानी दोहा में हुआ. हालांकि उनके माता-पिता केरल के कन्नूर से हैं. जो 2006 में कन्नूर से कतर चले गए थे. खास बात यह है कि जमशेद फीफा वर्ल्ड कप में खेलने वाले पहले भारतीय पासपोर्ट धारक हैं. उनके पास भारतीय पासपोर्ट और कतर का खास 'मिशन पासपोर्ट' दोनों हैं।तहसीन के पिता जमशेद कालीकट विश्वविद्यालय के पूर्व खिलाड़ी थे. तहसीन ने दोहा स्थित एस्पायर अकादमी में अपने फुटबॉल कौशल को निखारा और कतर स्टार्स लीग में खेलने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने. अभी वह अल दुहैल एससी के लिए खेलते हैं। विंगर तहसीन ने फीफा विश्व कप के एशियाई क्वालीफायर ग्रुप मैच के दौरान 2024 में अफगानिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया. उन्होंने जिम्बाब्वे (2025) और आयरलैंड (2026) के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों में भी हिस्सा लिया है. लेकिन उन्होंने अभी तक कोई गोल नहीं किया है।

## श्रेयस अय्यर नहीं खेले, इशान की पारी से मुंबई फाल्कन्स को मिली जीत



### वैभव का साधारण प्रदर्शन, मिला एक विकेट

**नई दिल्ली।** टी20 मुंबई 2026 का 19वां लीग मैच सोबो मुंबई फाल्कन्स और नॉर्थ मुंबई पैंथर्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले में मुंबई फाल्कन्स को इशान मूलचंदानी की शानदार अर्धशतकीय पारी के दम पर 7 विकेट से जीत मिली। इस जीत के साथ इस टीम के कुल 6 अंक हो गए, लेकिन ये टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई। यही नहीं इस मुकाबले में श्रेयस अय्यर मुंबई फाल्कन्स के लिए मैदान पर नहीं उतरे। सोबो मुंबई फाल्कन्स और नॉर्थ मुंबई पैंथर्स के बीच हुए मैच में नॉर्थ मुंबई पैंथर्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया और फिर ये टीम 19.2 ओवर 157 रन बनाकर आउट हो गई। मुंबई फाल्कन्स को जीत के लिए 158 रन का टारगेट मिला था और इस टीम ने 18.1 ओवर में 3 विकेट पर 158 रन बनाकर मैच जीत लिया। मुंबई फाल्कन्स के लिए मयूरेश टंडेल ने 4 विकेट लिए थे और वो प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

### इशान मूलचंदानी ने खेली 65 रन की पारी

इशान ने अपनी टीम यानी मुंबई फाल्कन्स के लिए शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और 45 गेंदों पर 65 रन ठोके। इस दौरान उन्होंने 5 छक्के और 2 चौके भी लगाए और अपनी टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई।

गौतम भरत वाघेला ने भी कमाल की पारी खेली और 30 गेंदों पर 45 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाकर ही पवेलियन वापस लौटे। नॉर्थ मुंबई पैंथर्स के लिए वैभव माली ने 4 ओवर में 30 रन देकर एक विकेट लिए जबकि राहुल और प्रतीक को भी एक–एक विकेट मिले।

### मयूरेश टंडेल ने झटके 4 विकेट

इस मुकाबले में नॉर्थ मुंबई पैंथर्स के खिलाफ सोबो मुंबई फाल्कन्स के बॉलर मयूरेश टंडेल ने 4 ओवर में 30 रन देकर 4 विकेट लिए। नॉर्थ मुंबई पैंथर्स के लिए अभिज्ञान कुंडू ने 21 गेंदों पर 45 रन की सबसे बड़ी पारी खेली। इसके अलावा अनीस चौधरी ने 23 गेदों पर 32 रन बनाए जबकि कप्तान हार्दिक तामोरे नहीं चल पाए और ओपन करते हुए 4 गेंदों पर एक बनाकर चलते बने। सिद्धार्थ आकरे ने 16 रन जबकि आर्यराज संजय निकम के बल्ले से 17 रन निकले।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूजक्लिक मामले में दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, एफआईआर और ईसीआईआर रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी फंडिंग के आरोपों पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (इओडब्ल्यू) द्वारा की गई प्राथमिकी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की इसीआइआर को दिल्ली हाई कोर्ट ने रद कर दिया है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि अगर प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों को पूरी तरह मान भी लिया जाए, तो भी आइपीसी की धारा 406 और 420 के तहत अपराध के जरूरी तत्व नहीं बनते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसी प्राथमिकी को जारी रखना कानूनी प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है, इसलिए इओडब्ल्यू की प्राथमिकी और ईडी द्वारा दर्ज इसीआइआर को रद किया जाता है। पीठ ने फैसला सुनाया कि यह माना गया है कि अगर मुख्य अपराध के तहत दर्ज प्राथमिकी रद हो जाती है, तो इसीआइआर भी अपने आप रद हो जाती है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की शिकायत पर अगस्त 2020 में दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि न्यूजक्लिक को अमेरिका की वर्ल्डवाइड मीडिया होल्डिंग्स एलएलसी से एफडीआइ के तौर पर 9.59 करोड़ रुपये मिले थे। यह पैसा एफडीआइ नियमों से बचने के लिए शेयर के ज्यादा मूल्यांकन वाले लेन-देन के जरिए लिया गया था। आरोप था कि इस फंड का एक बड़ा हिस्सा सैलरी, कंसल्टेंसी फीस और दूसरे खर्चों के नाम पर निकाल लिया गया। ठीक से जांच के बाद, प्राथमिकी की कापी प्रवर्तन निदेशालय को भेजी गई और इसीआइआर दर्ज की गई थी।

### दिल्ली के 48 मंजिला डीडीए टावरिंग हाईट्स में फ्लैट बुकिंग की डेडलाइन बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने एक आधिकारिक आदेश जारी कर पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा स्थित अपनी ''डीडीए टावरिंग हाइट्स'' आवासीय योजना के लिए बुकिंग अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत बुकिंग की अंतिम तिथि मूल रूप से मार्च के अंत तक थी, जिसे मई के अंत तक बढ़ाया गया था। आदेश में कहा गया है, 'उपरोक्त के क्रम में, उक्त योजना के तहत फ्लैटों की बुकिंग अवधि 30 जून तक बढ़ा दी गई है। यह विस्तार व्यक्तिगत खरीदारों के साथ-साथ सरकारी एजेंसियों को भी उपलब्ध फ्लैटों की थोक खरीद का एक अतिरिक्त अवसर प्रदान करता है।' एनबीसीसी के परियोजना प्रबंधन पर्यवेक्षण के तहत, डीडीए की टावरिंग हाइट्स को एक प्रीमियम आवासीय पते के रूप में डिजाइन किया गया है। इसमें 48 मंजिला, 155 मीटर ऊंचा टावर है, जो इसे दिल्ली की सबसे ऊंची आवासीय इमारत बनाता है। यह दिल्ली की ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) नीति के तहत विकसित शहर की पहली आवासीय परियोजना है।

### बंद फ्लैट से 42 साल के व्यक्ति की सड़ी-गली लाश मिलने से मचा हड़कंप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कालकाजी थाना क्षेत्र स्थित एक बंद फ्लैट से बुधवार को व्यक्ति की सड़ी-गली लाश मिली है। सुबह दुर्गंध आने पर लोगों का इसका पता चला। मृतक की पहचान 42 वर्षीय लोन एडवाइजर सूरज कुमार के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भिजवा दिया। डीडीए फ्लैट्स कालकाजी स्थित मकान नंबर जे 1/283 बनवारी लाल का है। इनके फ्लैट में जे 4/131ए निवासी सूरज पत्नी साधना व नौ वर्षीय व छह वर्षीय दो बच्चों समेत 25 अगस्त 2025 से रह रहे थे। गर्मियों में स्कूल की छुट्टी होने पर बच्चे व पत्नी गांव गए हुए थे। फ्लैट कई दिनों से बंद चल रहा था। किसी ने ध्यान भी नहीं दिया। मकान मालिक बनवारी के मुताबिक सुबह कमरे से तेज दुर्गंध आने पर आस-पास के लोग जुटे। दरवाजा अंदर से लाक था। खिड़की का प्लाई किसी तरह हटाकर अंदर झांकने पर सूरज जमीन पर पड़े नजर आए।

# दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम

## नोएडा-गाजियाबाद में छाए काले बादल; चल रही धूल भरी आंधी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में बृहस्पतिवार को फिर मौसम बदल गया है। एनसीआर क्षेत्र में सुबह से काले बादल छाए हुए हैं और धूल भरी आंधी चल रही है। इससे सुबह ऑफिस जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए पूर्वानुमान जारी किया है कि बादल छाए रहेंगे। गर्जन वाले बादल बनने, बिजली चमकने और 70 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार तेज हवाएं चलने के साथ हल्की होने की भी संभावना है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 41 व 28 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। शुक्रवार को भी कमोबेश ऐसा ही मौसम बना रहेगा। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए आरेंज जबकि शुक्रवार के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

इससे पहले बुधवार को भी उमस भरी भीषण गर्मी की चुभन जारी रही। अधिकांश इलाकों में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। हीट इंडेक्स 48 डिग्री से भी ऊपर चला गया। हालांकि मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार से मानसून पूर्व की गतिविधियों बढ़ने का पूर्वानुमान दिया है, जिसमें तेज हवाओं के साथ वर्षा हो सकती है और भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है।

बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हीट इंडेक्स 48.4 डिग्री दर्ज किया गया। पालम और रिज सबसे गर्म स्थान रहे, जहां तापमान क्रमशः 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से क्रमशः 3.4 डिग्री और 3.3 डिग्री अधिक है।

मंगलवार रात हुई वर्षा से बुधवार को राजधानी में दिन की शुरुआत अपेक्षाकृत ठंडी रही। न्यूनतम तापमान सामान्य से 6.3 डिग्री कम 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले की तुलना में यह 9.0 डिग्री कम था। हवा में नमी का स्तर 84 से 29 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## दिल्ली के डीबीजी रोड पर दो चचेरे भाइयों से लूटपाट की कोशिश

**नई दिल्ली,एजेंसी।** मध्य दिल्ली के डीबीजी रोड इलाके में चार बदमाश दो चचेरे भाइयों से मारपीट कर लूटपाट की वारदात को अंजाम दे रहे थे। तभी गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों ने दो आरोपितों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, उनके दो साथी मौके से फरार होने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान करोल बाग के दिनेश उर्फ बिल्ली और राज कुमार उर्फ बाबू लाल के रूप में हुई है। दोनों को गिरफ्तार कर एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया। फिलहाल उनके फरार दोनों साथियों का पता किया जा रहा है।



मध्य दिल्ली के उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह के मुताबिक, आठ जून को शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई के साथ करोल बाग से सिद्धीपुरा लौट रहा था। रात लगभग 11:35 बजे जब वे कालकादास चौक के पास पहुंचे, तभी स्कूटी पर सवार चार युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि एक आरोपी ने बोरी सिलने वाले सुआं निकालकर शिकायतकर्ता के चचेरे भाई की छाती पर तान दी।

### पर्स और दस्तावेज लूटे

इसी दौरान दूसरे आरोपित ने शिकायतकर्ता को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया, जिससे उसके माथे पर चोट आई। शिकायतकर्ता के चचेरे भाई को भी छाती और हाथ पर चोटें आईं। आरोपितों ने शिकायतकर्ता का पर्स, जिसमें एक हजार नकद और पहचान संबंधी दस्तावेज थे, लूट लिया।

इसके अलावा दोनों पीड़ितों के मोबाइल फोन भी लूट लिए। तभी गश्त पर निकले पुलिस वाले मौके पर पहुंच गए। पुलिस वालों को देख चारों भागने लगे। हालांकि दिनेश और राज कुमार को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। दोनों पर पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज पाए गए हैं।

## दिल्ली में शादी के दो महीने बाद नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, पति पर दहेज हत्या का मामला दर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गांधी नगर थानाक्षेत्र के अजीत नगर में एक 20 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया है। वहीं, ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार रोजी खातून मूल रूप से बिहार के कटिहार की रहने वाली थीं और उनका निकाह इसी वर्ष 30 मार्च को अजीत नगर निवासी अंसार अली से हुआ था। नहीं मिला सुसाइड नोट शादी के कुछ समय बाद ही वह अपने पति के साथ दिल्ली आकर रहने लगी थीं। चार जून की शाम को उन्हें अचेत अवस्था में जग प्रवेश चंद्र



अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पति का कहना है कि रोजी ने फंदा लगाकर आत्महत्या की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया। फोरेंसिक और क्राइम टीम ने भी मौके का निरीक्षण किया, लेकिन वहां से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। मृतका के स्वजन दिल्ली पहुंचे और उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही रोजी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। उनका कहना है कि आरोपी पति दो लाख रुपये की मांग कर रहा था और मांग पूरी न होने पर रोजी के साथ मारपीट करता था। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें घटना की जानकारी सीधे ससुराल पक्ष से नहीं, बल्कि पड़ोसियों के माध्यम से मिली। फिलहाल पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच एसडीएम की निगरानी में की जा रही है।

## दिल्ली में मैट्रिमोनियल साइट पर बिछाया प्यार का जाल, 7 महिलाओं से 60 लाख ठग गया 'फर्जी अफसर'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उत्तर जिला पुलिस की तिमारपुर थाना टीम ने एक बड़े मैट्रिमोनियल फ्राड सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए ऐसे आरोपित को गिरफ्तार किया है, जो खुद को कभी आइएफएस अधिकारी, कभी सीबीआइ अधिकारी तो कभी जामिया मिल्लिया इस्लामिया में प्रोफेसर बताकर महिलाओं को अपने जाल में फंसाता था। आरोपित की पहचान सिकंदरा राव, हाथरस के गौरी शंकर के रूप में हुई है।



पुलिस के अनुसार, आरोपित ने आनलाइन मैट्रिमोनियल प्लेटफार्म और इंटरनेट मीडिया के माध्यम से महिलाओं से संपर्क कर शादी का झांसा दिया। वह भावनात्मक रूप से विश्वास जीतने के बाद उनसे पैसे ऐंठता था। अब तक सात पीड़ित महिलाओं की पहचान की जा चुकी है, जिनसे आरोपित ने करीब 60 लाख रुपये की ठगी की है।

शादी का वादा कर बनाए करीबी संबंध

उपयुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, 19 मई को तिमारपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करते हुए महिला ने आरोप लगाया था कि आरोपित ने खुद को विधुर बताकर उससे संपर्क किया और शादी का वादा कर उसके साथ करीबी संबंध बनाए। इस दौरान उसने अपनी मां की बीमारी समेत विभिन्न बहाने बनाकर महिला और उसके परिवार से लाखों रुपये तथा कीमती सामान हासिल कर लिया।

शिकायतकर्ता से ही आरोपित ने करीब 11 लाख रुपये ठगे। बाद में महिला का संपर्क एक अन्य महिला से हुआ, जिसने खुद को आरोपित की कानूनी पत्नी बताया। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर पंकज तोमर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई, जिसमें महिला उपनिरीक्षक दीपिका, एएसआइ बलवान और हेड कांस्टेबल रामबीर यादव शामिल थे।

## 55 साल की टीचर का 16 वर्षीय छात्र पर आया दिल: चंद दिनों में 600 कॉल व 19 हजार मैसेज

**वाशिंगटन, एजेंसी।** एक स्कूल की 55 वर्षीय महिला टीचर पर अपने 16 वर्षीय छात्र के साथ कथित तौर पर अनुचित संबंध रखने के आरोप ने अमेरिका में चर्चा छेड़ दी है। जांच में दावा किया गया है कि महिला ने महज तीन महीनों के भीतर छात्र को 19,000 से अधिक टेक्स्ट मैसेज भेजे और दोनों के बीच करीब 600 फोन कॉल्स भी हुई। आरोपी की पहचान अमांडा काट्ज के रूप में हुई है, जो एक स्कूल में टीचर और प्रशासनिक सहायक (एडमिन असिस्टेंट) के रूप में कार्यरत थीं। पुलिस के अनुसार दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच दोनों के बीच लगातार संपर्क बना रहा।

**मां को पता चला तो खुला मामला-** रिपोर्ट के मुताबिक, मामले का खुलासा तब हुआ जब छात्र की मां को महिला और किशोर के बीच हुए संदेशों की जानकारी मिली। एक पारिवारिक यात्रा के दौरान कुछ संदेश सामने आए, जिसके बाद पूरे मामले की जांच शुरू की गई। जांच एजेंसियों ने दोनों के बीच हजारों संदेशों और सैकड़ों कॉल्स का रिकॉर्ड बरामद किया। अदालत में पेश दस्तावेजों के अनुसार, कई संदेशों में महिला ने छात्र के प्रति गहरे भावनात्मक लगाव का जिक्र किया था। जांच दस्तावेजों के अनुसार, एक संदेश में महिला ने कथित तौर पर लिखा, मैं तुम्हारे बारे में सोचना बंद नहीं कर पा रही हूं। वहीं एक अन्य संदेश में उसने कहा, मैं तुम्हारे लिए पागल हूं। पुलिस का दावा है कि दोनों के बीच भविष्य की योजनाओं, रिश्ते और इस संबंध को दूसरों से छिपाकर रखने जैसे विषयों पर भी बातचीत हुई थी। जांचकर्ताओं के अनुसार, छात्र ने बताया कि महिला ने उसे कुछ उपहार भी दिए थे। इनमें एक पॉकेट नाइफ और एक गेमिंग डिवाइस शामिल था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि महिला ने कथित तौर पर छात्र को उसके परिवार से दूर जाकर उसके साथ नई जिंदगी शुरू करने का सुझाव दिया था। बाद में जब छात्र ने दूरी बनानी शुरू की, तो महिला ने कई भावनात्मक संदेश भेजे और अपना दिल टूटने की बात कही।

## फिलीपीन में भीषण भूकंप के बाद 2100 झटकों से दहशत, 35000 बेघर

**सैंटोस, एजेंसी।** दक्षिणी फिलीपीन के जनरल सैंटोस शहर में सोमवार को आए शक्तिशाली भूकंप के बाद 2,100 से अधिक झटके आए। इससे बचाव कार्य में काफी परेशानी आ रही है। 7.8 की तीव्रता वाले भूकंप में मरने वालों की संख्या 45 हो चुकी है, जबकि 17 लोग लापता हैं। अधिकतर मौतें इमारतों के ढहने से गिरे मलबे और भूस्खलन के कारण हुईं। भूकंप के चलते करीब 35 हजार लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। जनरल सैंटोस में बचावकर्मी हेलमेट पहनकर आंशिक रूप से ढहे हुए किराना स्टोर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, तभी एक और तेज झटका महसूस हुआ। इसके बाद झुकी हुई इमारत से मलबा गिरने लगा। सुरक्षा अधिकारी ने सीटी बजाकर और अन्य कर्मियों ने चिल्लाकर करीब 30 दमकलकर्मियों तथा तटरक्षक बल के जवानों को सुरक्षित स्थान पर जाने की चेतावनी दी। दमकल विभाग की प्रवक्ता रेसा मिया टैक्टाक्विन-बेटोया ने बताया कि जिस किराना स्टोर में बचाव अभियान चलाया जा रहा था, उसकी दो ऊपरी मंजिलें मुख्य भूकंप में ढह गई थीं। वहां एक लापता कर्मचारी की तलाश की जा रही थी। उन्होंने कहा, झटका काफी तेज था। इसलिए तुरंत अलार्म बजाया गया ताकि आसपास मौजूद लोग बाहर निकल सकें।



भूकंप के चलते जनरल सैंटोस का अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा भी प्रभावित हुआ है, जिसके कारण उसे अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। केवल राहत सामग्री और आपदा राहत कर्मियों को ले जाने वाली सरकारी तथा सैन्य उड़ानों को अनुमति दी जा रही है। प्रशासन के मुताबिक प्रभावित प्रांतों में लगभग 6,000 सरकारी स्कूल भवनों का सुरक्षा मूल्यांकन किया जाना है, जिसके बाद ही कक्षाएं फिर शुरू हो सकेंगी।

**इंडोनेशिया, पलाऊ व जापान तक पहुंचीं लहरें:** भूकंप के बाद समुद्र में ज्वार स्तर से 1.4 मीटर ऊंची लहरें दर्ज की गईं, जिससे कम से कम एक व्यक्ति समुद्र में बह गया और उसकी मौत हो गई। इंडोनेशिया, पलाऊ और दक्षिणी जापान के तटों पर भी छोटी लहरें पहुंचीं, जिसके बाद सुनामी चेतावनी वापस ले ली गई। जनरल सैंटोस के निकट सात तैराक भी भूकंप के तुरंत बाद तेज समुद्री धाराओं में बह गए। इनमें तीन को तटरक्षक बल ने बचा लिया, एक तैरकर किनारे पहुंच गया, एक की मौत हो गई और दो अब भी लापता हैं। शक्तिशाली भूकंप के चलते फिलीपीन में कम से कम 630 लोग घायल हुए हैं।

## होर्मुज सभी जहाजों के लिए बंद हैं', बढ़ते तनाव के बीच ईरानी सेना का बड़ा एलान

**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य को सभी जहाजों के लिए बंद करने का एलान किया है। ईरान ने चेतावनी दी है कि इस मार्ग से गुजरने की कोशिश करने वाले किसी भी जहाज को निशाना बनाया जा सकता है। आईआरजीसी ने अपने बयान में कहा कि क्षेत्र में बढ़ती असुरक्षा और अमेरिका के नए सैन्य हमलों के बाद यह फैसला लिया गया है। आदेश के अनुसार तेल टैंकरों, मालवाहक जहाजों और अन्य सभी प्रकार के समुद्री जहाजों की आवाजाही तत्काल प्रभाव से रोक दी गई है। ईरानी मीडिया के मुताबिक होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक बलों और आईआरजीसी की नौसेना के बीच भारी तनाव और गोलीबारी की घटनाएं सामने आई हैं। आईआरजीसी नौसेना का दावा है कि उसने दो ऐसे जहाजों को निशाना बनाया जो उसकी अनुमति के बिना जलडमरूमध्य से गुजरने का प्रयास कर रहे थे। इस बीच अमेरिका ने ईरान के कई तटीय इलाकों पर नए हमले शुरू किए हैं। रिपोर्टों के अनुसार बंदर अब्बास, सीरिक, किश्म द्वीप और हेंगाम द्वीप समेत कई स्थानों को निशाना बनाया गया है। इन हमलों के बाद दक्षिणी ईरान के कई इलाकों में विस्फोटों की खबरें आई हैं। मिनाब काउंटी के करगान क्षेत्र में अमेरिकी हमले के बाद दो स्थानीय निवासी घायल होने की भी सूचना है। उधर अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पुष्टि की है कि उसकी सेना ने ईरान में कई ठिकानों पर अतिरिक्त 'आत्मरक्षा संबंधी' हमले शुरू किए हैं। अमेरिकी सेना का कहना है कि यह कार्रवाई ईरान की लगातार आक्रामक गतिविधियों के जवाब में की जा रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। दुनिया के बड़े हिस्से का तेल और गैस इसी समुद्री मार्ग से होकर गुजरता है।

## ट्रंप को मोदी से माफी मांगनी चाहिए: अमेरिकी गायिका मिलबेन ने भारत-यूएस रिश्तों को मजबूत करने की अपील की

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी गायिका और अभिनेत्री मेरी मिलबेन ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत-अमेरिका संबंध कमजोर पड़ गया है। ऐसा राष्ट्रपति ट्रंप के सलाहकारों की गलत सलाह की वजह से हुआ है। मिलबेन ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक माफी उधार है और ट्रंप को जी-7 शिखर बैठक के दौरान माफी मांगनी चाहिए।

मिलबेन ने कहा, ट्रंप को फ्रांस में होने वाले इस शिखर सम्मेलन का इस्तेमाल पीएम मोदी के साथ रिश्ते सुधारने के लिए करना चाहिए। मिलबेन, भारत-अमेरिका के मजबूत रिश्तों की मुखर समर्थक हैं और उन्होंने दोनों देशों के मौजूदा संबंधें पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, हमने निश्चित रूप से राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच राष्ट्रपति के पहले कार्यकाल के दौरान बहुत अपनापन देखा। निश्चित रूप से, जब 2019 में प्रधानमंत्री हाउडी मोदी रैली के लिए ह्यूस्टन आए थे, तो हमने दोनों नेताओं के बीच जो अपनापन देखा, वह बहुत असली था और मेरा मानना है कि वह रिश्ता असली है। लेकिन मौजूदा प्रशासन के दौरान यह तालमेल कुछ कमजोर पड़ा है।



अमेरिकी गायिका ने कहा, मौजूदा अमेरिकी प्रशासन को भारत के साथ साझेदारी के रणनीतिक महत्व के बारे में गलत सलाह दी गई है। भारतीय विपक्ष की आलोचनाओं का जवाब देते हुए, मिलबेन ने हाल ही में यह भी कहा था कि मोदी को ट्रम्प की हर टिप्पणी का जवाब देने की जरूरत नहीं है, बल्कि उन्हें भारतीयों के हित में काम जारी रखना चाहिए। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और मजीद ब्रिगेड को आतंकी संगठन घोषित करने के पाकिस्तान व चीन के साझा प्रयास को नाकाम कर दिया। पाकिस्तान व चीन ने पिछले साल सितंबर में सुरक्षा परिषद में बीएलए तथा मजीद ब्रिगेड को परिषद की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति के तहत प्रतिबंधित करने के लिए संयुक्त प्रस्ताव रखा था। बताया जाता है कि अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन ने इस महीने इस कोशिश पर लगाम लगा दी। ये तीनों देश सुरक्षा परिषद में वीटो अधिकार रखने वाले स्थायी सदस्य हैं। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि इफ्तिखार अहमद ने कहा था कि आईएसआईएल-के, अलकायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, बीएलए और मजीद ब्रिगेड जैसे आतंकी संगठन अफगानिस्तान में मौजूद पनाहगाहों से गतिविधियां चलाते हैं। अफगानिस्तान स्थित 60 से ज्यादा ऐसे आतंकी शिविर सीमापार से घुसपैठ और हमले कराने के लिए काम कर रहे हैं।

# जिला समन्वय समिति की बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

## सामाजिक सुरक्षा, मनरेगा,आंगनबाड़ी निर्माण एवं एसआईआर अभियान को लेकर दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, डीपीएलआर पूर्णिमा कुमारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, वन पदाधिकारी संदीप शिंदे सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), अंचल अधिकारी (सीओ) एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के सत्यापन में पारदर्शिता बरतने का निर्देश**

बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं एवं झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के सत्यापन कार्य की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन लाभुकों का सत्यापन पूर्ण हो चुका है, उन्हें अविलंब राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी लाभुक का नाम योजना से विलोपित करने से पूर्व निर्धारित प्रक्रिया का पूर्णतः पालन किया जाए। इसके तहत सत्यापन शिविर आयोजित कर मामले की सुनवाई, नोटिस तामिला, अभिलेखों की जांच तथा संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं मुखिया के सत्यापन के उपरांत ही विलोपन की कार्रवाई की जाए। आवश्यकता पड़ने पर आम सूचना भी प्रकाशित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी पात्र लाभुक को सत्यापन प्रक्रिया के कारण अनावश्यक आर्थिक नुकसान नहीं होना चाहिए। यदि कोई लाभुक जीवित एवं पात्र पाया जाता है तो उसका भुगतान तत्काल बहाल किया जाए।

**साइबर सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश**

हाल के दिनों में कुछ यूजर आईडी हैक होने तथा अनधिकृत निकासी की घटनाओं को देखते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को साइबर सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यूजर आईडी एवं पासवर्ड का नियमित सत्यापन एवं आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जाए। भुगतान संबंधी कार्य केवल अधिकृत कंप्यूटर एवं कार्यालय के अधिकृत इंटरनेट नेटवर्क से ही किए जाएं। भुगतान प्रणाली से जुड़े कंप्यूटरों में अनावश्यक सॉफ्टवेयर या एप्लिकेशन इंस्टॉल नहीं किए जाएं तथा एंटीवायरस एवं अन्य सुरक्षा उपायों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही, यूजर आईडी, पासवर्ड एवं ओटीपी को पूरी तरह गोपनीय रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने का निर्देश दिया गया।

**1 जुलाई से लागू होगी जी-राम योजना, 30 जून तक लंबित कार्य पूर्ण करने का निर्देश**

बैठक में मनरेगा के स्थान आगामी 01 जुलाई से लागू होने वाली जी-राम-जी योजना की तैयारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि वर्तमान में संचालित योजनाओं एवं लंबित कार्यों को 30 जून तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने अबुआ आवास योजना, दीदी बाड़ी योजना एवं अन्य ऐसी योजनाओं की समीक्षा की जिनमें व्यय शून्य या अपेक्षाकृत कम रहा है। संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, मनरेगा की सभी लंबित देन दारियों की एमआईएस प्रविष्टि 30 जून तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

**डीएमएफटी योजनाओं को ग्रामसभा से पारित कराने का निर्देश**

शिक्षा विभाग द्वारा जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के माध्यम से शुरू की जाने वाली योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी बीडीओ एवं सीओ को आवश्यक जानकारी साझा करने तथा संबंधित प्रस्तावों को ग्रामसभा से पारित कराने की प्रक्रिया समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंडों में संचालित डीएमएफटी योजनाओं की नियमित निगरानी एवं प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा

**आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश**

बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का भौतिक सत्यापन (फिजिकल रिव्यू) किया जाए तथा निमार्णाधीन भवनों को अगले तीन माह के भीतर पूर्ण कराया जाए। जहां भूमि विवाद के कारण कार्य प्रभावित है, वहां संबंधित एजेंसियां एवं अंचल अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान करें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भूमि चिह्नित करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए संबंधित अंचल अधिकारी नियंत्रण पदाधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने सभी कार्यदायी एजेंसियों से गुणवत्तापूर्ण एवं आकर्षक आंगनबाड़ी भवन निर्माण सुनिश्चित करने को कहा।

**जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने की स्थिति की होगी नियमित समीक्षा**

बैठक में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह यह जानकारी उपलब्ध कराई जाए कि कितने जन्म एवं मृत्यु दर्ज हुए तथा कितने प्रमाण पत्र जारी किए गए। यह जानकारी जिला समन्वय समिति की बैठक में साझा की जाएगी। साथ ही सभी विभागों को निर्देश दिया गया कि योजनाओं की प्रगति से संबंधित आंकड़े एवं प्रतिवेदन प्रत्येक माह निर्धारित गूगल शीट में अद्यतन रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**एसआईआर अभियान एवं मतदाता सहायता केंद्रों की तैयारियों की समीक्षा**

बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी बीडीओ एवं सीओ को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत स्तर पर मतदाता सहायता केंद्र स्थापित करने, पंचायत केंद्रों में कलर प्रिंटिंग मशीन की स्थापना सुनिश्चित करने तथा एईआरओ एवं ईआरओ के कार्यों की निगरानी के लिए वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति संबंधी जारी निदेर्शों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूरे किए जाएं।

**जनगणना-2027 के तहत हाउस-टू-हाउस मैपिंग कार्य की समीक्षा**

बैठक में जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत चल रहे हाउस-टू-हाउस मैपिंग कार्य की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने प्रगति को संतोषजनक बताया, हालांकि शेष कार्यों को आज देर रात तक हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएं ताकि आगामी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हो।

# जिला प्रशासन व ओएनजीसी के सहयोग से 10 दिव्यांगों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाइकिल वितरित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय परिसर में जिला प्रशासन एवं ओएनजीसी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) मद के तहत 10 दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

**उदास चेहरों पर मुस्कान लाना ही सबसे बड़ी उपलब्धि : उपायुक्त**

इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य केवल प्रशासनिक कार्यों का निष्पादन करना नहीं है, बल्कि जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना भी है। उन्होंने कहा कि जो लोग कठिन परिस्थितियों से गुजर रहे हैं, यदि उनके चेहरे पर थोड़ी देर के लिए भी मुस्कान लाई जा सके तो यह प्रशासन की बड़ी सफलता होगी। उन्होंने इसे सामाजिक जिम्मेदारी एवं समाज को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

**अतिरिक्त संसाधनों का उपयोग जनसेवा में हो : डीसी**

उपायुक्त ने कहा कि जिन लोगों के पास अपनी आवश्यकताओं से अधिक संसाधन उपलब्ध हैं, उन्हें अपनी जरूरतों को सीमित एवं नियंत्रित रखते हुए अतिरिक्त संसाधनों का उपयोग समाजहित के कार्यों में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। मानवीय संवेदनाओं के साथ लोगों के दर्द को समझना और उसे दूर करने का प्रयास करना हम सभी का दायित्व है।

**दिव्यांगों के जीवन को सुगम बनाना प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त**

**लोक संवाद में उठी मांग पर हुई पहल**

उपायुक्त ने बताया कि समाहरणालय में प्रति सप्ताह आयोजित होने वाले "लोकसंवाद" कार्यक्रम में दिव्यांगजनों द्वारा बैटरी चालित ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने की मांग लगातार रखी जा रही थी। मांग की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने सीएसआर के माध्यम से पहल करते हुए बैट्री चलित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई, जिससे दिव्यांगजन अपनी दैनिक गतिविधियों को अधिक सुगमता के साथ संचालित कर सकेंगे।

**लाभुकों ने जताया आभार**

ट्राई साइकिल प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों ने जिला प्रशासन एवं ओएनजीसी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की। उपायुक्त ने लाभुकों से संवाद कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर पूर्णिमा कुमारी, अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी (चास) प्रांजल ढांडा, सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, ओएनजीसी के एसेट मैनेजर राजीव सिन्हा, सीएसआर हेड डॉली कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने किया थाना का निरीक्षण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक, बोकारो नाथू सिंह मीणा ने बी.एस. सिटी थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने थाना के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ लंबित कांडों की समीक्षा की तथा गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करते हुए कांडों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया। इसके अतिरिक्त, पुलिस अधीक्षक द्वारा सी सी टी एन एस प्रणाली में कांडों एवं अभिलेखों का समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत अद्यतन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही थाना क्षेत्र में नियमित एवं प्रभावी पैट्रोलिंग करने, अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना के अभिलेखों, मालखाना, हाजत अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जनता के साथ संवेदनशील एवं पेशेवर व्यवहार बनाए रखने तथा पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्रेरित किया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक, नगर, पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी, बी.एस सिटी तथा थाना के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एपीपी नवीन कुमार के मकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल स्थित पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत पेटरवार थाना के समीप तेनुघाट कोर्ट में कार्यरत एपीपी नवीन कुमार के मकान में गुरुवार सुबह शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। घटना सुबह लगभग चार बजे की बताई जा रही है। नवीन कुमार ने बताया कि घटना के समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान मकान के ग्राउंड फ्लोर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने नीचे रखी लकड़ियों एवं अन्य सामानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे आग ने भयावह रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से उनकी होंडा शाइन मोटरसाइकिल को भी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही राहगीरों एवं आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। लोगों की सूझबूझ और सामूहिक प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। इस घटना में घर के सामानों को नुकसान पहुंचा है, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

### बबीता हेम्ब्रम को मिलेगा बिस्मिलाह खां युवा पुरस्कार



**चंदनकियारी (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड राज्य तथा जनजाति समाज के लिए गर्व का विषय है कि बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड अंतर्गत संथाल लाघला ग्राम की प्रतिभाशाली लोक कलाकार बबीता हेम्ब्रम को संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से सम्मानित किए जाने हेतु चयनित किया गया है। बबीता हेम्ब्रम ने संथाली लोकनृत्य एवं लोकसंगीत के संरक्षण, संवर्धन तथा प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान दिया है। अपनी प्रतिभा, समर्पण और निरंतर साधना के माध्यम से उन्होंने न केवल झारखंड बल्कि पूरे आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के कलाकारों, सांस्कृतिक प्रेमियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों में हर्ष का वातावरण है। यह सम्मान संथाली लोककला एवं संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान प्रदान करेगा तथा युवा कलाकारों को अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु प्रेरित करेगा। चंदनकियारी का यह दूसरा राष्ट्रीय पुरस्कार है। इसके पूर्व खेदाबेडा, चंदनकियारी के छऊ कलाकार परीक्षित महतो को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिल चुका है। छऊ केंद्र, चंदनकियारी के समन्वयक डॉ. संजय ने बबीता हेम्ब्रम की प्रतिभा एवं सांस्कृतिक योगदान को देखते हुए उनके नाम की अनुशंसा की थी। उनके चयन पर डॉ. संजय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे झारखंड, विशेषकर संथाल समुदाय के लिए गौरव का विषय है। बबीता हेम्ब्रम की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सांस्कृतिक संस्थाओं, कलाकारों एवं आम नागरिकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### सार्वजनिक हरि मंदिर में अखंड हरि कीर्तन का शुभारंभ



**बकसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के खैराचातर सार्वजनिक हरि मंदिर मेन रोड में गुरुवार से 48 घंटे के अखंड हरि कीर्तन का भव्य शुभारंभ हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया है और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पूजा समिति के पदाधिकारी महेंद्र कुमार जायसवाल और अमरेश जायसवाल ने बताया कि आयोजन के पहले दिन प्रातः काल में शिव मंदिर से लेकर हरि मंदिर तक एक भव्य धर्म यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भक्तजन शामिल हुए। तत्पश्चात, विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद हरि कीर्तन का प्रारंभ किया गया। इस समागम में अपनी कला और भक्ति का प्रदर्शन करने के लिए दूर-दूर से प्रसिद्ध कीर्तन मंडलियाँ पहुँची हैं। समिति के अनुसारः पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिला (झालदा थाना क्षेत्र) से जालावगिरि, मटियारा, होरोटांग और काशीडीह की मंडलियाँ शामिल हैं। स्थानीय स्तर पर कसमार के मुरहुलसुदी की कीर्तन मंडली भी अपनी प्रस्तुति दे रही है। 12 जून की रात्रि को बांकुड़ा की सुप्रसिद्ध पाला गीत टीम द्वारा विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

# उप विकास आयुक्त ने सड़क परियोजनाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत स्वीकृत और प्रगतिशील सड़क परियोजनाओं की समीक्षा के लिए आज बैठक आयोजित की। बैठक में जिला विकास शाखा के प्रभारी पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी और पथ निर्माण विभाग (पथ प्रमंडल, धनबाद) के कार्यपालक अभियंता मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान उन्होंने जिले में चल रही विभिन्न स्वीकृत और प्रगतिशील पथ परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई कि भू-अर्जन की प्रक्रियाओं में हो रहे विलंब के कारण कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भू-अर्जन से जुड़ी सभी बाधाओं को आपसी समन्वय के साथ जल्द से जल्द दूर करने का निर्देश दिया। कहा इससे विकास कार्यों को गति दी जा सकेगी और योजनाएं समय पर पूरी हो सकेगी। साथ में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन परियोजनाओं की नियमित निगरानी करें ताकि आम जनता को जल्द से जल्द इन सड़कों का लाभ मिल सके।

# नाली और रास्ते को लेकर दो पड़ोसियों के बीच खूनी संघर्ष, आधा दर्जन जख्मी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर-1बी स्थित धोबी लाइन, अंबेडकर नगर में नाली और रास्ते के विवाद को लेकर दो पड़ोसियों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे तथा धारदार हथियार चले। इस घटना में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिनका इलाज बोकारो सदर अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना सेक्टर-1बी के धोबी लाइन अंबेडकर नगर की है, जहां नाली और रास्ते को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद बुधवार को खूनी संघर्ष में बदल गया। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जिसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे और धारदार भुजली का इस्तेमाल होने लगा। संघर्ष में कई लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। एक पक्ष का आरोप है कि मोहल्ले में टूटी हुई नाली का निर्माण सभी लोगों के सहयोग से कराया गया था। निर्माण के बाद कुछ लोग जबरन नाली के ऊपर से वाहन लेकर गुजर रहे थे। इसका विरोध करने पर विवाद शुरू हुआ और बाद में मारपीट की घटना हो गई। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि रास्ते में खटिया लगाकर बैठने का विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। उनका आरोप है कि विवाद के दौरान उन पर हमला किया गया, जिससे कई लोग घायल हो गए। घटना में घायल हुए अन्य लोगों का भी सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। चिकित्सकों की निगरानी में सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है। मारपीट के बाद इलाके में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई थी। सूचना मिलने पर बीएसटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर पूरे मामले की जांच कर रही है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

# दो कारों की टक्कर में तीन लोग घायल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिटी थाना क्षेत्र में देर रात एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लेक रोड स्थित सिटी पार्क के पास दो कारों की जोरदार टक्कर में एक वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायलों को तत्काल इलाज के लिए बीजीएच में भर्ती कराया गया है। सिटी थाना क्षेत्र के लेक रोड पर एक आर्टिका और सेवरले कार के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि आर्टिका कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। इस दुर्घटना में सेक्टर-3 निवासी एवं बीएसएल कर्मी मनोज कुमार सिंह सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

# दूंदीबाद फल मंडी में भीषण आग, लाखों का नुकसान





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के सिटी थाना क्षेत्र के दूंदीबाद बाजार स्थित फल मंडी में बुधवार की रात भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में तीन फल दुकानें और पीछे बनी झोपड़ीनुमा संरचना आ गई। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना रात करीब 11:30 बजे की है। आग लगने की सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इसके बाद बीएसएल की दो और झारखंड सरकार की एक फायर ब्रिगेड वाहन मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आसपास की दुकानों को आग की चपेट में आने से बचाया। आग में कई क्विंटल फल, कैरेट और अन्य सामान जलकर राख हो गए। दुकानदारों का कहना है कि उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। फल व्यवसायी निवारण महतो ने बताया कि उन्होंने हाल ही में करीब छह लाख रुपये मूल्य का एक ट्रक आम मंगवाया था, जो आग में पूरी तरह जल गया। इसके अलावा पहले से रखा गया फल और अन्य सामग्री भी नष्ट हो गई। वहीं फायर ब्रिगेड कर्मियों के अनुसार स्थानीय लोगों ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है। बताया जा रहा है कि इलाके में कुछ लोग अवैध बिजली कनेक्शन का उपयोग करते हैं, जिससे शॉर्ट सर्किट होने की संभावना बनी रहती है। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल प्रशासन आग से हुए नुकसान का आकलन करने में जुटा है। शुरूआती अनुमान के अनुसार लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं मिली है।

# एनजीटी की रोक के बाद भी जारी है बालू का अवैध खनन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानसून को देखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी ने 10 जून से नदियों से बालू उठाव पर देशभर में रोक लगा दी है। इसके बावजूद धनबाद में अवैध बालू खनन का कारोबार बेखौफ जारी है। गुरुवार को तड़के खनन विभाग की टीम ने सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बिना वैध परमिट के बालू लदे दो वाहनों को जब्त किया गया, जबकि तेलमच्चो घाट पर अवैध खनन करते मिले धंधेबाज टीम को देखकर फरार हो गए। खनन विभाग की टीम माइनिंग इंस्पेक्टर श्यामानंद सिंह और ब्रह्मदेव यादव के नेतृत्व में सुबह निरीक्षण पर निकली। सबसे पहले बरटांड़ बस स्टैंड के समीप धैया रोड पर बालू लदे दो 407 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान दोनों वाहनों के चालकों द्वारा बालू परिवहन से संबंधित कोई वैध परमिट प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद जेएच-10 एटी-8754 और जेएच-10 बीजे-7449 नंबर के दोनों वाहनों को जब्त कर धनबाद थाना के सुपुर्द कर दिया गया। जब्त वाहनों से करीब 400 सीएफटी बालू बरामद किया गया। इसके बाद टीम तेलमच्चो बालू घाट पहुंची, जहां प्रतिबंध के बावजूद दामोदर नदी से ट्रैक्टरों के माध्यम से बालू निकाला और लोड किया जा रहा था।

# ब्रह्मर्षि परिवार ने नरेंद्र कुमार को दी श्रद्धांजलि, उनके कार्यों को किया याद



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ब्रह्मर्षि परिवार, बोकारो के तत्वावधान में डॉ. श्रीकृष्ण सिंह प्रतिमा स्थल, बोकारो जनरल अस्पताल के समीप स्वर्गीय नरेंद्र कुमार की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण किया। ज्ञात हो कि स्व. नरेंद्र कुमार का असामयिक निधन 6 जून 2026 को उनके पैतृक गांव फुलेलपुर, बाढ़ (बिहार) में हो गया था। उनके निधन से ब्रह्मर्षि परिवार एवं समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। वे बोकारो इस्पात संयंत्र में अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त थे तथा सेक्टर-6 बोकारो के निवासी थे। वे सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सदैव सक्रिय रहते थे तथा बोकारो ऑफिसर्स रिटायर्ड इम्प्लॉयज एसोसिएशन के सचिव के रूप में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे थे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्व. नरेंद्र कुमार एक सरल, सौम्य, कर्मठ एवं समाजनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा, संगठन निर्माण तथा सामाजिक एकता को समर्पित किया। उनका निधन समाज के लिए एक ऐसी क्षति है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई तथा शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। इस अवसर पर बैजनाथ प्रसाद शर्मा, कमलेश राय, हरिश्चंद्र प्रसाद वरणवाल, नग नारायण प्रसाद शाही, डॉ. नरेंद्र कुमार राय, सुधीर कुमार, प्रमोद सिंह, सुरेश राय, ब्रजकिशोर सिंह एवं सुशील कुमार ठाकुर दीपक कुमार मिश्रा सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्व. नरेंद्र कुमार के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभा में विनय कुमार राय, पीयूष राय, मनोरंजन कुमार शर्मा, अनुरंजन कुमार शर्मा, डी.पी. राय, सुरेंद्र कुमार, श्याम मनोहर सिंह, उमाशंकर सिंह, नवल प्रसाद सिंह, अभय कुमार, सुबोध कुमार सिंह, सूचित प्रसाद, अजय कुमार, मदन प्रसाद सिंह, राजेश रंजन, मिथिलेश कुमार पांडे, सर्वेश कुमार चौधरी, कृष्ण मुरारी, सुनील कुमार राय, राकेश कुमार सिंह, मनोरंजन प्रसाद सिंह, दीपक कुमार मिश्रा, शैलेंद्र कुमार, संजय कुमार, रघुनंदन दास, रामकृष्ण कुमार, अनिल कुमार, सियाराम शर्मा, कौशल किशोर सिंह, प्रमोद कुमार, मधुसूदन राय, अजय कुमार चौधरी, दीनदयाल शर्मा, प्रभात कुमार, पंकज कुमार सिंह, राघव कुमार ठाकुर, राजीव रंजन प्रसाद, एस.एन. शर्मा, आर्य शर्मा, सहदेव कुमार, रोशन कुमार गौतम, रविकांत राय, कृष्णा राय, विकास कुमार, ओंकार, अरविंद कुमार, राम कुमार सिंह, वाल्मीकि शर्मा, हरिओम कुमार, टी.पी. राय तथा देवनारायण सुधांशु सहित बड़ी संख्या में ब्रह्मर्षि परिवार के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बीएसएल में 'लाइन ऑफ फायर प्रबंधन' विषय पर संवाद आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यस्थल सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अधिशासी निदेशक (संकार्य) के सभागार में संयंत्र के विभिन्न विभागों के सुरक्षा अधिकारियों के साथ "लाइन ऑफ फायर प्रबंधन" विषय पर एक महत्वपूर्ण सुरक्षा संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यस्थल पर संभावित जोखिमों की पहचान, दुर्घटना निवारण उपायों तथा सुरक्षित कार्य प्रणालियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण के माध्यम से 'लाइन ऑफ फायर' की अवधारणा, इससे जुड़े संभावित जोखिमों, नियंत्रण उपायों तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों की जानकारी साझा की गई। सत्र में उदाहरणों और व्यावहारिक परिस्थितियों के माध्यम से कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में 'लाइन ऑफ फायर प्रबंधन' के महत्व को रेखांकित किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com